माता के सान्निध्य में ही मनुष्य ज्ञानवान एवं संस्कारवान बनता है। यह अपने स्नेह से हाड़-मांस के छोटे से पुतले में विराट व्यक्तित्व का आधान करती है। मां ही दुनिया का एकमात्र व्यक्तित्व है, जो अपनी संतान को पूरी दुनिया से नौ महीने अधिक जानती है। मां हर एक रिश्ते की प्रतिपूर्ति कर देती है, पर मां की प्रतिपूर्ति कोई नहीं कर सकता। निःस्वार्थ सेवा का प्रतिबिंब करुणा से भरी एक ऐसी भाषा मां है जिसे बहरे भी सुन सकते हैं और नेत्रहीन भी देख सकते हैं। संसार के सभी संबंध स्वार्थ, लोभ और अपेक्षाओं पर आधारित हैं। अपनी संतान से मां का रिश्ता स्वार्थहीन है जिसमें केवल अपनी संतान का मंगल एवं हित ही निहित है। संतान चाहे कितनी भी बड़ी क्यों नहीं हो जाए और मां चाहे कितनी भी वृद्ध क्यों नहीं हो जाए, पर यह संबंध सदैव पुनीत ही रहता है।

मां की सेवा में ही समस्त तीर्थों की यात्रा का फल समावेशित है। इसलिए मां को देवता की संज्ञा देते हुए कहा गया है कि मातृ देवो भव। मां के त्याग, समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने में ही मानव जीवन की सार्थकता है।

आचार्य दीप चंद भारद्वाज

# पृथ्वी के निकट क्षुद्रग्रहों की निगरानी

मुकुल व्यास

**पृथ्वी की निकटवर्ती कक्षाओं में विचरने वाले क्षुद्रग्रहों का सही-सही पता लगाना जरूरी हैं, क्योंकि ये खतरनाक हो सकते हैं**

पृथ्वी की निकटवर्ती कक्षाओं में विचरने वाले क्षुद्रग्रहों का सही-सही पता लगाना जरूरी है, क्योंकि इनमें से कोई भी पिंड हमारे ग्रह के लिए खतरनाक हो सकता है। पृथ्वी से टकराने पर ये बड़ा विध्वंस कर सकते हैं। नासा एक नई पीढ़ी के टेलीस्कोप का परीक्षण कर रहा है, जो खगोलविदों को ऐसे क्षुद्रग्रहों का पता लगाने में मदद कर सकता है। नियर अर्थ आब्जेक्ट सर्वेयर अथवा नियो सर्वेयर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का पहला इंफ्रारेड स्पेस टेलीस्कोप है, जिसे विशेष रूप से इनकी तलाश के लिए डिजाइन किया गया है। खगोलविदों को 'शहर-तबाह करने वाले' क्षुद्रग्रहों में से आधे से भी कम का पता चल पाया है। अगर यह नया टेलीस्कोप न हो तो उन सभी का पता लगाने में 30 साल और लग जाएंगे। चूंकि क्षुद्रग्रह बहुत छोटे और गहरे रंग के होते हैं, इसलिए जमीन पर तैनात टेलीस्कोप को पृथ्वी के करीब मौजूद चीजों का जल्दी पता लगाने में मुश्किल होती है। अंतरिक्ष में एक छोटा टेलीस्कोप स्थापित करने से यह समस्या हल हो हो सकती है। अनुमान है कि नियो सर्वेयर 10 साल के भीतर पिछले 50 वर्षों में खोजे गए क्षुद्रग्रहों से भी ज्यादा क्षुद्रग्रहों का पता लगा लेगा। 1.6 अरब डालर की लागत वाले इस टेलीस्कोप को अगले वर्ष प्रक्षेपित करने की योजना है। यह पृथ्वी से लगभग 16 लाख किलोमीटर दूर, पृथ्वी और अंतरिक्ष के बीच एक निश्चित बिंदु पर जाकर स्थापित होगा और कम से कम पांच साल तक काम करेगा।

नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप की तरह ही नियो सर्वेयर भी वस्तुओं का पता उनकी ऊष्मा के आधार पर लगाएगा, लेकिन आकाशगंगाओं के विपरीत इन वस्तुओं से निकलने वाली ऊष्मा का स्रोत सूरज होता है। पृथ्वी के करीब आने वाले क्षुद्रग्रह और धूमकेतु सूरज की गर्मी से गर्म होते हैं, और वे जो ऊष्मा छोड़ते हैं, उसे नियो सर्वेयर मिशन पकड़ने में सक्षम होगा। यहां तक कि कोयले के टुकड़े जितने गहरे रंग वाले क्षुद्रग्रह भी टेलीस्कोप की इंफ्रारेड आंखों से छिप नहीं पाएंगे।

सर्वेयर का पिछला मिशन, नियोवाइज भी इंफ्रारेड क्षमताओं से लैस था, लेकिन इसे शुरू में क्षुद्रग्रह और धूमकेतु खोजने के लिए डिजाइन नहीं किया गया था। इस टेलीस्कोप ने 34,000 से ज्यादा अज्ञात क्षुद्रग्रहों और पृथ्वी के करीब मौजूद 3,000 से ज्यादा आब्जेक्ट्स का पता लगाया। इसका मिशन 2024 में खत्म हो गया था। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, खगोलविदों ने पृथ्वी के करीब मौजूद 40,000 से ज्यादा क्षुद्रग्रहों का पता लगा लिया है। एक दशक के भीतर 137 मीटर व्यास वाले ऐसे 90 प्रतिशत क्षुद्रग्रह खोजे जा चुके हैं। मेंजर के अनुसार लगभग 25,000 पिंड इतने बड़े हैं कि वे दक्षिणी कैलिफोर्निया जैसे किसी इलाके को पूरी तरह तबाह कर सकते हैं। 137 मीटर से ज्यादा व्यास वाले पिंड किसी भी इलाके में भारी तबाही मचा सकते हैं। नए मिशन का लक्ष्य ऐसे क्षुद्रग्रहों को खोजना है।

(लेखक विज्ञान के जानकार हैं)

## राजरंग

### परख की कमी

किसी भी स्तर पर नेतृत्व के लिए जरूरी गुणों में से एक है-जौहरी की आंख होना। यानी व्यक्ति और समय की सही पहचान करना। यदि यह गुण न हो तो बार-बार पछताना तय है। राजनीति में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की कहानी काफी सुनी जा चुकी है। बताया जाता है कि वह तत्कालीन मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के रुख से परेशान होकर अपनी गुहार लेकर राहुल गांधी के पास पहुंचे थे, लेकिन उनकी बात सुनी ही नहीं गई। वहां से निकलने के बाद उन्होंने भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के घर फोन किया। तुरंत जवाब आया और हिमंत भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने जमकर काम किया और यह सुनिश्चित किया कि कांग्रेस राज्य में लगातार पराजित हो। अब तमिलनाडु में आंधी बनकर उभरे टीवीके नेता विजय की कहानी सामने आई है। बताया जा रहा है कि वह भी 2009 में कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे, लेकिन राहुल गांधी ने उन्हें पहले खुद को साबित करने और छात्र राजनीति के जरिये आगे आने की सलाह दी। जबकि तब तक विजय सिनेमा में बेहद लोकप्रिय हो चुके थे। राज्य में उनके प्रशंसकों की संख्या करोड़ों में थी। प्रदेश कांग्रेस के नेता भी चाहते थे कि विजय की पार्टी में एंट्री हो, लेकिन तब या तो राहुल द्रमक के दबाव में थे या फिर तमिलनाडु की राजनीति को ठीक से समझ नहीं पाए। वह यह भी नहीं देख सके कि वहां सिनेमा सितारों के पीछे जनता किस तरह उमड़ती है। नतीजा यह हुआ कि उन्होंने विजय जैसे हीरे को कोयला समझ लिया। अब स्थिति यह है कि राज्य में कांग्रेस विजय के पीछे खड़ी नजर आ रही है और वह भी अपने पुराने सहयोगी द्रमुक की आलोचना झेलकर।



### चुनाव प्रबंधन

अच्छे दिनों के बाद कभी-कभी बुरे दिन भी आते हैं। एक समय था, जब चुनाव प्रबंधन के नाम पर पीआर कंपनियों की खूब चलती थी। राजनीतिक दल इनसे मोटी रकम पर करार करते थे। चुनाव नतीजे पक्ष में आएं या नहीं, कंपनियों की कमाई करोड़ों में होती थी। अब तस्वीर बदलती दिखाई दे रही है। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के लिए काम करते हुए आइपैक का जो हश्र हुआ, उससे सबक लेते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने भी उससे अपना करार खत्म कर दिया। आइपैक के संस्थापक प्रशांत किशोर अपने चुनावी प्रबंधन कौशल के दम पर प्रधानमंत्री से लेकर कई मुख्यमंत्रियों को जिताने का दावा करते रहे हैं, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव में झटका लगने के बाद से आइपैक का ग्राफ लगातार नीचे आता दिख रहा है। बंगाल में ममता बनर्जी ने भी आइपैक से करार किया था, लेकिन अपेक्षित नतीजे नहीं मिले। इसके बाद अखिलेश यादव भी सतर्क हो गए। उन्हें लगा होगा कि कहीं उनका हाल भी ममता जैसा न हो जाए। दरअसल चुनाव प्रबंधन की सफलता केवल रणनीति पर निर्भर नहीं होती। इसके पीछे राज्य का माहौल, सामाजिक समीकरण और जनता का रुझान भी अहम भूमिका निभाते हैं। पीआर कंपनियां अक्सर उन्हीं दलों के साथ जुड़ती हैं, जिनके पक्ष में पहले से माहौल बना होता है। इससे उन्हें नाम और दाम, दोनों मिल जाते हैं। मगर लगातार खराब नतीजों के बाद अब राजनीतिक दल भी सतर्क होने लगे हैं।

### चुनावी मुड़ी

आजकल हर चुनाव के साथ कुछ पकवान और खाने-पीने की चीजें भी खास तौर पर चर्चा में आने लगी हैं। पिछले साल हरियाणा चुनाव के बाद जलेबी खूब प्रचलित हुई थी। भाजपा की जीत के बाद जगह-जगह जलेबी बांटी गई। हालात ऐसे हो गए कि राजनीति में जलेबी का नाम लेते ही उसका संबंध हरियाणा से जोड़ा जाने लगा। पश्चिम बंगाल के नतीजों के बाद झालमुड़ी केवल भाजपा कार्यालय में ही नहीं, बल्कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ब्रीफिंग के बाद भी बांटी गई। रेल मंत्रालय में तो यह वर्षों से कुछ अलग स्वरूप में मिलती रही है। इस बीच सबकी नजरें असम पर थीं कि वहां क्या होने वाला है। क्या वहां पेड़ा बांटा जाएगा? हालांकि ऐसा कुछ नहीं हुआ।

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे।हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

## बिरला कारपोरेशन को 294.8 करोड़ रुपये का लाभ

**नई दिल्ली** : एमपी बिरला समूह की कंपनी बिरला कारपोरेशन लिमिटेड ने शनिवार को बताया कि जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 294.77 करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 256.6 करोड़ रुपये से ज्यादा है। बीती तिमाही के दौरान कंपनी का संचालन राजस्व मामूली बढ़कर 2,836 करोड़ रुपये रहा है, जो जनवरी-मार्च 2025 में 2,814.91 करोड़ रुपये था। (प्रेट्र)

पांच हजार करोड़ रुपये की क्रेडिट गारंटी स्कीम के जरिये सरकार ने सेवा क्षेत्र के सबसे अहम स्तंभों में से एक विमानन क्षेत्र के प्रति मजबूत नीतिगत प्रतिक्रिया दिखाई है।
– राजीव जुनेजा, प्रेसिडेंट, पीएचडीसीसीआइ



# 10 सेक्टरों में 45 अरब डालर निवेश के अवसर

## डीपीआइआइटी के अधीन इन्वेस्ट इंडिया ने कहा, दुनिया के कई देश इन क्षेत्रों में निवेश करने के इच्छुक

- इन्वेस्ट इंडिया के प्रयासों से पिछले वर्ष भारत को 6.1 अरब डालर का निवेश मिला
- बेहतर इन्फ्रा वाले गुजरात में सबसे अधिक 263 करोड़ डालर का निवेश हुआ



**20** लाख डालर का निवेश मिला कारोबारी इकोसिस्टम में पिछड़े बिहार को

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) के अधीन काम करने वाली एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया मुताबिक, दुनिया के दस देश भारत में सबसे अधिक निवेश करने के इच्छुक है। यह देश इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्यूफैक्चरिंग (ईएसडीएम), ऊर्जा, फार्मा, इलेक्ट्रिक आटो, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, कैपिटल गुड्स, इन्फ्रा, केमिकल्स व क्रिटिकल मिनरल्स क्षेत्र में भारत में निवेश करना चाहते हैं। इन्वेस्ट इंडिया का अनुमान है कि इन सेक्टर में भारत में 45 अरब डालर के निवेश के अवसर है और इसको लेकर वह दुनियाभर के पांच हजार से अधिक निवेशकों के संपर्क में है।

इन्वेस्ट इंडिया का कहना है कि अमेरिका, जर्मनी, जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ताइवान, ब्रिटेन, फ्रांस और आस्ट्रेलिया जैसे देशों के निवेशक भारत में निवेश करने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

इन्वेस्ट इंडिया के प्रयासों से बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत को 6.1 अरब डालर का निवेश मिला है। इसमें से सबसे अधिक 263.80 करोड़ डालर का निवेश गुजरात में किया गया। गुजरात के बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर को इसके लिए प्रमुख कारण माना जा रहा है। इस दौरान महाराष्ट्र में 81 करोड़ डालर, उत्तर प्रदेश में 23.2 करोड़ डालर का निवेश किया गया। वहीं, कारोबारी इकोसिस्टम की कमी वाले बिहार में मात्र 20 लाख डालर का निवेश किया गया।

इन्वेस्ट इंडिया की सीईओ निवरुति राय के मुताबिक जिन राज्यों में कारोबार का इकोसिस्टम अच्छा है, वहां अधिक निवेश हो रहे हैं। उनका प्रयास है कि बिहार जैसे राज्य में भी निवेश लाया जाए ताकि एक संतुलित विकास हो।

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य निवेशकों को आकर्षित करने में अधिक सफल होते दिख रहे हैं। मध्य प्रदेश में पिछले वित्त वर्ष में 82 करोड़ डालर का निवेश किया गया। राजस्थान में 32.8 करोड़ डालर, तेलंगाना में 27.1 करोड़ डालर, हरियाणा में 17.6 करोड़ डालर, असम में 50 लाख डालर, दिल्ली में 8.9 करोड़ डालर, कर्नाटक में 11.6 करोड़ डालर तो सिक्किम में 2.7 करोड़ डालर निवेश किए गए।

### भारत से दुनियाभर के लिए उत्पाद बनाना चाहते हैं वैश्विक निवेशक

विशेषज्ञों का कहना है कि बिहार जैसे राज्य में निवेश कम होने की सबसे बड़ी वजह कारोबारी इकोसिस्टम की कमी है। विदेशी निवेशक सिर्फ भारत में ही अपने उत्पाद बेचने के लिए निवेश नहीं करते हैं। वे चाहते हैं कि भारत में बनाए जाने वाले उनके सामान दुनिया भर में बेचे जा सके। इस काम के लिए बंदरगाह और एयर कार्गो जैसे इन्फ्रा की बेहतरीन सुविधा होनी चाहिए, जो बिहार में नहीं है। बिहार जैसे राज्यों में मैन्यूफैक्चरिंग का पहले से कोई इकोसिस्टम नहीं है। किसी एक प्रमुख उत्पाद को बनाने में सैकड़ों आइटम की जरूरत है और निवेशक यह देखता है वे कि उनके उत्पाद से जुड़े छोटे-छोटे आइटम किन राज्यों में आसानी से उपलब्ध है। उदाहरण के लिए, गुजरात में चिप उत्पादन की सबसे अधिक फैक्ट्री लग रही हैं क्योंकि चिप निर्माण में केमिकल की काफी आवश्यकता है। गुजरात केमिकल मैन्यूफैक्चरिंग का हब पहले से है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## गोल्ड ईटीएफ में लगातार 11वें माह सकारात्मक निवेश

**नई दिल्ली, एएनआइ** : वैश्विक निवेशकों ने अप्रैल में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश करना शुरू कर दिया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने भारत में गोल्ड ईटीएफ में 29.7 करोड़ डालर का निवेश हुआ है। गोल्ड ईटीएफ में यह लगातार 11वां महीने सकारात्मक निवेश रहा है।

वैश्विक स्तर पर अप्रैल में गोल्ड ईटीएफ में 6.6 अरब डालर का निवेश हुआ है। इससे पहले मार्च में इससे भारी निकासी हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने सभी क्षेत्रों में गोल्ड ईटीएफ में सकारात्मक निवेश दर्ज किया गया। इसमें यूरोपीय फंड्स सबसे आगे रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ताजा निवेश के साथ अप्रैल में गोल्ड ईटीएफ का वैश्विक एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 615 अरब डालर पर पहुंच गया और इसमें मासिक आधार पर एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## खत्म हुआ ओमाहा का वो दौर

छह दशक में पहली बार बर्कशायर हैथवे की सालाना बैठक वारेन बफे की स्टेज पर मौजूदगी के बिना हुई। चार्ली मंगर का नवंबर 2023 में निधन हो गया था। बफे ने पिछले साल के अंत में सीईओ पद छोड़ दिया। हालिया बैठक में वे दर्शकों में बैठे थे और कभी-कभार फ्लोर से कोई बात कह देते थे। एक मौके पर उन्होंने खुद कहा कि अब यह उनका शो नहीं रहा। हर मायने में, यह अगली पीढ़ी को कमान सौंपने जैसा था।



धीरेंद्र कुमार, संपादक, हिंदी डाट वैल्यूरिसर्चआनलाइन डाट काम

**बोनस**

**ग्रेग एबेल,** जिन्होंने इस साल की शुरुआत में सीईओ की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अजीत जैन के साथ मिलकर बैठक का संचालन किया। सभी के मुताबिक, यह एक काबिल और कारोबारी अंदाज में हुई मीटिंग थी। एबेल ने बर्कशायर के विशाल साम्राज्य में आपरेशनल परफार्मेंस पर बात की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) पर चर्चा की और टेक्नोलाजी के जोखिम दिखाने के लिए बफे का एक डीपफेक वीडियो भी पेश किया। सब कुछ व्यवस्थित, प्रोफेशनल और पूरी तरह साधारण था। और होना भी यही चाहिए था।

एबेल और जैन ने समझदारी दिखाई और पुरानी चीजों को दोहराने की कोशिश नहीं की। दशकों तक बर्कशायर की बैठक असल में शेयरहोल्डर्स की मीटिंग थी ही नहीं। वह एक परफार्मेंस थी। एक मास्टरक्लास थी। एक सांस्कृतिक आयोजन था। बफे और मंगर घंटों स्टेज पर बैठे रहते। डेरिवेटिव्स से लेकर इंसानी फितरत तक हर सवाल का जवाब देते और ऐसी समझ बांटते। ऐसा लगता था कि जैसे इन्वेस्टिंग के दो सबसे तेज दिमागों से सीख मिल रही हो। बफे की कहानियां और मंगर के दो-टूक जुमले, दोनों का आपसी तालमेल बेमिसाल और बिना रिहर्सल का थिएटर था। कोई भी कारपोरेट इवेंट इसके आसपास भी नहीं था।

नई लीडरशिप ने, बुद्धिमानी से, टिम कुक बनने की कोशिश नहीं की, जो स्टीव जाब्स की जगह ले सके। एपल में कुक बेहद कामयाब रहे, लेकिन उन्होंने कभी स्टेज पर जाब्स बनने की कोशिश नहीं की। उन्हें पता था कि नकल करने से बस तुलना होती है और वो भी नुकसानदेह। समझदारी इसमें है कि असरदार बनो, मनोरंजक नहीं। एबेल ने भी यही समझा।

मेरे लिए निजी तौर पर, यह बदलाव देखना किसी ऐसी चीज के खत्म होने जैसा लगा, जिससे मैं अपनी लेखन-जिंदगी के बड़े हिस्से को सींचता रहा। मैं बर्कशायर का शेयरहोल्डर नहीं हूं और कभी था भी नहीं। दुनिया भर के उन ज्यादातर लोगों की तरह, जो पूरे साल ओमाहा की बैठक का इंतजार करते थे। वो वहां स्टाक की कीमत या कमाई के लिए नहीं जाते थे। वो वहां जाते थे उस समझ के लिए, उस हास्य के लिए और उस सामान्य समझ के लिए जो एक शरारती मुस्कान के साथ परोसी जाती थी। इन सालों में मैंने बफ़े और मंगर की बातों पर आधारित इतने कालम लिखे हैं कि उनके प्रति मेरे मन में गहरी कृतज्ञता है कि वे वैसे ही दिखते थे, जैसे थे।

वह दौर गया और मैं तो ऐसा ही मानता हूं। काफी हद तक। लेकिन, एक अफसोस जरूर है। इन वर्षों में मैं कोशिश करके सच में ओमाहा जा सकता था। हजारों लोगों के साथ घूम सकता था और उन उस्तादों को सामने से सुन सकता था। मुझे हमेशा लगा कि वक्त है। अब जब मौका चला गया, तो काश मैंने उसे भुनाया होता।

यहां एक छोटा-सा निवेश का सबक छुपा है, जिसे बफे खुद भी सराहते। जो चीज आपको जरूरी लगे, उस पर अभी काम करो। बाद में नहीं। चाहे एसआइपी शुरू करनी हो, पोर्टफोलियो रिबैलेंस करना हो, या नेब्रास्का में उस बैठक में जाना हो जो जिदगी की तालीम भी देती थी। ऐसे मौके हमेशा बने रहते।

## 2.57 लाख करोड़ के बकाया कर की वसूली को चलेगा अभियान



- अभियान के तहत देशभर में विशेष टीमें बनाई जाएंगी
- यह टीमें शीर्ष-10 हजार बकाया मामलों पर नजर रखेंगी

**नई दिल्ली, आइएएनएस** : केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान 2.57 लाख करोड़ रुपये की बकाया कर मांगों की वसूली के लिए अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। एनडीटीवी प्राफिट से बातचीत में कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत देशभर में विशेष टीमें बनाई जाएंगी, जो उच्च मूल्य वाले शीर्ष 10 हजार बकाया मामलों पर नजर रखेंगी।

अधिकारियों ने कहा कि वसूली के लिए टीमें बकायेदारों से जुड़ी संपत्तियों और सुरक्षित संपत्तियों का पता लगाने के लिए सीईआरएसएआइ के बंधक और संपत्ति डाटाबेस का भी उपयोग कर सकती हैं। बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सीबीडीटी ने 8.27 लाख करोड़ रुपये की विवादित कर मांगों से संबंधित 2.24 लाख अपीलों का निपटारा किया। अब लंबित अपीलें घटकर 4.95 लाख हो गई हैं।

फरवरी में पेश किए गए आम बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य 26.97 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। बीते वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में वार्षिक आधार पर 5.1 प्रतिशत बढ़कर 23.4 लाख करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, यह संशोधित अनुमान से लगभग 81,000 करोड़ रुपये कम है।

## 2047 तक 2.5 करोड़ नौकरियां सृजित कर सकता है खनन क्षेत्र

**नई दिल्ली, एएनआइ** : निवेश सलाहकार फर्म डेलाइट और आइसीसी ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत के खनन क्षेत्र में वर्ष 2047 तक अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त 500 अरब डालर का योगदान करने और 2.5 करोड़ तक नई नौकरियां सृजित करने की क्षमता है। हालांकि, इसे हासिल करने के लिए खनन क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाना होगा, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटीग्रेटेड डिजिटल सिस्टम और सस्टेनेबल आपरेशंस पर आधारित हो।

"माइनिंग 5.0 – 2030 तक उभरती माइनिंग टेक्नोलाजीज" शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का खनन उद्योग एक 'संरचनात्मक बदलाव' के दौर से गुजर रहा है। इसका कारण यह है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार, ऊर्जा बदलाव के लक्ष्यों और मैन्यूफैक्चरिंग में बढ़ोतरी के बीच देश में खनिजों की मांग बढ़ रही है।

## जन सुरक्षा योजनाओं में अब तक 25,160 करोड़ रुपये के दावों का किया गया निपटान

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) जैसी जन सुरक्षा योजनाओं के तहत 2015 में शुरुआत से अब तक करीब 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ मई 2015 को पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की शुरुआत की थी। इन योजनाओं की 11वीं वर्षगांठ पर वित्त मंत्री ने कहा कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत अब तक क्रमशः 27 करोड़, 58 करोड़ और 9 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुकते हैं।

वित्त मंत्री ने बताया कि पीएमजेजेबीवाई के तहत अब तक 10.7 लाख से अधिक परिवारों के लिए 21,500 करोड़ रुपये से अधिक के दावों का निपटारा किया जा चुका है। इसी तरह, पीएमएसबीवाई के तहत 1.84 लाख से अधिक परिवारों के लिए करीब 3,660 करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया गया है। अप्रैल 2025 तक एपीवाई में 7.66 करोड़ नामांकन हो चुके हैं।

### योजनाओं की खास बातें

**पीएमजेजेबीवाई** : इस योजना में 436 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर जीवन कवर दिया जाता है। 18 से 50 वर्ष की आयु के पात्र व्यक्ति बैंकों या डाकघरों के माध्यम से इसमें नामांकन करा सकते हैं। योजना के तहत नामांकित व्यक्ति की मृत्यु होने पर नामिनी को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है।

**पीएमएसबीवाई** : यह योजना 18 से 70 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को प्रति वर्ष 20 रुपये के मामूली प्रीमियम पर आकस्मिक मृत्यु और विकलांगता बीमा प्रदान करती है। योजना के तहत आकस्मिक मृत्यु या पूर्ण विकलांगता के लिए दो लाख रुपये और आंशिक विकलांगता के लिए एक लाख रुपये का भुगतान किया जाता है।

हमारी सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लोगों के जीवन में गरिमा, आश्वासन और आर्थिक सुरक्षा लाने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। 11 वर्ष पहले शुरू की गईं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का जमीनी स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। **–नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

# राष्ट्रीय फलक

## संजीव अरोड़ा पर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप

प्रथम पृष्ठ से आगे

आरोप है कि फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी), जीएसटी रिफंड लेने के लिए दिल्ली की गैर-मौजूद फर्मों से फर्जी जीएसटी खरीद बिल हासिल किए गए, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा। ईडी सूत्रों के मुताबिक, संजीव अरोड़ा की कंपनी हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड और अन्य संस्थाओं के बैंक खाते, डीमैट होल्डिंग्स और अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की गई हैं। इनमें लुधियाना, मोहाली और गुरुग्राम स्थित संपत्तियां शामिल हैं।

ईडी का दावा है कि मोबाइल खरीद से जुड़े एक्सपोर्ट के नाम पर कथित तौर पर फर्जी लेनदेन किए गए। जांच में सामने आया कि निर्यात के मुकाबले 102.50 करोड़ का लेनदेन केवल यूएई स्थित दो संस्थाओं मेसर्स फोर्टवेल टेलीकाम एफजेडसीओ व मेसर्स ड्रैगन ग्लोबल एफजेडसीओ के माध्यम से हुआ। इनके मालिक हेमंत सूद और चंद्र शेखर बताए गए हैं।

**मान बोले, डर का माहौल बनाकर पंजाब में कब्जा करना चाहती भाजपा** : मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआइ,चुनाव आयोग को भाजपा द्वारा हथियारों के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले अशोक मित्तल के घर पर ईडी की रेड हुई, जिसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए थे व रेड खत्म हो गई। अब संजीव अरोड़ा पर तीसरी बार ईडी की रेड करवाई गई है। ...

**हैम्पटन रियल्टी ने दी सफाई, कहा- मोबाइल निर्यात पूरी तरह वैध**

हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड ने बयान जारी कर मोबाइल फोन निर्यात कारोबार को वैध बताया। कंपनी ने कहा कि मेक इन इंडिया व पीएलआइ योजना के तहत कंपनी ने मई 2023 में मोबाइल फोन निर्यात कारोबार शुरू किया था।

## केजरीवाल ने पीएम को बताया औरंगजेब, भाजपा भड़की

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली

- भाजपा ने कहा, आप नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद नहीं
- पीएम नहीं, बल्कि केजरीवाल पंजाब में कर रहे औरंगजेब जैसी कार्रवाई

भाजपा ने पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ ईडी की छापेमारी के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना औरंगजेब से करने के लिए शनिवार को अरविंद केजरीवाल पर पलटवार किया। कहा कि आम आदमी (आप) प्रमुख और उनकी पार्टी घबराई हुई हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि पंजाब में उनके गिने-चुने दिन बाकी रह गए हैं। इंटरनेट मीडिया पर केजरीवाल की पोस्ट के बाद भाजपा ने यह प्रतिक्रिया दी है। आप संयोजक केजरीवाल ने अपनी पोस्ट में पीएम की तुलना औरंगजेब से की। लिखा, "मुगल बादशाह की तरह मोदीजी ने देश के विभिन्न हिस्सों पर बेईमानी से कब्जा कर लिया है और अब पंजाब तक पहुंच गए हैं।"

आप मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर केजरीवाल ने कहा कि जैसे ही बंगाल चुनाव खत्म हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पंजाब में रोज ईडी की छापेमारी कराना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में पीएम मोदी ने पंजाबियों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की तुलना औरंगजेब से की। कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है। पंजाब ने औरंगजेब को भी जवाब दिया था। औरंगजेब का भी पंजाब कब्जाने का सपना पूरा नहीं हुआ था। पीएम मोदी का भी सपना पंजाबी पूरे नहीं होने देंगे।

केंद्रीय मंत्री किरेण रिजीजू ने केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए उन पर भारतीय राजनीति के मानकों को गिराने का आरोप लगाया। कहा कि उनका "अध्याय समाप्त" हो चुका है। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केजरीवाल के बयानों का जवाब देना "समय की बर्बादी" होगी।

### आप ने पंजाब की अर्थव्यवस्था को कर दिया बर्बाद : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली, एएनआइ** : राज्यसभा सदस्य और भाजपा नेता राघव चड्ढा ने शनिवार को पंजाब के मंत्री संजीव अरोरा के आवास पर ईडी की छापेमारी के बाद आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राज्य में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के साथ ही जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात का आरोप लगाया। कहा कि आप ने पंजाब को "रंगला पंजाब" बनाने का वादा किया था, लेकिन इसके बजाय उसने राज्य की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। इसे "कांगला पंजाब" बना दिया। ईडी की छापेमारी के दौरान बालकनी से 21 लाख रुपये नकद बैग में फेंके जाने व लगभग 100 करोड़ रुपये की धनराशि के गबन की खबरें दिखाती हैं कि यह लोगों द्वारा दिए गए जनादेश का घोर उल्लंघन है।

## हरियाणा में विवाह के समय धर्मगुरु दिलाएंगे 'बेटी बचाने' का संकल्प

राज्य ब्यूरो, जागरण • चंडीगढ़

- सरकार ने पंडितों, मौलवियों और पादरियों से मांगा सहयोग

हरियाणा में लिंगानुपात को आदर्श स्थिति में लाने के लिए प्रदेश सरकार ने अब सामाजिक और धार्मिक मोर्चे पर घेराबंदी तेज कर दी है।

सरकार ने विवाह संपन्न कराने वाले पंडितों, पादरियों, मौलवियों और ग्रंथियों से विशेष सहयोग मांगा है। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने अपील की है कि धार्मिक गुरु विवाह के समय ही नवविवाहित जोड़ों को कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध और बेटी बचाने का संकल्प दिलाएं, ताकि समाज की मानसिकता में जमीनी बदलाव लाया जा सके।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में डा. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि लिंग चयन से जुड़ी अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम को निर्देश दिए हैं कि वे उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की कड़ी निगरानी करें। अधिकारियों ने बताया कि जनवरी से मार्च 2026 के बीच ही 606 गर्भपात मामलों की 'रिवर्स ट्रैकिंग' की गई, जिससे अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद मिली है।

**इन जिलों ने पेश की मिसाल** : बैठक में बताया गया कि वर्ष 2015 से शुरू हुए अभियान के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। अब तक प्रदेश में 60 हजार से अधिक बेटियों को बचाया जा चुका है। इसका प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से पंचकूला, फतेहाबाद, पानीपत और करनाल जैसे जिलों ने लिंगानुपात सुधारने में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## सेना भर्ती में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करते 19 अभ्यर्थी पकड़े

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : सेना की चतुर्थ श्रेणी भर्ती में अभ्यर्थियों ने नकल करने के लिए इलेक्ट्रोनिक्स डिवाइस का प्रयोग किया। नकल करते हुए एक महिला समेत 19 अभ्यर्थियों को पकड़ा गया।

शनिवार दोपहर सेना के अधिकारी 18 अभ्यर्थियों को लेकर थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि 510 आर्मी बेस वर्कशाप पर चतुर्थ श्रेणी की भर्ती परीक्षा कराई जा रही थी। परीक्षा के दौरान एक महिला समेत 19 अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षकों ने नकल करते हुए पकड़ा है। सात अभ्यर्थी ब्लूटूथ डिवाइस लगाकर नकल कर रहे थे, जबकि दो अभ्यर्थियों के पास मोबाइल फोन था। ये लोग गूगल का प्रयोग कर प्रश्न पत्र हल कर रहे थे। दस अभ्यर्थी उनकी सीट के पास पहुंचकर नकल कर रहे थे। एएसपी नवीना शुक्ला ने बताया कि अभ्यर्थियों ने पूछताछ में बताया कि परीक्षा केंद्र पर कोई तलाशी नहीं ली गई थी। न ही उन्हें बताया गया कि परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रोनिक्स डिवाइस और मोबाइल लाना प्रतिबंधित है। इसलिए घर से मोबाइल और ब्लूटूथ लेकर आ गए।

## पर्यटन विभाग के दो और कर्मचारियों से पूछताछ, अब तक 67 के बयान दर्ज

नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर

**क्रूज हादसा**
- जबलपुर के बरगी बांध में 30 अप्रैल को हुए क्रूज हादसे की जांच जारी
- रोजाना लिए जा रहे प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, नतीजे तक नहीं पहुंची जांच टीम

जबलपुर के बरगी बांध में 30 अप्रैल को हुए हृदय विदारक क्रूज हादसे की जांच जारी है। शनिवार को तीसरे दिन भी प्रशासनिक जांच टीम ने क्रूज हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए। बयान की वीडियोग्राफी कराई जा रही है। पूछताछ में सुरक्षा में कमी और बचाव कार्य में देरी सामने आई। पूछताछ के दौरान जांच टीम में शामिल अधिकारी तो खुलकर कुछ नहीं कह रहे, परंतु प्रत्यक्षदर्शियों से अब तक जो बयान लिए गए उससे स्पष्ट हो गया है कि 13 पर्यटकों की मौत का मुख्य कारण सुरक्षा व्यवस्था में चूक और जिम्मेदारों की लापरवाही रही है। इस मामले में अब तक 67 लोगों के बयान हो चुके हैं। जिसमें हादसे में मृत पर्यटकों के स्वजन, क्रूज में सवार पर्यटक, मैकल रिसार्ट के अधिकारी, कर्मचारी सहित बचाव दल के मजदूर भी शामिल है। हालांकि जांच टीम अभी तक किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

प्रशासनिक स्तर पर एसडीएम अभिषेक सिंह और तहसीलदार पूर्णिमा सहित जांच टीम में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम चश्मदीदों के बयान दर्ज कर ही है। बयान और वीडियोग्राफी सहित पूरी जानकारी हर दिन उच्चाधिकारियों को सौंपी जा रही है। इसके आधार पर आगामी जांच की रणनीति बनाई जा रही है।

**पुलिस कर रही जांच रिपोर्ट का इंतजार** : इधर, मामले में पुलिस की जांच सुस्त पड़ी है। जिला अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे, परंतु पुलिस का तर्क है कि विभाग से प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस कार्रवाई करती है। क्रूज मामले में उच्चस्तरीय जांच समिति जांच कर रही है। पुलिस उसी जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## साप्ताहिक राशिफल

रविवार, 10 मई, 2026 से शनिवार 16 मई, 2026 तक

पं. बी. बी. शास्त्री 'देवेश'

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)** कार्य क्षेत्र में सफलता, अर्थसाधन में प्रयास, दिनचर्या व्यस्ततम्, कार्य करने वालों पर सर्तकता, लक्ष्य के प्रति सजगता, माता-पिता का ध्यान रखे, सामाजिक कार्य में यश, भूमि, भवन कार्य में देरी, चयन में सफलता, वाणी पर संयम, प्रणय में सुख, राजनैतिक अपयश, शुभ अंक 4

**वृष (इ, ऊ, ए, ओ, पा, वी, वू, वे, वो)** अर्थसाधन में अवरोध, कार्य में सलाह लें, प्रतिस्पर्धा से चिन्ता, महिला से सहयोग, निजी संबंधों में सुधार, अतिविश्वास से बचें, स्व :सम्पत्ति की वृद्धि, सन्तान से सहयोग, मित्रों से सावधान, त्वचा, रक्त विकार योग, दाम्पत्य में सुख, स्थान पद परिवर्तन, आय में सुधार, शुभ अंक 5

**मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)** विचारों की अधिकता, धनागम में प्रयास, कार्य विस्तार से बचें, परिस्थिति के अनुसार कार्य करें, साधनों की पूर्ति, स्वार्थीजनों से सावधान, निर्माण कार्य में देरी, स्वास्थ्य में सुधार, शत्रुपक्ष प्रभावी, प्रणय में अनबन, भ्रमण योग, धर्म में रुचि, रुके कार्य संपन्न, शुभ अंक 6

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** नये कार्य में सावधानी, धनागम में सुधार, पूंजी निवेश में सावधानी, नकारात्मक विचारों से बचें, महिला से सहयोग, सन्तान से सहयोग, मित्रों से सावधान, जीवनसाथी का मिलन, उन्नति के अवसर, धर्म में रुचि, पद की प्राप्ति, व्यय अधिक, शुभ अंक 7

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** मन की प्रसन्नता, धनागम में प्रयास, कार्य विस्तार से बचें, विदेश कार्य में देरी, पारिवारिक सहयोग, कल्पना, अतिविश्वास से बचें, निर्माण कार्य में देरी, सन्तान से अनबन, शत्रुपक्ष प्रभावी, ससुराल से सहयोग, चुनाव में विजय, व्यय अधिक, शुभ अंक 8

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, उ, पे, पो)** कला, संगीत के प्रति रुचि, अर्थसाधन में प्रयास, नकरात्मक कार्य करने वालों से सावधान, कार्य क्षेत्र में अनुभव और युक्ति, निर्मा ण साजसज्जा का योग, सन्तान से चिन्ता, वायु विकार, रक्त विकार प्रभावी, प्रणय में सुख, कार्य में विजय, चिन्ता का समाधान, व्यय अधिक, शुभ अंक 9

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** कार्य में सफलता, अर्थसाधन में सुधार, पूंजी निवेश में सावधानी, समाज में यश, भूमि, भवन कार्य में देरी, विदेश कार्य में अवरोध, मानसिक चिन्ता, शिक्षा में रुचि, मित्रों से सावधान, प्रणय में सुख, स्थान पद परिवर्तन, व्यय अधिक, शुभ अंक 1

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** कार्य में सहयोग से सफलता, धनागम में प्रगति, कार्य क्षेत्र में विस्तार से बचें, महिला से सहयोग, अतिविश्वास से बचें, निजी संबंधों में सुधार, वाहन, आभूषण योग, सन्तान का सहयोग, चयन में देरी, मित्रों से सहयोग, शत्रुपक्ष प्रभावी, दाम्पत्य में सुख, त्वचा, शुभ अंक 2

**धनु (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)** कार्य में प्रयास से सफलता, अर्थसाधन अच्छा, प्रतिस्पर्धा से तनाव, विदेश कार्य में प्रयास, चिन्ता का समाधान, स्वार्थीजनों से बचें, भवन साजसज्जा का योग, सन्तान की प्रगति, कुसंग से बचें, भ्रमण योग, विजय कर प्राप्ति, व्यय पर नियन्त्रण, शुभ अंक 4

**मकर (भो, जा, ज, खी, खू, खे, खो, गा, गी)** कार्य में सफलता, अर्थसाधन अच्छा, निर्णय सलाह से करें, साझेदारी में सावधानी, पारिवारिक चिन्ता, समाज में यश, स्व :सम्पत्ति की वृद्धि, चयन में देरी, शिक्षा में रुचि, वायु विकार, रक्त विकार प्रभावी, जीवनसाथी का मिलन, व्यय अधिक, शुभ अंक 5

**कुम्भ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सा, दा)** धन के आवागमन में सावधानी, कार्य में प्रगति, धनागम में सुधार, विदेश कार्य में अवरोध, निजी संबंधों में सुधार, निजी मतभेद, अतिविश्वास से बचें, शिक्षा में रुचि, शत्रुपक्ष परास्त, दाम्पत्य में सुख, रुके कार्य संपन्न, व्यय अधिक, शुभ अंक 6

**मीन (दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची)** पूंजी निवेश में सलाह लें, अर्थसाधन में सुधार, कार्य में सफलता, चिन्ता का समाधान, वाहन, आभूषण योग, राजनैतिक जनसहयोग, शिक्षा में अवरोध, मित्रों से सहयोग, दाम्पत्य में सुख, भ्रमण, मनोरंजन योग, राजनैतिक अपयश, शुभ अंक 7

# बिहार-बंगाल से आगे की बात



**विपक्ष अगर भाजपा के इस अश्वमेध को रोकना चाहता है, तो उसे अपनी रीति-नीति में बदलाव करना होगा। पश्चिम बंगाल के नतीजों से साफ है कि घिसे-पिटे आरोपों और खोखली भावनात्मक दलीलों का जमाना लद चुका है। सटीक रणनीति, सांगठनिक एकजुटता, जनता से सीधे संवाद और सक्षम नेतृत्व के बिना चुनाव जीतना नामुमकिन है।**

आजकल स्तंभ के तहत प्रकाशित आलेखों के लिए

**शशि शेखर**

**आजकल**

गए गुरुवार और शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के दो राज्यों में आयोजित शपथ ग्रहण समारोहों में शिरकत की। ये जलसे सिर्फ सम्राट चौधरी और शुभेंदु अधिकारी की ताजपोशी के लिए नहीं आयोजित किए गए थे। आप इनको भगवा दल के आशातीत उभार और उससे उपजे सियासी अश्वमेध की मुनादी भी मान सकते हैं।

सन् 2014 के इसी मई महीने में जब नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली थी, तब भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अन्य धड़ों के साथ देश के सिर्फ सात सूबों पर राज करती थी। आज देश के 22 राज्यों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकारें हैं। इनमें से प्रमुख 15 सूबों में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री हैं। सवाल उठता है, इतनी बड़ी सफलता हासिल कैसे की गई? कुछ दिलजले इसे सांप्रदायिकता की जीत बताकर अपना गुबार हल्का कर लेते हैं, लेकिन क्या बात इतनी सी है? सही जवाब जानने के लिए हमें थोड़ा पीछे लौटना होगा।

वर्ष 1988 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नरेंद्र मोदी को गुजरात में भाजपा का कामकाज सौंपा था। राजनीति में आते ही उनका पहला इम्तिहान अगले साल होने वाले अहमदाबाद निकाय चुनाव के दौरान होना था। इस चुनाव में भाजपा ने पहली बार अहमदाबाद का मेयर पद हासिल किया और यहीं से इस प्रदेश में पार्टी की सत्ता-यात्रा की शुरुआत हुई। इसी दौरान नरेंद्र मोदी ने एक नई राजनीतिक 'टेम्पलेट' की बुनियाद रखी- चुनाव से पूर्व मुद्दों और सियासी शत्रुओं की सटीक पहचान के साथ सत्ता में आते ही घोषणापत्र पर अमल की शुरुआत।

उत्तराखंड से ओडिशा और गारो पहाड़ियों से गुजरात तक के सत्ता-सदन आज इसीलिए भगवा में रंगे नजर आते हैं।

जो नहीं जानते, उन्हें बता दूं। उस समय गुजरात में एक बड़ा शराब तस्कर था- अब्दुल लतीफ। लतीफ पार्षद की पांच सीटों पर निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत चुका था और उसके समर्थक उसे पिंजरे में बंद शेर की भांति प्रस्तुत कर रहे थे। मोदी ने इसी को मुद्दा बनाया और जीत हासिल की। जो लोग इस हार-जीत को सांप्रदायिक चश्मे से देखते हैं, वे जरा इस सवाल पर भी गौर फरमा देखें। लतीफ वीर अब्दुल हमीद जैसा शहीद या अब्दुल कलाम जैसा वैज्ञानिक नहीं था। वह घोषित मुजरिम था। उसकी जीत सेक्युलरिज्म की विजय और हार सेक्युलर शक्तियों की पराजय कैसे हो सकती है?

पश्चिम बंगाल इस प्रयोग की नवीनतम बानगी है। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि 2021 के विधानसभा चुनावों में 38.1 फीसदी मतदाताओं ने भाजपा का वरण कर लिया था। समझने वाले तभी समझ गए थे कि अगले चुनाव में ममता दीदी की खैर नहीं है। सवाल उठता है कि क्या भारतीय जनता पार्टी को वोट देने वाले बहुसंख्यक सांप्रदायिक हैं? कतई नहीं, दीदी की जड़ों में उनके ताबेदार ही मट्ठा डालने में जुटे थे।

अपनी बात समझाने के लिए मैं एक घटना का जिक्र करना चाहूंगा। मेरे एक सहयोगी के वृद्ध पिता इंजीनियरिंग कॉलेज से अवकाश प्राप्त प्रोफेसर हैं। बर्धमान में उनकी संपत्ति का एक हिस्सा पड़ोस के छुटभैये गुंडे ने हथिया रखा है। वह छुटभैया पहले खुद को सीपीएम का कार्यकर्ता बताता था, पर ममता बनर्जी के सत्ता संभालते ही उसने तृणमूल का नकाब पहन लिया। प्रोफेसर साहब ने जब उसकी बेजा हरकतों पर ऐतराज जताया, तो उनके साथ अभद्रता की गई।

शरीफ शहरी होने के नाते वह इलाकाई पुलिस थाने में पहुंचे। वहां उन्हें इंसाफ की जगह जिल्लत भरी फटकार मिली। समूचे बंगाल में 'कट मनी' और कब्जे की ऐसी हजारों दास्तानें बिखरी पड़ी हैं। आप ही बताएं, ऐसे लोगों ने मौका मिलते ही क्या तृणमूल कांग्रेस को वोट किया होगा? वह भी तब, जब भाजपा इस मनोभाव को पढ़ चुकी थी और उसके हजारों कार्यकर्ता पार्टी शासित प्रदेशों में भयमुक्त समाज की मिसालों के जरिये उत्पीड़ितों की हौसला अफजाई में जुटे थे। नतीजा सामने है।



इस मंजिल को पाने के लिए भगवा दल ने अपनी पुरानी भूलों से भी सबक लिया था। बदली रणनीति के तहत पार्टी के आला नेताओं ने इस बार ममता बनर्जी पर सीधे हमले से परहेज किया। वे दीदी को सहानुभूति दांव आजमाने का मौका नहीं देना चाहते थे। सारा जोर कुशासन और तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों के अनाचार पर केंद्रित था, जो लोगों के दिल को छू रहा था।

अमित शाह के कुशल जमीनी नेतृत्व के बिना इतना सफल अभियान और अविश्वसनीय जीत संभव नहीं थी।

उन्होंने कुल जमा 66 रैलियां और रोड शो किए। एक-एक बूथ की गहन समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और पार्टी महासचिव सुनील बंसल चुनाव प्रबंधन को सिरे तक पहुंचाने के लिए उनके साथ तैनात थे।

आप पूछ सकते हैं कि शुभेंदु अधिकारी सहित तमाम लोगों ने फिर रह-रहकर हिंदू और सनातन जैसे शब्दों का उद्घोष क्यों किया? अगर वे गलत थे, तो तृणमूल कांग्रेस की सांसद सयानी घोष के बारे में क्या कहा जाए? वह भी तो जनसभाओं में गा रही थीं- *आमार हृदय माझे काबा, नयने मदीना।* सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए कोई एक पार्टी या नेता दोषी नहीं है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि भाजपा पर अंग, बंग और कलिंग पर आधिपत्य जमाने के बाद नई जिम्मेदारी आ गई है। नीति आयोग के मुताबिक, साल 2023-24 में सतत विकास लक्ष्य के शीर्ष पांच प्रदेशों में से एक भी पूर्वी भारत से नहीं था। बिहार, झारखंड, नगालैंड, मेघालय और अरुणाचल सबसे खराब स्थिति वाले प्रदेशों में आंके जाते हैं। देश के सबसे गरीब दस राज्यों में अंग यानी बिहार और कलिंग यानी ओडिशा की गिनती होती है। बंगाल अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है, लेकिन वहां कुछ अन्य चुनौतियां हैं।

अब बंगाल में शुभेंदु अधिकारी और बिहार में सम्राट चौधरी के सत्तारोहण के राजनीतिक फलितार्थ पर आते हैं। बताने की जरूरत नहीं कि अगले साल देश के सात महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव हैं। इनमें से पांच, यानी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गुजरात और गोवा में भाजपा की सरकारें हैं। रह बचे पंजाब और हिमाचल को जीतने के लिए आत्म-विश्वास से भरपूर भाजपा और उसका गठबंधन यकीनन पूरा जोर लगाएगा। कोलकाता की राइटर्स बिल्डिंग में पदार्पण के बाद भाजपा मतदाताओं को यह संदेश देने में कामयाब हो गई है कि फिलहाल उसका कोई विकल्प नहीं है।

यहां एक और तथ्य मौजूं है। अभी तक जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां से 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतने की कवायद जल्द आकार लेने लगेगी। अंग, बंग और कलिंग के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों से कुल जमा 128 सांसद चुनकर आते हैं। इस इलाके में केवल एक विपक्ष शासित राज्य रह बचा है- झारखंड। यहां 14 लोकसभा सीटें हैं। इन्हें जोड़ लें, तो फिलवक्त पूर्वी राज्यों की 51 सीटों पर विपक्ष का कब्जा है। भाजपा के पास बढ़त बनाने की गुंजाइश भी यहीं से बनती है।

तय है। विपक्ष अगर भाजपा के इस अश्वमेध को रोकना चाहता है, तो उसे अपनी रीति-नीति में बदलाव करना होगा। पश्चिम बंगाल के नतीजों से साफ है कि घिसे-पिटे आरोपों और खोखली भावनात्मक दलीलों का जमाना लद चुका है। सटीक रणनीति, सांगठनिक एकजुटता, जनता से सीधे संवाद और सक्षम नेतृत्व के बिना चुनाव जीतना नामुमकिन है।

@shekharkahin
@shashishekhar.journalist

---

**जीना इसी का नाम है**

**इरफान अहमद लोन**
दिव्यांग अधिकारी

# कश्मीर के बच्चों को सही राह दिखाते इरफान

**बांदीपुरा के दृष्टिबाधित बेटे ने घाटी के नौजवानों के सामने यह मिसाल पेश की है- आंखें खोलो, अपनी क्षमताओं को पहचानो और हिन्दुस्तान को दिल से अपनाओ, यहां अपार मौके हैं तुम्हारे लिए। हौसला अफजाई की हजार तकरीरों पर इरफान की यह एक कामयाबी इसीलिए भारी है।**

कश्मीर में जमीनी स्तर पर काफी कुछ बदला है, बदल रहा है, विडंबना यह है कि जब-जब दुनिया इस बात को तस्लीम करने लगती है, तब-तब कोई न कोई ऐसी वारदात हो जाती है, जिससे बदलाव की खूबसूरत कहानियां नेपथ्य में चली जाती हैं। आखिर कुछ अरसा पहले तक कौन सोच सकता था कि बांदीपुरा का एक दिव्यांग देश के सबसे मुश्किल इम्तिहान में कामयाब हो जाएगा और हजारों-लाखों हमसाये उससे प्रेरित होंगे? दहशतगर्दी के लिए बदनाम बांदीपुरा के इरफान अहमद लोन ने यह कमाल किया है। यूं तो अभावों और कठिनाइयों से जूझते हुए हर साल कई नौजवान सिविल सर्विसेज की कठिन परीक्षा पास करते हैं, मगर इरफान की कहानी अलहदा है।

साल 1995 में बांदीपुरा के एक छोटे-से गांव नैदखाई में इरफान पैदा हुए। पिता बशीर अहमद लोन सिंचाई विभाग में अस्थायी मजदूर थे। बड़ी मुश्किल से परिवार का गुजारा होता था। हर पिता की तरह बशीर भी अपने खुदा से हमेशा यही दुआ मांगते कि वह उनके बेटे को आसानियां बख्शे! बशीर यह भी जानते थे कि इरफान को सिर्फ तालीम ही गुरबत भरी जिंदगी से निजात दिला सकती है। इसलिए उन्होंने स्थानीय स्कूल में अपने बेटे का दाखिला करा दिया।

इरफान चार साल के थे। एक दिन घर के बाहर खेलते हुए वह फिसल गए, जिससे उनकी एक आंख में कुछ ऐसा चुभा कि उसकी रोशनी चली गई। माता-पिता एक के बाद दूसरे डॉक्टर से दिखाते रहे, मगर कोई फायदा नहीं हुआ। दो-ढाई साल के बाद आखिरकार थक-हारकर उन्होंने संतोष कर लिया कि बेटे को अब एक आंख से ही दुनिया देखनी पड़ेगी। तकदीर ने जल्द ही इरफान व लोन परिवार को एक और मुश्किल इम्तिहान में डाला। स्कूल में खेल-खेल में उन्होंने अपनी दूसरी आंख में भी पेंसिल चुभा ली थी। साल 2002 तक दूसरी आंख की रोशनी भी पूरी तरह खत्म हो गई।

बशीर लोन महीने के बमुश्किल 3,000 रुपये कमा पाते थे, मगर बेटे की यह हालत उन्हें कतई मंजूर न थी। जो बेटा दिन भर यहां-वहां दौड़ता-फिरता रहता था, उसे एक कदम बढ़ाने के लिए भी सहारे की जरूरत आ पड़ी थी। बशीर हर कीमत पर बेटे की आंख के लिए रोशनी का आखिरी कतरा भी बचा लेना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने अपना सब कुछ बेच दिया। स्थानीय डॉक्टरों की सलाह पर वह इरफान को लेकर दिल्ली के अस्पतालों की खाक छानने लगे। अगले कुछ साल नैदखाई और दिल्ली में आते-जाते बीते। इतनी छोटी उम्र में इरफान को 18 बार ऑपरेशन के दौर से गुजरना पड़ा, मगर दूसरा रास्ता ही क्या था? आखिरकार एक दिन एम्स के डॉक्टरों ने भी पिता को कह दिया- आप बेटे के लिए विशेष स्कूल की तलाश करें।

डॉक्टरों के लिए यह ईमानदार पेशेवर सलाह थी, मगर बेटे



के इलाज में अपना सब कुछ गंवा चुके पिता के लिए वह नसीहत किसी नश्तर से कम न थी। मां को तो ऐसा सदमा लगा कि चंद महीनों के भीतर उन्होंने दुनिया ही छोड़ दी। पूरा परिवार बिखर गया था। इरफान हताश हो चुके थे। मां उस वक्त उन्हें अलविदा कह गई थीं, जब उन्हें उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। तरह-तरह के बुरे ख्याल मन में उमड़ते और वह सिहर उठते थे। पिता को डॉक्टरों ने बताया था कि इरफान को हताशा से निकालने का एक ही रास्ता है कि वह उन्हें किसी ऐसे स्कूल-माहौल में ले जाएं, जहां उनके जैसे और बच्चे रहते हों। लोग उनकी हालत पर तरस न खाएं।

संतान की पीड़ा पिता को कहां चैन से बैठने देती है? बशीर ऐसे स्कूल की तलाश में जुट गए, जो उनके इरफान के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौटा सके। तलाश मुकम्मल हुई और साल 2004 में इरफान को अपने गांव से सैकड़ों किलोमीटर दूर देहरादून में 'मॉडल स्कूल फॉर द विजुअली हैंडिकैप्ड' में दाखिला मिल गया। पिता को थोड़ी तसल्ली हुई। अपने जैसों के बीच पाकर इरफान ने जिंदगी को आंखों के बजाय इरादों की निगाह से देखना शुरू किया। वहीं उन्होंने ब्रेल लिपि सीखी और खूब मेहनत की। बारहवीं में मिले 91 फीसदी अंकों से इसकी तस्दीक हो जाती है। इन अंकों की बदौलत उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में दाखिला मिल गया।

हिंदू कॉलेज में राजनीतिशास्त्र से स्नातक करते हुए ही इरफान को सिविल सर्विसेज की तैयारी की प्रेरणा मिली। उसके बाद वह जेएनयू भी गए, जहां से साल 2019 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मास्टर्स की डिग्री हासिल की। जेएनयू में इरफान ने पेशेवराना काबिलियत हासिल की। इन वर्षों में परेशानी के बावजूद पिता ने कभी नहीं कहा था कि अब नौकरी तलाश लो, मगर इरफान बंद आंखों से पिता की तंगी पढ़ सकते थे। उन्होंने बैंक की परीक्षा दी और पहले ही प्रयास में वह कामयाब हो गए। साल 2022 में इरफान पंजाब नेशनल बैंक में नौकरी करने लगे थे। अगले सोलह महीनों तक पीएनबी में नौकरी करने के बाद उनका चयन एलआईसी में एएओ के पद पर हो गया। आर्थिक रूप से अब वह अच्छी स्थिति में थे, मगर पिता की एक बात उन्हें अक्सर कचोटती, बांदीपुरा से अब तक किसी ने आईएएस की परीक्षा नहीं निकाली!

भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रशासनिक अधिकारी की जिम्मेदारी निभाते हुए इरफान सिविल सर्विसेज की तैयारी में लगे रहे। वह ऑडियो सुनते और उन्हें याद करते रहे। अपने

**डॉक्टरों के लिए वह एक पेशेवर सलाह थी, मगर बेटे के इलाज में अपना सब कुछ गंवा चुके पिता के लिए वह नसीहत किसी नश्तर से कम न थी। मां को ऐसा सदमा लगा कि चंद महीनों के भीतर ही उन्होंने दुनिया छोड़ दी। मां उस वक्त उन्हें अलविदा कह गई थीं, जब इरफान को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी।**

तीसरे प्रयास में 957वां स्थान हासिल करके उन्होंने इतिहास रच दिया। बांदीपुरा के बुजुर्ग अब उनकी कहानियां सुनाते हैं, बच्चे गांव में आए रिश्तेदारों को इरफान का घर दिखाते हैं। नैदखाई के एक दृष्टिबाधित बेटे ने कश्मीर घाटी के नौजवानों के सामने यह मिसाल पेश की है- अपनी आंखें खोलो, क्षमताओं को पहचानो, हिन्दुस्तान को दिल से अपनाओ, यहां अपार मौके हैं तुम्हारे लिए। हौसला अफजाई की हजार तकरीरों पर एक इरफान की यह कामयाबी इसीलिए भारी है।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

---

**वो लम्हा**

**एपीजे अब्दुल कलाम**
भारत रत्न वैज्ञानिक



# मां ने त्याग से गढ़ा भारत रत्न

**तमाम अभावों में एक बहुत अजीब था। उनका सबसे छोटा बच्चा ज्यादा पढ़ने की जिद करता था। तब तय सीमा में केरोसीन आता था, जिससे लैंप जलता था। वह लैंप रात नौ बजे बुझा दिया जाता था। बड़े बच्चे सोने चले जाते थे, पर छोटा बच्चा सोने को तैयार नहीं होता था।**

मां अनहद प्रेम हैं, इसलिए वह कभी हार नहीं मानतीं। सदा सेवा में तत्पर रहती हैं। अल सुबह से देर रात तक खुद को खर्च करती रहती हैं। दिन-पर-दिन खर्च होते चले जाते हैं, पर मां की ममता खर्च नहीं होती है। भगवान राम से जुड़े पावन तीर्थ रामेश्वर में भी एक ऐसी ही मां थीं। उन्हें सब पता होता था कि किसे कब कितना क्या चाहिए। परिवार गरीब ही था, पिता स्थानीय मस्जिद में इमाम थे और रोटी के लिए रामेश्वरम के सागर में नाव चलाते थे। राम भक्तों को सागर पार कराते, दर्शन कराते थे। दाल-रोटी चल जाती थी, पर अभावों का क्रम बना रहता था और मां तमाम अभावों को अपने तक समेटने के जतन में लगी रहती थीं।

तमाम अभावों में एक बहुत अजीब था। उनका सबसे छोटा बच्चा ज्यादा पढ़ने की जिद करता था। तब तय सीमा में केरोसीन आता था, जिससे लैंप जलता था। वह लैंप रात नौ बजे बुझा दिया जाता था। बड़े बच्चे सोने चले जाते थे, पर छोटा बच्चा सोने को तैयार नहीं होता था। उसे और पढ़ना होता था। वह मां से रोज कहता कि मुझे देर तक पढ़ना है, पर मां लाचार थीं। एक अकेले बच्चे के लिए केरोसीन और लैंप की व्यवस्था कैसे हो?

मां बच्चे को समझा-बुझाकर सुला देती थीं कि अभी जल्दी सो जाओ, सुबह जल्दी उठा दूंगी, तो पढ़ना। ज्यादा पढ़ने के लिए बेचैन बच्चा मन मारकर सो जाता था। यह रोज की ही मांग हो गई थी कि मां, मुझे और पढ़ना है। आखिरकार मां ने पाई-पाई जोड़कर एक छोटा लैंप खरीदने का फैसला किया। वह दिन आया, जब सब बच्चे नौ बजते ही लैंप बुझाकर सो गए, तब मां ने एक छोटा नया लैंप अपने सबसे छोटे बच्चे के लिए रोशन किया। बच्चे की खुशी का ठिकाना नहीं था कि मां मेरे लिए अलग लैंप लाई हैं। अब मैं रात 11 बजे तक पढ़ सकूंगा। अब मुझे रात 9 बजते ही सोना नहीं पड़ेगा। पढ़ने के लिए ज्यादा वक्त मिलेगा।

फिर क्या था, उस बच्चे ने ठान लिया कि मां के इस प्रेम और त्याग को व्यर्थ नहीं जाने देना है। इस लैंप और उसके प्रकाश के एक-एक पल का महत्व है, जो हाथ से फिसलना नहीं चाहिए। ज्यादा पढ़ाई ने जल्दी ही ज्यादा असर दिखाया, तब मां भी खुशी से दोहरी गईं। बच्चा रात 11 बजे सोने के बावजूद सुबह चार बजे जाग जाता था। नहाकर ट्यूशन जाने के लिए तैयार हो जाता था। गणित के स्थानीय संत शिक्षक गजब थे, एक साल में पांच ही बच्चों को पढ़ाते थे और उनकी एक ही शर्त थी, स्नान के बाद ही पढ़ने आना है। ट्यूशन से लौटने के बाद अखबार बांटने का काम था और उसके बाद भोजन कर दूर स्कूल जाने की बारी आती थी। यहां भी मां अपने मेहनती बच्चे का पूरा ध्यान रखती थीं कि यह सुबह चार बजे से रात ग्यारह बजे तक ऊंची उड़ान की कोशिश में लगा रहेगा, तो उसे खुराक भी वैसी ही चाहिए। सभी बच्चे चावल चाव से खाते थे, पर मां इस बच्चे की थाली में अक्सर रोटियां परोस देती थीं। बच्चे ने भी कभी निराश नहीं किया। जब भी किसी परीक्षा का परिणाम आता था, सुनकर मां भाव विभोर हो जाती थीं। गहरा संतोष उनके चेहरे पर चरितार्थ हो जाता था।

एक ऐसा मौका आया, जब ऊंची पढ़ाई के लिए पैसे नहीं थे। पिता अपने होनहार को पढ़ाना चाहते थे, पर लाचार थे। कहीं से पैसे का इंतजाम नहीं हो पा रहा था, तब मां ने खुशी से अपने गहने बेच दिए कि पढ़ाई ज्यादा जरूरी है, गहने तो फिर आ जाएंगे।

यही हुआ। मां के सपने एक-एक कर साकार हुए और उनका बच्चा देश के रत्नों में शुमार हो गया। मां की खुशी का ठिकाना नहीं रहता था, जब वह अखबार में अपने बेटे की ऊंची उड़ान के बारे पढ़ती थीं कि एपीजे अब्दुल कलाम ने अब यह कर दिया, वह कर दिया। यह कलाम की कामयाबी का कमाल था कि उनके पिता को 103 साल और मां को 93 साल की जिंदगी मिली। वह मां आशियम्मा की सादगी, विनम्रता, त्याग की अगली कड़ी साबित हुए। अहंकार ने उनका कभी स्पर्श नहीं किया। देश ने जो भी मुश्किल काम दिए, उसे कलाम (1931-2015) ने जी-जान से मुमकिन किया। मिसाइल मैन कहलाए। भारत रत्न हुए। राष्ट्रपति हुए, पर कोई दिन ऐसा न हुआ, जब उन्होंने मां को याद न किया।

वह मां को अपना सबसे महान गुरु मानते थे। वह कहते थे, हर व्यक्ति को कुछ ऐसा करना चाहिए कि उसकी मां को खुशी मिले। जिस परिवार में मां मुस्कराती हैं, वह परिवार भी मुस्कराता है। वह मां को याद करते हुए कवि हो जाते थे। सागर की लहरें, सुनहरी रेत, राम भक्तों की आस्था, रामेश्वरम मस्जिद, सब एक हो जाते। मां पर लिखी उनकी कविता की कुछ पंक्तियां हैं- *स्वर्ग की स्नेहपूर्ण बांहों की तरह मेरे पास आती हैं, मेरी मां।... अपने बच्चों की शक्ति हैं...। अपने बच्चे का दर्द जानती हैं, मेरी मां। आपका प्रेम, संरक्षण, विश्वास ही मुझे शक्ति देता है, मेरी मां। ...हम इंसाफ के महान दिन पर फिर मिलेंगे, मेरी मां!*

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

---

# जेन-जी पीढ़ी का जलवा

**तिरछी नजर**

**सुधीश पचौरी** हिंदी साहित्यकार



अज्ञेय नए को ढूंढ़ते थे। नए को लिखते थे। मैं भी नए को ढूंढ़ता रहता हूं। नए के बारे में बताता रहता हूं। यह जमाना ही नए का है। नए से नए का है। क्षण-क्षण नए का है। यही नए का सौंदर्य है। महाकवि माघ ने कहा भी है- *क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपम् रमणीयतायाः*, यानी जो क्षण-क्षण नवीन दिखे, वही रमणीय है। यही है जेन-जी पीढ़ी, जो हर क्षण नवीन-नवीन नजर आती है। यह जेन-जी आ चुकी है। जम चुकी है।

जेन-जी 21वीं सदी की पहली युवा पीढ़ी है। जेन-जी बेचैन है। जेन-जी नाराज है। जेन-जी क्षुब्ध है, क्रुद्ध है, प्रबुद्ध है। जेन-जी आकांक्षित है, आजाद है, 21वीं सदी में आबाद है। वह ग्लोबल है, लोकल है और ग्लोकल है! वह डिजिटल है। वह पिक्सल है। सोशल मीडिया की निर्मिति है। सोशल मीडिया ही उसका दाना-पानी है, नखरों में सबकी नानी है।

जेन-जी सोशल मीडिया की खिलाड़ी है, बाकी दुनिया अनाड़ी है। वह नई कबाड़ी है। वह साइबर की गाड़ी है। वह आभासी है, बहुभाषी है, तकनीक की दासी और एआई की बदहवासी है। वही इस वक्त की आवाज है, वही जेन-जी क्रांति का आगाज है।

इतनी विशेषताएं पढ़-सुनकर मेरा मन हुआ कि अब जेन-जी को जान ही लिया जाए और इसके लिए क्यों न उसके साहित्य को देखा-पढ़ा जाए, उसकी खासियतें पहचानी जाएं। एक सुबह मैंने एआई से प्रार्थना की- हे आदरणीया एआई! आप नई गुरुज्ञानी हैं, सबकी नानी हैं, सब कुछ की ज्ञाता हैं, हम सबकी भाग्य-विधाता हैं। कृपा करके यहां की जेन-जी के लिए एक ठो कविता लिखकर प्रेषित करें, ताकि हम जान सकें और सबको बता सकें कि यह जेन-जी क्या है? कैसा लिखती है? क्या पढ़ती है? इसका सौंदर्यशास्त्र क्या है? इसके मानक क्या हैं?

इधर हमारा एक क्लिक करना था कि उधर एआई की लिखी एक जेन-जी कविता हमारे लैपटॉप की स्क्रीन पर इतनी तेजी से आई, जिसके आगे कथावाचक राधेश्याम की *रामायण* की प्रसिद्ध चपलातिशयोक्ति वाली लाइनें भी पानी मांगें। जैसे, *हनुमान की पूंछ में लगन न पाई आग! सारी लंका जल गई गए निशाचर भाग!!* यानी आग लगने से पहले ही राक्षण भाग गए। इधर एआई कृत जो कविता आई, वह क्लिक करने के साथ ही मानो लिख दी गई थी। इसके अलावा, चार-पांच जेन-जी कवि व कवयित्री भी अपनी-अपनी जेन-जी कविता बांचते दिखे।

जो कविता हमें मिली, हम उसे यहां अविकल प्रस्तुत कर रहे हैं, ताकि हमारे पाठक भी जान सकें कि जेन-जी की रचना-प्रक्रिया क्या है? उसका अनुभव व भाषा शैली क्या है? कविता का शीर्षक है- *हैंडिल पर दुनिया।*

*रीलें स्क्रॉल होती हैं सुबह से रात तक।/ हैंडिल पर दुनिया बस एक क्लिक और चैट तक।/ फास्ट फॉरवर्ड जिंदगी एस्थेटिक का चश्मा। फोमो है तगड़ा, पर चिल है चश्मा।।/ करियर का प्रेशर और साइड हसल की चाहत।/ डार्क सर्कल आखों में, पर रातों में है राहत।/ कैंसिल कल्चर की तलवार और मीम्स का दौर।/ यहां प्रमोशन भी है 15 सेकंड का शोर।।/ टॉक्सिक रिश्तों को कहें सीधे बाय बाय।/ मेंटल हेल्थ फर्स्ट नो मोर हाय हाय।/ एआई से दोस्ती और मेटा से प्यार।/ हम जेन-जी हैं भाई, अपनी शर्तों के सरकार।।/ वर्चुअल दुनिया में रीयल हम ढूंढ़ते।/ पिक्सेल की भीड़ में खुद को हम गढ़ते।/ हसल है, स्ट्रगल है, पर सपने भी हाई।/ डिजिटल जमाने के हम इन्फ्लूएंसर हैं भाई।।*

इस जेन-जी कविता में एक आम जेन-जी की उलझनें परेशानियां, सपने, संघर्ष व सुख-दुख व्यक्त हुए हैं। यहां परंपरागत लेखक होने की अपेक्षा एक इन्फ्लूएंसर होने की कामना बलवती है। यहां वर्चुअल में रीयल खोजना है।

एआई ने सब कुछ बदल दिया है। अब न पहले वाला लेखक है, न ऑथर है, न कॉपीराइट के सवाल हैं, सब कुछ सबका है। यहां टॉक्सिक रिश्तों को बाय-बाय है, पर नो मोर हाय-हाय है!

---

**कटाक्ष**

**राजेंद्र धोड़पकर**



# मां की आंखों से मैंने देखा संसार

**अंतरराष्ट्रीय 'मदर्स डे' के अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार अनामिका ने मां को याद करते हुए संसार को मां की आंखों से देखने की बात कही है। दुनियाभर में मां को लेकर तमाम बातें कही-सुनी और लिखी गई हैं। साहित्य भी मां के इस आभामंडल से अछूता नहीं है। कविता, कहानी, उपन्यास यानी लेखन की सभी विधाएं, मां के जिक्र के बिना पूरी नहीं होतीं। हिंदी सहित विश्व साहित्य ने मां को कैसे देखा है, इसकी बानगी प्रस्तुत करता आलेख...**





■ अनामिका

हर व्यक्ति अपने भीतर एक अधूरा गीत लेकर पैदा होता है और वह तब तक चैन से नहीं बैठता, जब तक वह गीत पूरा न हो जाए। एक खास अफ्रीकी कबीले में यह अनूठा रिवाज है कि जब स्त्री आश्वस्त हो जाती है कि उसके पुरुष ने उसे पूरे मन से प्यार किया है और उसके गर्भ में ओस की बूंद-सा कुछ दबे पांव उतर भी गया है, वह जंगल में कोई शांत कोना ढूंढकर वहां तब तक बैठी रहती है, जब तक उसके भीतर एक धुन न उतर आए।

प्रकृति से उपहार में मिली यह खास धुन वह कंठ के रास्ते हृदय में और फिर गर्भ तक उतारने की कोशिश करती है! यह धुन नौ महीने शिशु के साथ ही मचलती है उसमें : एक तरह से उसके जुड़वा के रूप में। वह धुन उस बच्चे को मां से पहले उपहार की तरह मिलती है! वह धुन सिर्फ उस बच्चे की होती है और किसी की नहीं। जब-जब बच्चा बीमार पड़ता है या किसी भी संकट से घिरता है, वह फिर एकांत में जाकर उस धुन की देवी का आह्वान करती है कि धुन की देवी उसको संकट से उबारे! जब वह बूढ़ी होने लगती है, तो जिस संतान के लिए वह धुन फिजा से उतरी थी, उस संतान के हाथ में हाथ लेकर, उसके स्वर में स्वर मिलाकर वह उसे अधिकृत (ऑथराइज) करती है कि जीवनभर और मृत्युशय्या पर भी वह इस विशेष धुन का आह्वान करेगा और उसे आत्मसात करके ही दुनिया से जाएगा।

अपने कवि-पिता से अनेक कहानियों में एक कहानी मैंने यह भी सुनी थी और बचपन से ही मेरे मन में यह बैठ गया था कि किसी-न-किसी अनूठी धुन के साथ पैदा होता है हर व्यक्ति, वह धुन उसे अकेला करती है- गहन एकांत की ओर खींचती है। एकांत उसे अमूर्त से मूर्त करने की शर्त है। पूरा वजूद किसी गहन विरह में जब इकतारे-सा बजने लगे, तो ही उस धुन में बोल प्रकट होते हैं। जब तक पिताजी जिए, मेरे रात-दिन उनसे ही खेलते-हंसते-बतियाते बीते। पर विश्वविद्यालय की अंतिम परीक्षा के दौरान जब पिताजी के प्राण-पखेरू अचानक उड़े, उस घड़ी से लेकर पिछले तीन बरस तक मां ने मुझे जिस तरह संभाला, जिस तरह मेरे मन की हर बात जानी-समझी, उसके ही आश्रय अब तो मैं कहने लगी हूं कि दुनिया के हर व्यक्ति में दुनिया को मां की आंखों से देखने का जज्बा होना चाहिए।

एक लंबे अर्से से मुझे ऐसा लगता रहा है कि युद्धाक्रांत, हिंसाविह्वल इस धरती की ज्यादातर समस्याओं का समाधान यह है कि हम सबकी आंखें मां की आंखें हो जाएं। कैसी होती है मातृदृष्टि? यह किसी माई के लाल को अलग से समझाने की जरूरत नहीं है। जिनकी मां बचपन में गुजर जाती है या आधि-व्याधि के प्रभाव में मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं रह पातीं, उन्हें भी कोई-न-कोई मातृछाया तो मिलती है। कम-से-कम भारत जैसे देश में तो मातृत्व का संबंध गर्भ से कम, अहैतुक दुलार-जन्य केयर-एथिक्स से ज्यादा माना गया है, तभी नदियां भी मां है, धरती मां है, बड़-पीपल-तले प्रतिष्ठित मूर्तियां मां हैं। दीदी-चाची-बुआ-मौसी-मामी, नानी-दादी क्या- मोहल्ले की हर औरत मां है। और तो और, पत्नी, प्रेयसी, बहन या बेटी भी अंततः मातृमूर्ति का संधान ही है। बाद के दिनों में जब मां सशरीर उपस्थित नहीं रहती, तो हम इनमें ही उसकी छाया पाते हैं : *'थोड़ी-सी मां ढूंढता हूं/हर औरत में।'*

*-(निजार कबानी, अरबी कवि)*

दुनिया की सब छोटी-बड़ी भाषाएं ऐसी महान पंक्तियों से भरी हैं, जिनमें मां की स्मृति ओस की नन्ही बूंदों-सी बरसती हैं। कुछ अपने ही अनुवाद दे रही हूं, जो आप में भी मां के प्रति उमड़ने वाली कृतज्ञता ज्वार-सी जगा जाएंगी :

'मां, जब सो जाता हूं, तब भी/निगेहबान रहता है दिल वह तुम्हारा।'

-(गैबरिअल म्ट्रिराल, स्पैनिश)

*****

'प्रेम तुम्हारा वो चिराग/जिसने मेरी रातों को चमकना सिखाया।'

-(रोजैलिया दी केस्त्रो, स्पैनिश)

*****

'तुम्हारे हाथ मेरे दिन ढो गए/और अंधेरे को रहमदिल बनाया।' -(रिल्के, जर्मन)

उपनिवेश रह चुके भूखंडों में, खासकर अश्वेत स्त्री कविता में 'मां' शब्द स्त्री जाति की तमाम पुरखिनों को निवेदित शब्द है- पुरखिनें जो हल चलाकर, बीज बोकर, भूख-बलात्कार आदि असह्य स्थितियां झेलकर भी बच्चे पालती रहीं, घर चलाती रहीं! जो गर्भ बलात्कार के बाद ठहरा या खेतों में मजदूरी करते हुए अचानक गिर गया- उनको निवेदित मार्मिक कविताएं भी वहां लिखी गई हैं। इस दृष्टि से मार्गरेट वॉकर की कविता 'लिनिएज' और ग्वेंदोलिन ब्रूक्स की कविता 'द मदर' महत्वपूर्ण हैं।

कमला दास ने बूढ़ी होती मां पर एक मार्मिक कविता लिखी है कि कैसे कोचीन से जब वे मां को लेकर चलीं, रास्ते में उनको नींद आ गई, उनका मुंह खुल गया और अचानक उन्हें लगा कि यह सफर जीवन के पार का है। अरुंधती सुब्रह्मण्यम की एक कविता है, जिसमें उन्होंने दरवाजे के छिद्र से मां को देखा, एक वयस्क पार्टी में हंसकर, सिर हिलाकर प्याला उठाते हुए देखा, तो उन्हें पहली बार लगा कि मां सिर्फ मां नहीं, एक स्त्री भी है। कथाकार कविता की एक रेखांकित करने योग्य कहानी है, जहां बेटी ही अकेली मां की शादी उनके पुराने सखा से करा देती है। मां एक व्यक्ति भी है- त्याग-तपस्या सिर्फ उसका धर्म नहीं। मांओं की सूक्ष्मतर आवश्यकताओं के प्रति उसकी संतान ही नहीं, उनके दामाद और बहू भी इन दिनों कई कहानियों-कविताओं में सजग दिखाए गए हैं।

**एक लंबे अर्से से युद्धाक्रांत, हिंसाविह्वल इस धरती की ज्यादातर समस्याओं का समाधान यह है कि हम सबकी आंखें मां की आंखें हो जाएं।**

रोती-बिसूरती मां शक्ति का संचार नहीं करती, तो इधर की कहानियों-कविताओं में उन्हें उपेक्षित, अनादृत दिखाने का चलन कम हुआ है। एडगर एलेन पो की तरह इधर कुछ कवियों ने पत्नी की मां के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की है, जो अपने आप में बहुत बड़ी बात है। बच्चे मांओं को अपना कमरा, अपनी ब्रीदिंग स्पेस देते हैं। उनके लिए किताबें लाते भी अक्सर दिख जाते हैं। चिट्ठी लिखने का चलन तो खत्म हो गया, पर लंबे-लंबे व्हाट्सएप संदेश और सुबह-शाम की फोना-फोनी भी एक सुखद परिवर्तन है। यह इस बात का प्रमाण है कि युवक यह समझने लगे हैं कि उन्हें पितृसत्ता की सिखाई हुई नारिकेल वृत्ति त्यागकर मन का प्रेम निस्संकोच प्रकट करना चाहिए। 'मर्द को दर्द नहीं होता' आदि उपदेश बकवास हैं। सच्चा मर्द वही, जो हमदर्द हो, मां की आंखों से देखे संसार।

इलस्ट्रेशन : यशवंत नामदेव

मेरा तो हाल यह है कि मैं आज तक अपनी मां की समझाई बातों के आलोक में ही अपना हर अंधेरा रास्ता टटोलती हूं। जब तक वह जीती रही, उसकी गोदी में छिपा हुआ सर उठाते हुए मुझे यही महसूस हुआ कि यह मेरा नया जन्म है। आज उसका शरीर तो पांच तत्वों में लीन हो चुका है; पर उन पांच तत्वों में घुली हुई, वह मुझे जब-तब सहला ही देती है और मेरे इखरे-बिखरे बाल संवारती हुई याद दिलाती है- 'अपने दुखों से निजात पाने का एक ही उपाय है, बेटी, औरों के दुख दूर करने में लग जाना।'

मां विदुषी थीं, बहुत मीठी, बहुत संयत। उसने मुझे बहुत सारी कालजयी कविताएं पढ़ाईं! शनिवार की सुबह वह मुझे उबटन लगाती हुई भी कई कहानियां सुना देती : कभी लोक से, कभी शास्त्र से। मेरी चोटी गूंथते हुए अक्सर अपनी मां की बातें करती। मां तेरह बरस की थी और मेरी छठी मौसी छह महीने की, जब नानी मेनिनजाइटिस से परलोक सिधारी। नानी के जाते ही वह अपनी सब भाई-बहनों की मां बन गई। उसका पूरा जीवन इस बात की मिसाल है, जिसका हवाला मैंने शुरू में दिया- पूरी धरती को मां की निगाह से देखने का जज्बा। मामला चूंकि निगाह का है, पुरुष भी यह निगाह पा सकते हैं- ईसा मसीह, बुद्ध, अंबेडकर और गांधी की आंखें एक समय के बाद मां की आंखें बन गईं। समय आ गया है कि ये आंखें सब में उतर आएं।

## पुस्तक अंश

# आजाद की माता का त्याग किसे याद है

**पुस्तक 'वे आजाद थे' हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ, चंद्रशेखर आजाद तथा भगत सिंह से संबंधित अनेक भ्रांतियों को दूर करती है। यह आजाद की मां के जीवन-संघर्ष को भी सामने रखती है, जिसने आजाद को गढ़ा था। पाठकों और इतिहासकारों के लिए भी उपयोगी इस पुस्तक से एक अंश...**



**वे आजाद थे**
**(क्रांतिकारी आंदोलन की जानी-अनजानी बातें)**
**संपादक : आनन्द**
**प्रकाशक : लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज**
**मूल्य : ₹599**

**थोड़ी** देर तक सवाल-जवाब की झड़ी लगी रही। धीरे-धीरे पड़ोसी खिसकने लगे। मां पास सरक आई और धीरे से पूछने लगी, 'सच बताओ भैया, चंद्रशेखर मर गया।' मैं इधर-उधर देखने लगा। कैसे बताता कि चंद्रशेखर इस संसार में नहीं हैं। मेरे साथियों में से एक ने कहा, 'हां मां, वे अब जिंदा नहीं हैं। इसका तो तुम्हें भी पता लग गया होगा?'

'हां बेटा, एक बार गांव के लोगों ने एक फोटू दिखाया और कहा था कि वह लड़ाई में मारा गया। पर बेटा हमारे तो समझ में नहीं आया कि उसने ऐसा कौन-सा काम किया था, जिससे उसे लड़ाई लड़नी पड़ी और फोटू छपकर बिके। मेरा तो सब कुछ होकर भी कुछ नहीं रहा। मैं निपूती-की-निपूती ही बनी रही। जिंदा हूं, इसी से इस पेट का भाड़ा चुकाने के लिए कुछ-न-कुछ करना पड़ता है। मैं तो उस दिन की बाट जोह रही हूं, जब भगवान मेरी सुन लें।'...

इसी प्रकार मां अपने जीवन के दुख को कहकर हल्का करती रही, पर फिर बुढ़िया को खयाल आया हमारे पेट का। बहुत मना करने पर भी वह न मानी। दाल, भात, साग और रोटी बनी।

मां की उम्र 60 से ऊपर है। शरीर दुर्बल, मुंह में एक दांत नहीं। एक आंख बहुत सिरदर्द होने के कारण निकलवा देनी पड़ी और दूसरी से भी कम दिखाई देता है। खाना कभी बना, कभी नहीं, ऐसा ही चलता है, फिर भी अपने हाथ से दोनों वक्त पानी भरना, रोटी बनाना, बर्तन धोना इत्यादि संसार के सभी काम करती हैं।

झोपड़ी का एक ही कमरा है और आगे जरा-सा सहन। पूरी झोपड़ी बांस की ही बनी हुई है। कारण यहां के जंगल में बांस बड़ी संख्या में मिलता है। सामने आंगन में एक आम का और पपीते का पेड़ लगा हुआ है और उसके आगे बांस की छोटी-सी किवड़िया है, जो हाते का फाटक है।

पिछली ओर कुछ साग-तरकारी लगा रखी है। अगर बकरियों से बच गई, तो मुहल्लेवाले उस पर हाथ साफ करते हैं और उनसे बचने पर मां के हिस्से में तरकारी आती है। रात को राव जी नाम का एक भील बंदा एक वक्त वहीं खाना मिलने पर एक भोथरी तलवार लिए सोता है; कारण जंगली भील मौका पाने पर चोरी करने से नहीं चूकते।

हमारे वहां जाने से बुढ़िया के जीवन में एक परिवर्तन हुआ। उसे समय काटने का साधन मिल गया। सवेरा होते ही उसे हमारी चाय की फिक्र होती और दोपहर को बारह बजते ही भोजन की। हम बहुत मना करते, परंतु इसमें उसे सुख और आनंद मिलता। चाय पीकर हम आसपास के जंगल में घूमने निकल जाते और दोपहर को जब लौटते, तो बुढ़िया को बाट जोहते पाते।

उसे स्मरण हो आते अपने पुराने दिन, जो अब कहानी की सामग्री बन गए थे। हां, ठीक इसी तरह तो वह अपने लड़कों का रास्ता देखा करती थी। हमें देखते ही वह चट सवाल कर बैठती, 'क्या आज बहुत लंबे निकल गए रहौ का?' 'नहीं अम्मा, यहीं तो नदी पर बैठे थे।'

मां खाने को परोसती। हम झगड़-झगड़कर खाते। बुढ़िया हंसते-हंसते कहती, 'बच्चा चले जाओगे, तो यही बातें मुझे रुलाएंगी। अब तुम यहीं रहो बच्चा।'

नित नए प्रकार का भोजन होता, सादा पर सुस्वाद। एक दिन घर के आम का अमावट खाने को मिला। मां इसे उपवास के दिन पानी में शरबत बनाकर खाती थी। यही होता है, उसके उपवास के दिन का आधार। रात को 11-12 बजे तक मोहल्ले की बूढ़ी औरतें आ बैठतीं और इधर-उधर की बातें कहतीं और पूछतीं।

जब भी हम जाने का नाम लेते मां कह उठती, 'नहीं, बच्चा कुछ दिन और रहो।' आखिर जाने का दिन निश्चित हुआ, पर विदा के समय की वह करुण दृष्टि कभी नहीं भूलेगी। वह बार-बार यही कहती, 'सूना घर और दरिद्रता तो मेरे जीवन के साथी हैं।' अब भी बूढ़ी मां के शब्द मुझे याद आते हैं, 'बेटा चले जाओगे, तो यही बातें मुझे रुलाएंगी।' और वे उसकी डबडबाई आंखें। दिल मचल उठता है, उसी मंदिर की ओर जाने के लिए।

दुनिया 'श्री चंद्रशेखर आजाद-जिंदाबाद' कह सकती है, पर उनकी मां के त्याग को स्मरण करने के लिए संसार के पास न तो समय है और न देखने के लिए आंखें।

## पुस्तकें आई हैं



**घुसपैठिए : डिटेक्ट, डिलीट, डिपोर्ट**
(अध्ययन)
**लेखिका** : पूर्णिमा शर्मा
**प्रकाशक** : गरुड़ प्रकाशन, गुरुग्राम
**मूल्य** : ₹329

**घुसपैठिए** यों तो वैश्विक समस्या है, लेकिन यहां बात अपने देश की हो रही है। बड़ा देश है, इसलिए यहां चुनौतियां भी बड़ी और अलग-अलग तरह की हैं। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास और सुरक्षा जैसी अनेक चुनौतियां कहें या समस्याएं मानो जीवन का अंग बन गई हैं। इन सबके बीच 'घुसपैठियों' की समस्या ने इन्हें न केवल बढ़ाया है, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए खतरा भी पैदा किया है। आज हालत यह है कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों ने पूरे देश में अपनी जड़ें जमा ली हैं। इस देश के नागरिकों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, उन पर भी यह धीरे-धीरे कब्जा जमा रहे हैं। यही नहीं, देश के कुछ शहरों की तो ये 'डेमोग्राफी' बदलने में भी कामयाब हो चुके हैं। घुसपैठियों की इस देशव्यापी समस्या को बड़े ही संवेदनशील ढंग से सामने रखती है- 'घुसपैठिए : डिटेक्ट, डिलीट, डिपोर्ट।' पुस्तक में विश्वसनीय स्रोतों, आंकड़ों के जरिये घुसपैठ की समस्या का न केवल तार्किक और आंख खोलने वाला विश्लेषण है, बल्कि इसका ठोस समाधान भी प्रस्तावित है।



**डायरेक्टर्स डायरीज**
(सिनेमा/साक्षात्कार)
**लेखक** : राकेश आनंद बक्शी
**अनुवाद** : व्योमा मिश्र
**प्रकाशक** : अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली
**मूल्य** : ₹550

'**मेरी** मां मुस्लिम होने के बावजूद, एक ऐसी महिला थीं, जो मुझे भगवान गणेश, शिव और पार्वती की कहानियां सुनाती थीं। वही थीं, जिन्होंने मुझे रामायण और महाभारत से परिचित करवाया और मुझे 'या अली मदद वली' जैसा शिया भजन भी दिया...' -महेश भट्ट। 'मैं आज जिस ढंग का हूं और जैसा भी हूं, उसमें जमशेदपुर की मिली-जुली तहजीब ने एक अहम किरदार निभाया है। मैं सिख घरों में खेलता-कूदता, खाता-पिता और गुरुद्वारे में भक्तों की सेवा करता था। जब मैंने 2007 में अपनी दूसरी फिल्म 'जब वी मेट' लिखी, तो कभी-भी पंजाब न जाने के बावजूद मुझे अच्छी तरह मालूम था कि खालसा-सिख घरों का माहौल कैसा होता है...' -इम्तियाज अली। 'डायरेक्टर्स डायरीज' में फिल्म निर्देशकों के निजी जीवन और करियर से जुड़े ऐसे ढेरों किस्से हैं। पुस्तक में प्रसिद्ध फिल्म गीतकार आनंद बक्शी के पुत्र राकेश आनंद बक्शी द्वारा लिए बारह मशहूर फिल्म निर्देशकों के साक्षात्कार हैं। इनमें महेश भट्ट, गोविंद निहलानी, इम्तियाज अली, सुभाष घई, आशुतोष गोवारिकर, प्रकाश झा और तिग्मांशु धूलिया आदि प्रमुख हैं।

# रोजनामचा

## साप्ताहिक भविष्यफल

(10 मई से 16 मई 2026)



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष (21 मार्च-20 अप्रैल)**
मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष (21 अप्रैल-20 मई)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। सेहत का ध्यान रखें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा।

**मिथुन (21 मई-21 जून)**
आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। पटन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कर्क (22 जून-23 जुलाई)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शांति रहेगी। संतान सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। खर्च भी अधिक रहेंगे।

**सिंह (24 जुलाई-22 अगस्त)**
आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु मन परेशान हो सकता है। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्या (23 अगस्त-22 सितंबर)**
मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**तुला (23 सितंबर-23 अक्तूबर)**
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सेहत के प्रति सचेत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक (24 अक्तूबर-21 नवंबर)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार का साथ रहेगा। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**धनु (22 नवंबर-21 दिसंबर)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मकर (22 दिसंबर-19 जनवरी)**
मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में बदलाव की संभावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

**कुंभ (20 जनवरी-18 फरवरी)**
किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन (19 फरवरी-20 मार्च)**
आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

10 मई, रविवार,2026, **शक संवत्** : 20 वैशाख (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 27 वैशाख मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 22 जिल्काद, 1447, **विक्रमी संवत्** : प्रथम (शुद्ध) ज्येष्ठ कृष्ण अष्टमी तिथि अपराह्न 03.07 मिनट तक। शतभिषा नक्षत्र, ब्रह्म योग रात्रि 02.09 मिनट तक पश्चात ऐंद्र योग, कौलव करण। चंद्रमा मकर राशि में दोपहर 12.13 मिनट तक उपरांत कुंभ राशि में। **सूर्य उत्तरायण।** बसंत ऋतु। सायं 04.30 मिनट से सायं 06 बजे तक राहुकालम्। श्री शीतलाष्टमी व्रत। पंचक प्रारंभ दोपहर 12.13 मिनट से।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**अपने जीवन को बेहतर बनाने और लाभ पाने के लिए क्या करें?** -राहत सैनी, रोहतक

- प्रतिदिन अपने लक्ष्यों, शुभ इच्छाओं को लिखने की आदत डालें, क्योंकि आप जो लिखते हैं, वही सोचते हैं और जो सोचते हैं, वही बनते हैं।
- सुबह उठते ही शिकायत करना और रात को सोते समय डर के साथ सोना, दोनों ही आपके भाग्य को नुकसान पहुंचाते हैं।
- घर की उत्तर पूर्व दिशा में एक मिट्टी का दीया रखें। यदि घर में जगह-जगह कागज बिखरे रहते हैं, तो मन भी बिखरा ही रहेगा। यही बात आपके ऑफिस पर भी लागू होती है। यदि आपकी टेबल व्यवस्थित नहीं है, तो आप फोकस नहीं कर पाएंगे।

## वर्ग पहेली : 8324



**ऊपर से नीचे**

1. माथा पच्ची करना; सिर खपाना (2,3)
2. सेवा अवधि; कार्य करने की अवधि (4)
3. ठौर; निवास का ठिकाना; खोज; सुराग (2)
4. अच्छे लक्षणों वाला; सुयोग्य (4)
6. दरार पड़ जाना; फट जाना (3)
7. ऊंचा करना; सहारा देना; जगाना; प्रगति कराना (3)
8. जिसका वर्णन न किया जा सके (5)
9. पथिक; मुसाफिर; यात्री; राही (4)
10. रुकना; थमना; टिकना; बना रहना; तय होना (4)
13. थका हुआ; शिथिल; पराजित; हारा हुआ (2)

**बाएं से दाएं**

2. रूप, गुण, दशा, स्थिति आदि में पूर्ण बदलाव होना; रूपांतर होना (2,3,2)
5. किसी वस्तु पर इस प्रकार आघात करना जिसमें खट-खट का शब्द हो; भड़काना; झगड़ा करा देना (4)
6. फल का आहार; फलों से बना भोजन (4)
7. हवा में ऊपर उठना; तेज चलना; फैलना; रंग का फीका पड़ जाना (3)
11. कलरव करना; पक्षियों की तरह मधुर स्वर करना; प्रसन्न होकर अधिक बोलना (4)
12. इधर-उधर की बातें करके ध्यान बंटाना; बहकाना; भुलावा देना (4)
14. सांझ होना; सूरज ढलना; सूर्यास्त होना (3,2,2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली 8323 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | 2 द | 3 र | बा | र | 4 ल | गा | ना |
| 5 द | ल | ह | न | ■ | ■ | ह | ■ | ■ |
| य | ■ | क | ■ | ■ | 6 ध | रा | त | 7 ल |
| वि | ■ | 8 ना | दा | 9 न | ■ | ना | ■ | ला |
| 10 दा | ग | ■ | ■ | म | ■ | ■ | 11 प | ट |
| र | ■ | 12 द | ■ | 13 क | थि | 14 त | ■ | च |
| 15 क | या | म | त | ■ | ■ | ड़ | ■ | म |
| ■ | ■ | ख | ■ | ■ | 16 का | पा | लि | क |
| 17 प | रा | म | र्श | क | र | ना | ■ | ना |

## सुडोकू : 8306

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | 3 | | 5 |
| 9 | | | 6 | | | | 7 | |
| | | | 1 | 5 | | | | |
| 6 | 9 | | 8 | 3 | | | | 2 |
| | | 4 | | | | 7 | | |
| 8 | | | | 4 | 1 | | 5 | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | |
| | 8 | | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | 5 | | | | | 9 | |

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## हल : सुडोकू नं. 8305

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 1 |

लोकमत सारांश

थोडक्यात... पण सखोल

इन्फो स्टोरी

# परदेशातून भारतात आले ११.४ लाख कोटी रुपये

## जागतिक अर्थव्यवस्थेत भारताचे स्थान मजबूत

**जागतिक अर्थव्यवस्थेत भारताचे स्थान दिवसेंदिवस मजबूत होत असल्याचे पुन्हा एकदा सिद्ध झाले आहे. २०२४ मध्ये परदेशात स्थायिक झालेल्या भारतीयांनी मायदेशी तब्बल १३७ अब्ज डॉलर्स (सुमारे ११.४ लाख कोटी रुपये) पाठवले आहेत. संयुक्त राष्ट्रांच्या 'इंटरनॅशनल ऑर्गनायझेशन फॉर मायग्रेशन' (आयओएम)ने प्रसिद्ध केलेल्या जागतिक स्थलांतर अहवाल २०२६ नुसार, भारत जगातील सर्वाधिक 'रेमिटन्स' मिळवणारा देश ठरला आहे.**

### भारतात परदेशातून येणारे पैसे असे वाढत गेले




### १४ वर्षांत दुपटीहून अधिक वाढ

१. विशेष म्हणजे, १०० अब्ज डॉलर्सचा टप्पा ओलांडणारा भारत हा जगातील एकमेव देश आहे. भारतापाठोपाठ मेक्सिको, फिलिपिन्स आणि फ्रान्स यांचा क्रमांक लागतो.

२. मात्र, ते भारताच्या आकड्यांच्या जवळपासही नाहीत. २०१० मध्ये भारताला ५३.४८ अब्ज डॉलर्स प्राप्त झाले होते, ज्यात गेल्या १४ वर्षांत दुपटीहून अधिक वाढ झाली आहे.

३. अहवालानुसार, अमेरिका हा जगातील सर्वाधिक पैसे बाहेर पाठवणारा देश ठरला आहे. अमेरिकेतून १०० अब्ज डॉलर्सपेक्षा जास्त रक्कम बाहेर गेली. त्याखालोखाल सौदी, स्वित्झर्लंड व जर्मनीचा क्रमांक लागतो.

### परदेशातून मायदेशी पैसा पाठवण्यात अग्रेसर देश

| क्रमांक देश | रक्कम (अब्ज डॉलर) |
|---|---|
| १ भारत | १३७ |
| २ मेक्सिको | ६७ |
| ३ फिलिपाइन्स | ४० |
| ४ फ्रान्स | ३० |

### कोणत्या देशातून पाठवले जातात सर्वाधिक पैसे?

| क्रमांक देश | बाहेर पाठवलेली रक्कम (अब्ज डॉलर) |
|---|---|
| १ अमेरिका | १०० |
| २ सौदी अरेबिया | ४६ |
| ३ स्वित्झर्लंड | ४० |
| ४ जर्मनी | २४ |

### परदेशात शिकणारे विद्यार्थी?

| क्रमांक देश | विद्यार्थ्यांची संख्या |
|---|---|
| १ चीन | १० लाख |
| २ भारत | ६.२ लाख |
| ३ उझबेकिस्तान | १.५ लाख |
| ४ व्हिएतनाम | १.३४ लाख |
| ५ जर्मनी | १.२६ लाख |

### नैसर्गिक आपत्तीमुळे विस्थापन

फिलिपिन्स **९० लाख**

भारत **५० लाख**

चीन **३९ लाख**



एआय इमेज

### 'ब्रेन ड्रेन'चे रूपांतर 'ब्रेन गेन'मध्ये

भारतातील तंत्रज्ञान क्षेत्राच्या प्रगतीत परदेशातील भारतीयांचा मोठा वाटा आहे. भारताने राबवलेल्या विशेष धोरणांमुळे आणि स्टार्टअप मेंटॉरशिपमुळे आता 'ब्रेन ड्रेन' (बुद्धिमत्तेचे पलायन) थांबून 'ब्रेन गेन' (बुद्धिमत्तेचा लाभ) होत असल्याचे अहवालात नमूद केले आहे.

### भारत आपत्तींमुळे विस्थापनात दुसरा

अहवालात एका चिंताजनक बाबीकडेही लक्ष वेधण्यात आले आहे. २०२४ मध्ये भारतात पूर आणि चक्रीवादळां-सारख्या नैसर्गिक आपत्तींमुळे ५० लाखांहून अधिक लोकांचे अंतर्गत विस्थापन झाले आहे. आशिया खंडात विस्थापनाच्या बाबतीत फिलिपिन्सनंतर भारताचा दुसरा क्रमांक लागतो.

हॉट-टॉपिक

# सोमनाथ : अखंड श्रद्धापर्व अन् महाराष्ट्राशी जडलेले अभेद्य नाते

**सोमनाथ मंदिर केवळ एक प्राचीन मंदिर नसून भारताच्या अभेद्य संस्कृतीचे आणि धैर्याचे मूर्तिमंत प्रतीक आहे. महाराष्ट्राशी त्याचे नाते अनेक वर्षांपासूनचे आहे. हे ज्योतिर्लिंग केवळ श्रद्धेचे केंद्र नाही, तर आक्रमण, पुनर्बांधणी, आत्मसन्मान, राज्यकारभार आणि राष्ट्रीय पुनर्जागरणाचा इतिहास आणि वर्तमान त्याला आहे. २०२६मध्ये आपण साजरे करीत असलेले 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' हे या प्रवासाला नव्या पिढीसमोर आत्मविश्वासाने, अभिमानाने आणि संतुलित भावनेने मांडणारा वळणबिंदू आहे.**

**देवेंद्र फडणवीस**
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

गुजरातमधील सोमनाथ मंदिरावर मोहम्मद गझनीने १०२६ मध्ये सर्वप्रथम आक्रमण केले. हे आक्रमण धर्मयुद्ध तर होतेच, पण ती व्यापारमार्ग आणि सोमनाथमध्ये असलेल्या संपत्तीवर लक्ष केंद्रीत करणारी आक्रमक कारवाई सुद्धा होती. सोमनाथावर झालेल्या प्रत्येक आक्रमणानंतर स्थानिक समाज, व्यापारी, साधू-संत, नंतर मराठा व पुढे स्वातंत्र्योत्तर नेतृत्व, कोणी ना कोणी नव्याने उभे राहिले आणि सोमनाथाचे संरक्षण केले. सोमनाथचा इतिहास प्रतिकार आणि पुनरुत्थान दोन्हींचा एकत्रित इतिहास आहे.

सोमनाथ आणि महाराष्ट्राचे नाते भूगोलाने नव्हे, तर इतिहासाने जोडलेले आहे. मराठा साम्राज्याचा सोमनाथशी संबंध सांस्कृतिक, आर्थिक आणि सामरिक या तीन स्तरांवर आहे. सांस्कृतिक स्तरावर, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर हा सर्वात मोठा अध्याय. इंदूरच्या होळकर घराण्याची ही राणी, जी महाराष्ट्रातील मराठा राजवटीचा भाग होती, त्यांनी १७८३ मध्ये सोमनाथ मंदिराच्या जीर्णोद्धाराचा निर्णय घेतला. भग्नावस्थेतील हे मंदिर त्यांनी पुन्हा उभे केले. समुद्राच्या लाटांच्या धक्क्यांपासून, तसेच भविष्यातील नौदल गोळीबारापासून संरक्षण मिळावे, म्हणून नवीन मंदिर थोडे आतल्या बाजूला उभे केले. हा निर्णय फक्त श्रद्धा म्हणून न बघता राज्यकारभारातील 'स्पेशल इंटेलिजन्स' म्हणून पाहिला तर अहिल्यादेवी होळकर यांचे दूरदर्शी नेतृत्व दिसून येते.

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर यांनी केवळ सोमनाथचेच पुनरुज्जीवन केले असे नाही तर काशी विश्वनाथाचे पुनरुज्जीवन, गया येथे घडवलेली कामे, द्वारकेतील मंदिरांचे सुशोभीकरण देखील त्यांनी केले. तडे गेलेली सभ्यता पुन्हा उभी केली. होळकर-शिंदे-भोसले अशा सरदारांची भूमिका यात महत्त्वाची होती. सोमनाथ हा त्या सर्वांच्या एकत्रित प्रयत्नांचा एक महत्त्वाचा उपक्रम होता. आर्थिक स्तरावर, मराठ्यांनी सोमनाथ-वेरावल परिसराला तीर्थक्षेत्र म्हणूनच नव्हे, तर महसुली मालमत्ता म्हणूनही समजून घेतले. त्यामुळे सोमनाथच्या सुरक्षेवर खर्च करणे, किल्ले-ठाणी व रक्षक ठेवणे हे मराठा सत्तेसाठी भावनिकच नव्हे, आर्थिकदृष्ट्याही योग्य होते.

सामरिक स्तरावर, सोमनाथ-काठियावाड हा भाग मराठा सत्तेसाठी पश्चिमेकडील बफर झोन होता. संपूर्ण मराठा इतिहासात गायकवाडांचा स्वतंत्र उल्लेख जरूरी आहे. मूळ महाराष्ट्रातून गेलेले हे बडोद्याचे सरदार गायकवाड यांनी गुजरातच्या काठियावाड परिसरावर दीर्घकाळ राज्य केले. त्यांच्या वतीनेच स्थानिक वतनदार, कारकून, पटेल-पटवारी या यंत्रणेने सोमनाथ व आसपासचा कार्यभार चालवला. सोमनाथचा रोजचा कारभार आणि मोठ्या निर्णयांचे वजनही, मराठा सत्तेच्या कक्षामध्येच राहिले होते. ईस्ट इंडिया कंपनीने १९ व्या शतकात मराठा साम्राज्य मोडीत काढण्यास सुरुवात केली, तेव्हा सोमनाथ परिसरातील देवस्थान जमिनी आणि महसूल हा करारांमधील महत्त्वाचा मुद्दा बनला.

### स्वातंत्र्योत्तर भारत अन् ...

स्वातंत्र्यानंतर भारतात सरदार वल्लभभाई पटेल यांनी सोमनाथ पुनर्बांधणीचा संकल्प केला. अशा धार्मिक स्मृती जपल्याच पाहिजेत असे त्यांचे आणि के. एम. मुन्शी यांचे आग्रही मत होते. यंदा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्वा'ने याला नवा अर्थ दिला आहे. मोहम्मद गझनीने केलेल्या पहिल्या आक्रमणाला एक हजार वर्षे पूर्ण होत असताना, देशाने हा प्रसंग अखंड श्रद्धेचा महापर्व म्हणून साजरा करण्याचे ठरवले आहे. गुजरात सरकार, केंद्र सरकार, अनेक सांस्कृतिक संस्था, साधू-संत, विद्वान, आणि सर्वसामान्य भक्त यांच्या सहभागातून हे स्वाभिमान पर्व आकाराला आले आहे.

**या पर्वानिमित्त देशभरातून यात्रेचे कार्यक्रम आणि दिल्लीपासून निघालेली स्वाभिमान यात्रा हेच दर्शवते की, सोमनाथ फक्त गुजरातचा विषय नसून तो देशाचा विषय आहे. त्यात पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांचा सहभाग आणि नेतृत्व विशेष उल्लेखनीय आहे. त्यांनी १०-११ जानेवारीला सोमनाथ येथे पर्वात सहभाग घेतला, स्वाभिमान आणि अखंड श्रद्धा या संकल्पनांना वर्तमान भारताच्या संदर्भात जोडून मांडले. त्यांच्या भाषणांतून आणि उपस्थितीतून एक महत्त्वाचा संदेश गेला आणि तो म्हणजे- सांस्कृतिक स्मृतीचा सन्मान करणे म्हणजे कोणाविरुद्ध द्वेष बाळगणे नाही, उलट, स्वविश्वासाने उभ्या असलेल्या भारताचेच हे लक्षण आहे. म्हणूनच, या पर्वाच्या पार्श्वभूमीवर पंतप्रधान मोदी यांचे अभिनंदन करणे म्हणजे एका सरकारचा नव्हे, तर एका दृष्टिकोनाचा गौरव करणे आहे.**

### 'स्वाभिमान पर्व' ही तर जिद्दीची सत्यकथा

१. 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' हे हिशेब मांडणारे पुस्तक नाही; तो राष्ट्राचा सामूहिक मानस आहे. पुनर्बांधणीची, पुनरुत्थानाची संस्कृती जिवंत ठेवायची असेल, तर सोमनाथची कथा सतत सांगितली गेली पाहिजे.

२. **सोमनाथच्या घंटानादात आजही एकच ध्वनी घुमतो आणि तो म्हणजे आक्रमण होऊ शकतात, सत्ताबदल होऊ शकतात, वाद होऊ शकतात; पण जो समाज आपल्या स्मृतीचा, श्रद्धेचा आणि स्वाभिमानाचा धागा तुटू देत नाही, त्याला इतिहास संपवू शकत नाही.**

३. २०२६ चे स्वाभिमान पर्व ही त्या अढळ सत्याची, हजार वर्षे चाललेल्या भारतीय जिद्दीची सत्यकथा आहे. भारताच्या नेतृत्वाने ती जाणीवपूर्वक, सन्मानाने आणि उत्तरदायित्त्वाने देशासमोर मांडली, यासाठी पंतप्रधान मोदी यांचे अभिनंदन करावेच लागेल.



लाइफ हॅक्स

# व्हॉट्सअॅपवर मेसेजचा पूर.. नो प्रॉब्लेम..!

**व्हॉट्सअॅप** आता फक्त गप्पांसाठी उरलेलं नाही. ऑफिस, कुटुंब, मित्र, शाळा, बँक, डिलिव्हरी... सगळे मेसेज एकाच ठिकाणी येतात आणि मग सुरू होतो गोंधळ. महत्त्वाचा मेसेज शोधताना शेकडो चॅट्स स्क्रोल करावे लागतात. विशेषतः सतत सक्रिय असलेल्या ग्रुप्समुळे गरजेच्या चॅट्स खाली दबून जातात. म्हणूनच व्हॉट्सअॅपने एक अतिशय उपयोगी सुविधा दिली आहे.. कस्टम लिस्ट्स. यामुळे तुम्ही वेगवेगळ्या लोकांचे आणि ग्रुप्सचे स्वतःचे वेगळे विभाग तयार करू शकता. म्हणजेच कामाचे, घरचे, मित्रांचे किंवा महत्त्वाचे चॅट्स वेगळे ठेवून व्हॉट्सअॅप अधिक व्यवस्थित वापरता येतो.

### यामुळे काय प्रश्न सुटतो?

महत्त्वाचे मेसेज गोंधळात विसरले जात नाहीत. सतत येणाऱ्या ग्रुप मेसेजमुळे होणारा गोंधळ कमी होतो. गरजेचे चॅट्स पटकन सापडतात. व्हॉट्सअॅप वापरणे अधिक सोपे होते.

### काय करायचं?

व्हॉट्सअॅपमधील कस्टम लिस्ट्स सुविधा वापरून तुमचे चॅट्स वेगवेगळ्या गटांमध्ये विभागा.


एआय इमेज

### कसे कराल?

१) व्हॉट्सअॅप उघडा
२) चॅट्स स्क्रीनवर वरच्या बाजूला असलेले '+' किंवा List पर्याय निवडा
३) नवीन लिस्ट तयार करा
४) संबंधित चॅट्स निवडा. त्या लिस्टमध्ये कोणते लोक किंवा ग्रुप ठेवायचे ते ठरवा
५) सेव्ह करा. यानंतर त्या लिस्टवर टॅप केल्यावर फक्त संबंधित चॅट्स दिसतील.

### महत्त्वाची सूचना

ही सुविधा चॅट्स डिलीट किंवा हलवत नाही, फक्त त्यांना व्यवस्थित विभागते. म्हणून एखादा चॅट लिस्टमध्ये टाकला, तरी तो मुख्य चॅट यादीत कायम राहतो.

### अतिरिक्त फायदे

काम आणि वैयक्तिक चॅट्स वेगळे ठेवता येतात. महत्त्वाच्या लोकांचे मेसेज पटकन दिसतात. सतत स्क्रोलिंग कमी होते. वेळ वाचतो.

### लक्षात ठेवा

व्हॉट्सअॅपवर जास्त मेसेज येणं ही समस्या नाही, तर त्यांचं योग्य व्यवस्थापन न होणं ही खरी अडचण आहे. थोडी व्यवस्था केली, तर व्हॉट्सअॅप वापरणं जास्त शांत, जलद आणि कमी तणावाचं होऊ शकतं.

चौफेर

# शेतकऱ्यांच्या सुखसमृद्धीचे 'कस्तुरी' स्वप्न !

**नंदकिशोर पाटील**
संपादक, छत्रपती संभाजीनगर

**भारताच्या** अर्थव्यवस्थेत 'पांढरे सोने' अर्थात कापसाचे स्थान अनन्यसाधारण आहे. मात्र, गेल्या काही वर्षांत घटती उत्पादकता, किडींचा प्रादुर्भाव आणि जागतिक स्पर्धेत गुणवत्तेबाबत निर्माण झालेले प्रश्न यामुळे कापूस उत्पादक शेतकरी आणि कापड उद्योग दोघेही चिंतेत होते. या पार्श्वभूमीवर, पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या अध्यक्षतेखालील केंद्रीय मंत्रिमंडळाने 'मिशन कापूस उत्पादकता' अंतर्गत ५,६५९.२२ कोटी रुपयांच्या निधीला दिलेली मंजुरी हा या क्षेत्रासाठी एक ऐतिहासिक 'टर्नओव्हर' ठरणार आहे.

कापूस क्षेत्रासाठी मंजूर करण्यात आलेला हा निधी ग्रामीण भारताच्या समृद्धीची नांदी आहे. डिजिटल मार्केट यार्ड्स (मंडई), आधुनिक जिनिंग कारखान्यांचे आधुनिकीकरण आणि थेट बाजारपेठेशी शेतकऱ्यांची जोडणी यामुळे मधल्या साखळ्यांमधील गळती थांबेल. जर हे मिशन निर्धारित वेळेत आणि काटेकोरपणे राबवले गेले, तर भारत कापूस उत्पादनात केवळ स्वयंपूर्णच होणार नाही, तर जगाचा 'कापूस कोठार' म्हणून आपली ओळख पुन्हा एकदा सिद्ध करेल. हे मिशन भारताच्या वस्त्रोद्योग क्षेत्राला जागतिक स्तरावर महासत्ता बनवण्याची एक व्यापक रणनीती आहे. केंद्र सरकारचे '५-एफ' (शेतातून धागा, धाग्यातून कारखाना, कारखान्यातून फॅशन आणि फॅशनमधून परदेशात) हे सूत्र या मिशनच्या केंद्रस्थानी आहे.



### उत्पादकता वाढीचे तंत्रज्ञान

१. भारतात कापसाखालील क्षेत्र मोठे असूनही, प्रति हेक्टरी उत्पादकता जागतिक सरासरीच्या तुलनेत कमी आहे. हे मिशन हीच त्रुटी दूर करण्यासाठी 'हाय डेन्सिटी प्लांटिंग सिस्टम' (एचडीपीएस) आणि 'क्लोजर स्पेसिंग' (सीएस) यांसारख्या आधुनिक लागवड तंत्रज्ञानाचा मोठ्या प्रमाणावर प्रसार करणार आहे.

२. **यातून २०३१ पर्यंत कापसाची उत्पादकता ४४० किलो प्रति हेक्टरवरून थेट ७५५ किलो प्रति हेक्टरपर्यंत नेण्याचे महत्त्वाकांक्षी उद्दिष्ट ठेवण्यात आले आहे. हे साध्य झाल्यास एकूण उत्पादन ४९८ लाख गाठींपर्यंत पोहोचेल, ज्यामुळे भारताची आयातीवरील अवलंबित्व संपून तो खऱ्या अर्थाने आत्मनिर्भर होईल.**

### कस्तुरी कॉटन : गुणवत्तेची जागतिक मोहोर

भारतीय कापसाला जागतिक बाजारपेठेत हक्काचे स्थान मिळावे यासाठी 'कस्तुरी कॉटन भारत' या ब्रँडिंगवर विशेष लक्ष केंद्रित केले जाणार आहे.

**कापसातील कचऱ्याचे प्रमाण २ टक्क्यांपेक्षा कमी करणे आणि कापसाची पूर्ण 'ट्रेसेबिलिटी' (उत्पादनापासून प्रक्रियेपर्यंतचा मागोवा) सुनिश्चित करणे, यामुळे भारतीय कापसाचा विश्वासार्हता वाढेल.**

देशातील १४ राज्यांमधील १४० जिल्ह्यांमध्ये या मिशनची अंमलबजावणी होणार असून, सुमारे ३२ लाख शेतकऱ्यांना याचा थेट लाभ मिळणार आहे.

### बदलत्या हवामानाचे आव्हान आणि संशोधन

हवामान बदल आणि नवनवीन कीड-रोगांमुळे कापूस शेती धोक्यात आली आहे. यावर उपाय म्हणून भारतीय कृषी संशोधन परिषद (आयसीएआर) आणि राज्य कृषी विद्यापीठांच्या माध्यमातून हवामान-लवचिक आणि कीड-प्रतिरोधक बियाण्यांचे संशोधन केले जाणार आहे. विशेषतः 'एक्स्ट्रा लाँग स्टेबल' कापसाच्या उत्पादनावर दिलेला भर हा भारतातील उच्च दर्जाच्या कापड निर्मितीला मोठी चालना देणारा ठरेल.

### पर्यावरणपूरक दृष्टिकोन

या मिशनचे सर्वात वैशिष्ट्यपूर्ण पाऊल म्हणजे केवळ कापसावर अवलंबून न राहता इतर नैसर्गिक धाग्यांचा (फायबर्स) विचार करणे. बांबू, केळीचा खांब, तागासारखी पिके व अगदी 'मिल्कवीड' सारख्या नैसर्गिक स्रोतांपासून धागा निर्मितीला प्रोत्साहन दिले जाणार आहे. हे केवळ पर्यावरणासाठी पूरक नाही, तर शेतकऱ्यांच्या उत्पन्नाचे नवे स्रोत निर्माण करणारे आहे. कापूस कचरा पुनर्वापर व 'सर्क्युलर इकॉनॉमी'वर दिलेला भर हा भारतीय वस्त्रोद्योगाला आधुनिक युगाच्या गरजांशी जोडणारा आहे. यामुळे भारतीय कापूस जागतिक फॅशन विश्वावर नक्कीच अधिराज्य गाजवेल.


एआय इमेज

जनसत्ता सरोकार | सम-सामयिक | एक
जनसत्ता | 10 मई, 2026

## राजनीति की प्रयोगशाला है तमिल सिनेमा
## सितारों के प्रशंसक संगठन बन जाते हैं राजनीतिक इकाई

# विजयोदय

**चार मई 2026 को 'इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन' विद्युत की गति से जिसके खाते में मत डाल रही थी, वह पूरे देश को चौंका रहा था। विजय, जिन्हें उनके करोड़ों प्रशंसक तलपति यानी सेनापति कहते हैं, की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने 108 सीटों पर जीत दर्ज की। दक्षिण भारत में फिल्मी सितारे राजनीतिक पार्टी को चलाते हैं तो उत्तर भारत में सितारों को पार्टी चलाती है। उत्तर और दक्षिण भारत के सिनेमा बनाम सत्ता के परिदृश्य में बुनियादी फर्क है। उत्तर और दक्षिण में सिनेमा और सत्ता के सहसंबंध की व्याख्या करता सरोकार।**




**जनसत्ता सरोकार**

यह कोई पहली बार नहीं हुआ। दक्षिण भारत में यह परंपरा छह दशक पुरानी है। एमजी रामचंद्रन, जे जयललिता, एनटी रामाराव, एम करुणानिधि-इन सबने पर्दे से सत्ता तक का सफर तय किया। लेकिन जो सवाल हर बार उठता है, और जिसका जवाब आज तक उत्तर भारत के पास नहीं है, वह यह कि दक्षिण में सितारे राजनेता क्यों बन जाते हैं, जबकि बालीवुड के महानायक राजनीति में पहुंचते ही क्यों फीके पड़ जाते हैं?

तमिलनाडु : यहां फिल्म और राजनीति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। तमिलनाडु की राजनीति को समझना हो तो पहले उसके सौ साल पुराने द्रविड़ आंदोलन को समझना होगा। द्रविड़ विचारधारा पर हुए शोध (आइजेसीआरटी, 2025) के अनुसार, साल 1967 के बाद से तमिलनाडु में कोई भी मुख्यमंत्री ऐसा नहीं रहा, जिसका सिनेमा से कोई नाता न हो। सीएन अन्नादुरई (जो द्रमुक संस्थापक थे), करुणानिधि, एमजी रामचंद्रन, जयललिता, एमके स्टालिन, ये सभी फिल्म की दुनिया से जुड़े। यह संयोग नहीं, यह एक सुनियोजित ऐतिहासिक प्रक्रिया है।

इसकी जड़ें 1925 के पेरियार ईवी रामासामी के आत्मसम्मान आंदोलन में है। द्रविड़ राष्ट्रवाद पर राजनीतिक विज्ञान संस्थान के विश्लेषण के अनुसार, जब उत्तर भारत के नेताओं ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की कोशिश की तो यह तमिल अस्मिता पर सीधा हमला माना गया। साल 1930 और साल 1960 के हिंदी विरोधी आंदोलन महज भाषा आधारित नहीं थे, वह सांस्कृतिक अस्तित्व की लड़ाई थी। आइएसईसी के शोध-पत्र के अनुसार, द्रविड़ दलों ने सिनेमा को अपने वैचारिक प्रसार का सबसे सशक्त माध्यम बनाया। ब्राह्मण विरोध, जात समता और तमिल भाषा की गरिमा के संदेश पहले फिल्मों में आए, फिर राजनीति में।

> एक विश्लेषण के अनुसार दक्षिण भारत में फिल्मी सितारों के प्रशंसक संगठन जाति-आधारित होते हैं। गरीब, गैर-ब्राह्मण, दलित युवा, इन संगठनों के मुख्य सदस्य हैं। जब कोई सितारा राजनीति में आता है, तो ये प्रशंसक संगठन तुरंत चुनाव अभियान की इकाई में बदल जाते हैं।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एसवी श्रीनिवास के विश्लेषण के मुताबिक दक्षिण भारत में फिल्मी सितारों के प्रशंसक संगठन जाति-आधारित होते हैं। गरीब, गैर-ब्राह्मण, दलित युवा इन संगठनों के मुख्य सदस्य हैं। जब कोई सितारा राजनीति में आता है, तो ये प्रशंसक संगठन तुरंत चुनाव अभियान की इकाई में बदल जाते हैं। ये संगठन किसी भी राजनीतिक दल के काडर से बेहतर और तेज होते हैं।

एमजीआर : वे पहले नायक, जिन्होंने दक्षिण में इतिहास रच दिया। मरुदुर गोपालन रामचंद्रन (एमजीआर) दक्षिण भारतीय सिनेमा-राजनीति के इस अटूट रिश्ते के सबसे बड़े प्रतीक हैं। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एशियन स्टडीज (आइआइएएस) के विश्लेषण में यह दर्ज है कि एमजीआर की साल 1958 की फिल्म नादोडी मन्नन जो कि उनकी 100वीं फिल्म थी और जिसे उन्होंने स्वयं लिखा, निर्देशित और निर्मित किया, तमिल राजनीति में उनके प्रवेश की असली नींव बनी। इस फिल्म में भ्रष्टाचार, अन्याय और दमन के खिलाफ आम आदमी के नायक की जो छवि बनी, वह उनकी राजनीतिक पहचान बन गई।

साल 1977 में एमजीआर ने अन्ना द्रमुक बनाई और पहले ही प्रयास में सत्ता हासिल की। वही उपलब्धि जो 49 साल बाद 2026 में विजय दोहराने की दहलीज पर खड़े हैं। एमजीआर की सफलता का रहस्य था पर्दे पर बनाई गई गरीबों के मसीहा की छवि का सीधा राजनीतिक रूपांतरण। तमिल दर्शक उनके नेता और अभिनेता की छवि में फर्क नहीं करता था। पर्दे पर जो न्याय का योद्धा था, वही मतपत्र पर भी वोट पाने का हकदार माना गया।

### जयललिता, करुणानिधि और नंदमूरि तारक रामाराव : तीन अलग रास्ते, एक ही मंजिल

एमजी रामचंद्रन के बाद जयललिता ने यह परंपरा आगे बढ़ाई। जयललिता का सफर सबसे कठिन था। एक महिला अभिनेत्री से तमिलनाडु की सबसे शक्तिशाली नेता बनने तक। रामचंद्रन की छत्रछाया से निकलकर उन्होंने अपनी अलग राजनीतिक पहचान गढ़ी। तमिल राजनीति में अम्मा (मां) की छवि का वे पर्याय बन गईं। उनके कार्यकाल ने साबित किया कि सिनेमाई लोकप्रियता, जब संगठनात्मक शक्ति और राजनीतिक कौशल से जुड़ती है, तो वह स्थायी शासन में बदल सकती है।

करुणानिधि का रास्ता अलग था। वे अभिनेता नहीं, पटकथा लेखक थे। उन्होंने फिल्मों को वैचारिक प्रसार का माध्यम बनाया। द्रविड़ आंदोलन के संदेश पहले फिल्मी संवादों में गूंजे, फिर राजनीतिक भाषणों में। आंध्र प्रदेश में एनटी रामाराव (एनटीआर) ने साल 1982 में तेलगू देसम पार्टी बनाई और नौ महीने के भीतर मुख्यमंत्री बन गए। यह अब तक की सबसे तेज सत्ता-यात्राओं में से एक है।

### विजय 2026: 59 साल की बंद खिड़की खुली

जोसेफ विजय चंद्रशेखर 51 साल के हैं। उन्हें दुनियाभर में सिर्फ विजय या तलपति (सेनापति) के नाम से जाना जाता है। उन्होंने तमिलनाडु के आधुनिक इतिहास में सबसे धमाकेदार चुनावी शुरूआत की। उनकी टीवीके को लगभग 35 फीसद मत मिले हैं। द्रमुक की 59 और अन्ना द्रमुक की 47 सीटों की तुलना में 108 सीटें मिली हैं। 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 118 सीटें चाहिए थीं। टीवीके दस सीटों से पीछे रही, जिससे त्रिशंकु सदन बना।

यह जीत किसी चमत्कार की उपज नहीं थी। विजय ने दो फरवरी 2024 को टीवीके के गठन की घोषणा की। वे बिना किसी गठबंधन के 234 सीटों पर अकेले उतरे। 30 मार्च 2026 को अपना घोषणापत्र जारी किया। नशामुक्त राज्य, युवाओं को रोजगार की गारंटी, बिना गारंटी के शिक्षा ऋण और छात्रों को मासिक आर्थिक सहायता। यह एजंडा ठीक वही था जो तमिल युवा चाहता था, और जो द्रमुक और अन्ना द्रमुक दोनों देने में विफल रहे। इस बार तमिलनाडु के इतिहास में सर्वाधिक 85.1 फीसद मतदान हुआ। यह रिकार्ड मतदान आंशिक रूप से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के कारण था। इसमें नाम काटे जाने के डर से मतदाता रिकार्ड संख्या में निकले, लेकिन इसमें टीवीके की जनाकर्षण शक्ति की भी बड़ी भूमिका थी।

*-प्रस्तुति : संजय शर्मा*

## राजनीति के आसमान में कुछ सितारे नहीं बना सके अपनी पहचान

**जनसत्ता सरोकार**

तमिलनाडु की राजनीति में विजय से पहले तीन बड़े नाम आए। रजनीकांत, कमल हासन और कैप्टन विजयकांत। तीनों राजनीति में अलग-अलग कारणों से विफल रहे।

### रजनीकांत की पार्टी नहीं बनी

दिसंबर 2020 में रजनीकांत ने बड़ी घोषणा की। अपने रजनी मक्कल मंद्रम को राजनीतिक पार्टी में बदलेंगे और साल 2021 के सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। लेकिन चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले जनवरी 2021 में किडनी की समस्या और कोविड के खतरे का हवाला देकर पीछे हट गए। पार्टी कभी औपचारिक रूप से पंजीकृत नहीं हुई, एक भी चुनाव नहीं लड़ा गया। रजनीकांत ने सिनेमा को नहीं छोड़ा और राजनीति में पूरी प्रतिबद्धता नहीं दिखाई। मतदाता उन पर भरोसा नहीं कर सके। करोड़ों प्रशंसक निराश हुए।




### कमल हासन : शहरी सपना, ग्रामीण जमीन नहीं

कमल हासन ने 21 फरवरी 2018 को मक्कल नीधि मैयम (एमएनएम) बनाई। एमएनएम ने साल साल 2019 में लोकसभा और साल 2021 के विधानसभा चुनावों में भागीदारी की। लेकिन पार्टी एक भी सीट नहीं जीत सकी। पार्टी का वोट मुख्यतः शहरी इलाकों तक सिमट गया। सबसे बड़ा झटका तब लगा, जब कमल हासन खुद कोयंबटूर दक्षिण से भाजपा की वनाती श्रीनिवासन से मात्र 1,728 मतों से हार गए। साल 2024 तक एमएनएम व्यावहारिक रूप से समाप्त हो गई और कमल हासन द्रमुक के समर्थन से राज्यसभा सांसद बन गए। उन्होंने भी सिनेमा और राजनीति एक साथ चलाने की कोशिश की।




### विजयकांत : जल्दी उभरे, जल्दी खो दी पहचान

एमजीआर और जयललिता के बाद तमिलनाडु में राजनीति में छाप छोड़ने वाले एकमात्र अभिनेता थे। उनकी डीएमडीके ने साल 2006 के पहले ही चुनाव में 8.33 फीसद वोट पाए और द्रमुक को अल्पमत सरकार बनाने पर मजबूर किया। साल 2011 में वे विपक्ष के नेता बने। यह उनका शिखर था, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर अस्थिर व्यवहार, शराब पीने के आरोप और बिगड़ते स्वास्थ्य के बाद साल 2016 में पार्टी का वोट शेयर आठ फीसद से गिरकर मात्र 2.4 फीसद रह गया। दिसंबर 2023 में उनका निधन हो गया।




## बालीवुड के शहंशाह ने कहा, यह खेल मुझसे बड़ा

**जनसत्ता सरोकार**

बालीवुड के सितारों का राजनीतिक इतिहास चमकदार नहीं रहा है। अमिताभ बच्चन साल 1984 में इलाहाबाद से लोकसभा चुनाव जीते। लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच कार्यकाल पूरा भी नहीं किया और खुद कहा, 'यह खेल मुझसे बड़ा है, मैं इसे नहीं संभाल सकता।' धर्मेंद्र को पता ही नहीं था कि वे राजनीति में क्यों आए। संसद में वे शायद ही बोले। गोविंदा ने पांच साल के कार्यकाल में संसद में मात्र दो मिनट का भाषण दिया। उनकी उपस्थिति 15 फीसद से भी कम थी।

उत्तर भारत में बालीवुड के सितारे पार्टी के लिए भीड़ खींचने वाले की भूमिका में रहते हैं, खुद नेता नहीं बनते। एक अभिनेत्री ने कहा कि मैंने कई बार अपनी बात रखने की कोशिश की, लेकिन विनम्रता से कहा गया, प्रचार करो, बाकी हम देखेंगे। सबसे सफल उत्तर भारतीय सितारा-नेता रहे सुनील दत्त। वे पांच बार सांसद रहे और मंत्री भी बने। उन्होंने फिल्मी सितारे की आभा को शासन के ऊपर कभी नहीं आने दिया। वे एक राजनेता के रूप में ढल गए।

### पांच बुनियादी फर्क

पहला-भाषाई और सांस्कृतिक पहचान। एक विश्लेषण के अनुसार, तमिल, तेलगू, कन्नड़, इन भाषाओं की अपनी मजबूत सांस्कृतिक पहचान है जो राष्ट्रीय राजनीति से अलग और प्रतिस्पर्धी है। उत्तर भारत में हिंदी सिनेमा व्यापक है। कोई एक राज्य उसे अपना नहीं मान सकता। दक्षिण में तमिल फिल्म तमिल गौरव का प्रतीक है। जब विजय तमिल भाषा के लिए आवाज उठाते हैं, तो वे सिर्फ अभिनेता नहीं, तमिल अस्मिता के प्रतिनिधि बन जाते हैं।

दूसराः पर्दे पर राजनीतिक भूमिकाएं। आइआइएएस के विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण भारतीय फिल्में दशकों से नायक को जनता के मसीहा, व्यवस्था विरोधी नायक, गरीबों के रक्षक के रूप में दिखाती हैं। एमजीआर की हर फिल्म में वे कमजोर की लड़ाई लड़ते थे। एक समीक्षक का कहना है कि, यह मानना गलत है कि उनकी सफलता विचारधारा से थी, लेकिन पर्दे पर बनाई गई सामाजिक छवि ने जातीय और वर्गीय समूहों को एकजुट किया। उत्तर भारत में अमिताभ भी 'एंग्री यंग मैन' थे, लेकिन वह छवि किसी एक राज्य की सांस्कृतिक पहचान से नहीं जुड़ी।

तीसरा- प्रशंसक संगठन का चुनावी संगठन। दक्षिण भारत में प्रशंसकों के संगठन जाति-समूहों पर आधारित हैं और इनके पास संगठन, संसाधन और अनुशासन होता है। जैसे ही कोई सितारा राजनीति में आता है, ये संगठन चुनाव-प्रबंधन इकाइयों में बदल जाते हैं। उत्तर भारत में ऐसी संगठित प्रशंसक संस्कृति नहीं है। बालीवुड के सितारों के प्रशंसक राष्ट्रव्यापी बिखरे हैं, किसी एक राज्य में केंद्रित नहीं।




चौथा-स्वतंत्र पार्टी बनाम पार्टी का उपकरण। एमजीआर, एनटीआर और विजय सभी ने अपनी स्वतंत्र पार्टी बनाई। उनकी राजनीतिक पहचान किसी बड़ी पार्टी की मुहताज नहीं थी। उत्तर भारत में अमिताभ कांग्रेस के टिकट पर लड़े, धर्मेंद्र-हेमा मालिनी भाजपा के। वे पार्टी के चेहरे थे, पार्टी के नेता नहीं। यह मूलभूत फर्क है कि दक्षिण में सितारा पार्टी को चलाता है, उत्तर में पार्टी सितारे को चलाती है।

पांचवां-द्विदलीय थकान की बात करते हैं। तमिलनाडु में साल 1967 से द्रमक और अन्ना द्रमुक का बारी-बारी से शासन रहा। 59 साल में मतदाता इस चक्र से ऊब चुके थे। विजय ने इसी थकान को भुनाया। आंध्र में एनटीआर ने कांग्रेस की एकाधिकारी सत्ता के खिलाफ उठे जनाक्रोश को आवाज दी। उत्तर भारत में बहुदलीय राजनीति पहले से इतनी विखंडित है कि किसी एक नए चेहरे के लिए जगह बनाना मुश्किल है।

### क्या उत्तर में भी हो सकता है ऐसा?

प्रश्न उठता है कि क्या भविष्य में उत्तर भारत का कोई फिल्मी सितारा ऐसा कर सकता है? जिस तरह बालीवुड के सितारों ने राजनीति में प्रवेश किया है, उसमें कभी-कभी उनकी सितारा शक्ति ने वोट दिलाए। हेमा मालिनी मथुरा से तीन बार लगातार जीतीं, मनोज तिवारी उत्तर-पूर्व दिल्ली से तीन बार जीते। लेकिन इनमें से किसी ने भी स्वतंत्र पार्टी नहीं बनाई, जाति-समूहों को एकजुट नहीं किया और किसी बड़े सांस्कृतिक आंदोलन की नुमाइंदगी नहीं की।

रजनीकांत ने साल 2021 में राजनीति में उतरने की घोषणा की थी, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से पीछे हट गए। कमल हासन की पार्टी मक्कल नीधि मैयम साल 2021 में विफल रही और बाद में वे द्रमुक गठबंधन में शामिल हो गए। टीवीके की सफलता ने अब पवन कल्याण (आंध्र प्रदेश) जैसे दूसरे दक्षिण के सितारों के लिए भी एक नई राह खोली है जो जनसेना पार्टी से उपमुख्यमंत्री बन चुके हैं।

# उथल-पुथल के बीच बदलाव



## दूसरी नजर

**पी चिदंबरम**

**विपक्षी दलों की ओर से भाजपा को दृढ़ता के साथ चुनौती देनी होगी। भारत को एक लोकतांत्रिक, संघीय और धर्मनिरपेक्ष देश बनाए रखने के लिए राजनीतिक विकल्पों को संरक्षित रखना आवश्यक है। विपक्षी गठबंधन को वर्ष 2024 में आंशिक सफलता मिली, लेकिन वह उस गति को बनाए रखने में विफल रहा। विपक्षी गठबंधन अभी संघर्ष करता और असमंजस की स्थिति में दिखता है, फिर भी भाजपा को चुनौती देने का यही एकमात्र प्रभावी माध्यम है।**

चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में हाल में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों से तीन राज्यों- केरलम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में नाटकीय बदलाव हुए हैं। जबकि असम और पुदुचेरी में मतदाताओं ने यथास्थिति बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया।

इन चुनावों पर एक ही दृष्टिकोण से बात करना संभव नहीं है। हर राज्य में एक अलग विमर्श उभरकर सामने आया है। ***केरलम*** का परिदृश्य सीधा एवं स्पष्ट है। यहां कई दशकों से संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा यानी यूडीएफ और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा यानी एलडीएफ बारी-बारी से राज्य की सत्ता में रहे हैं। यह सिलसिला वर्ष 2021 में तब टूटा, जब पिनरई विजयन के नेतृत्व में एलडीएफ दूसरी बार सत्ता में आई। कांग्रेस ने नया नेतृत्व (पीसीसी और सीएलपी) स्थापित किया और पिछले पांच वर्षों में पार्टी ने नए जोश के साथ सच्चे विपक्ष के रूप में काम किया है। इसका परिणाम स्पष्ट नजर आ रहा है। अब यूडीएफ की जिम्मेदारी है कि वह अपने शासन से ऐसे परिणाम दें, जो गठबंधन सहयोगियों को एकजुट रखे तथा धर्मनिरपेक्षता, आर्थिक प्रगति, समृद्धि और संघवाद को आगे बढ़ाए।

### अप्रत्याशित परिणाम

***तमिलनाडु*** की कहानी जटिल है। यहां कांग्रेस और अन्य धर्मनिरपेक्ष दलों के समर्थन से द्रमुक वर्ष 2021 में भारी बहुमत के साथ सत्ता में आई। उसने निस्संदेह दो मोर्चों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया- *आर्थिक विकास* और *कल्याणकारी योजनाओं* को लागू करना। मगर जाहिर तौर पर मतदाताओं को प्रभावित करने वाले अन्य कारक भी थे। इनमें से एक अज्ञात कारक था अभिनेता जोसेफ विजय का चुनाव में उतरना, जिनके प्रशंसकों की संख्या, खासकर युवाओं और महिलाओं की बहुत अधिक है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही एक नई राजनीतिक हवा चलनी शुरू हो गई, मतदान की तारीख से ठीक पहले आखिरी *दस दिनों* में यह हवा तेज होकर तूफान में बदल गई, इसने 108 निर्वाचन क्षेत्रों को प्रभावित किया, लेकिन इससे आगे नहीं बढ़ पाई। दो साल पुरानी राजनीतिक पार्टी (टीवीके) के लिए यह एक शानदार शुरुआत थी। इसके अधिकांश उम्मीदवार अनजान चेहरे थे और कुछ ही लोगों ने प्रचार किया। हर जगह उम्मीदवार *'विजय'* ही थे। विजय के कुछ छोटे भाषण, वीडियो संदेश और कई फिल्मी गाने ही 'चुनाव प्रचार' का आधार बने। इस चुनाव में टीवीके साधारण बहुमत से 11 सीट पीछे रह गई, लेकिन *राष्ट्रपति शासन* और *दोबारा चुनाव* से बचने के लिए, कांग्रेस (5), सीपीआइ (2), माकपा (2) और वीसीके (2) ने टीवीके को समर्थन देने का फैसला किया है।

***पश्चिम बंगाल*** की कहानी सबसे महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें देश की राजनीति की दिशा बदलने की क्षमता है। यहां धर्मनिरपेक्ष दल- कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और माकपा ने पिछले दस वर्षों में मजबूत हुई भाजपा के खिलाफ अलग-अलग चुनाव लड़े। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में एसआइआर ने बड़ी संख्या में मतदाताओं को मतदान से वंचित कर दिया और लोकतंत्र पर गहरा आघात हुआ। ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां बेटा या बेटी मतदाता थे, लेकिन पिता या माता नहीं थे। परिवार मतदाता और गैर-मतदाता में बंट गए थे। न्यायपालिका और अस्थायी न्यायिक उपायों ने लाखों मतदाताओं को निराश किया तथा हजारों लोगों को मताधिकार से वंचित कर दिया गया। एसआइआर के अलावा तीन कार्यकाल का बोझ भी तृणमूल कांग्रेस के लिए भारी साबित हुआ।

### भाजपा का दबदबा

तृणमूल कांग्रेस की पराजय गंभीर घटनाक्रमों का संकेत देती है: भाजपा अब अकेले या गठबंधन सरकारों के माध्यम से ***पश्चिमी*** राज्यों (महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा), ***हिंदी पट्टी*** के अधिकांश हिस्सों (हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को छोड़कर), ***पूर्वी*** राज्यों और ***पूर्वोत्तर*** में शासन कर रही है। प्रतीकात्मक रूप से कहा जाए तो विंध्य पर्वतमाला भाजपा के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों में प्रवेश के रास्ते में बाधा बनी हुई है। केरलम और तमिलनाडु में प्रवेश करने के उसके अथक प्रयासों को मतदाताओं ने पूरी तरह से नकार दिया (जिसके परिणामस्वरूप भाजपा को क्रमशः तीन और एक सीटें मिलीं)। हालांकि, शेष भारत पर उसका नियंत्रण लगभग पूर्ण हो चुका है।

वर्ष 2024 में लोकसभा में केवल 240 सीटें जीतने के बावजूद भाजपा ने संसद में कई विवादास्पद विधेयक पारित किए हैं:

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025

जम्मू-कश्मीर स्थानीय निकाय (संशोधन) अधिनियम, 2025

कराधान कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025

राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025

अन्य विवादास्पद विधेयक भी आने वाले हैं, जिनमें लोकतंत्र विरोधी 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक भी शामिल है। बहुमत न होने के बावजूद भाजपा ने संसद में विवादास्पद संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य सितंबर 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक को *निरस्त करके पुनः लागू करना* था। इस नए विधेयक का वास्तविक मकसद परिसीमन को आगे बढ़ाना और प्रत्येक राज्य में लोकसभा सीटों की संख्या में परिवर्तन करना था। हालांकि विपक्षी गठबंधन ने इस विधेयक को विफल कर दिया। यदि भाजपा की जीत का सिलसिला जारी रहता है, तो सरकार संसदीय प्रणाली के आवरण में एक सत्तावादी राज्य स्थापित करने के लिए संविधान में संशोधन करने का प्रयास करेगी। भाजपा का अगला लक्ष्य एकात्मक संविधान (संघवाद का खात्मा), हिंदुत्व को प्रमुख विचारधारा बनाना (धर्मनिरपेक्षता का खात्मा), पूंजीवाद को आर्थिक माडल के रूप में स्थापित करना (कल्याणकारी राज्य का खात्मा) और अंततः एकदलीय राष्ट्र (लोकतंत्र का खात्मा) स्थापित करना होगा।

### एकजुट हों और मुकाबला करें

विपक्षी दलों की ओर से भाजपा को दृढ़ता के साथ चुनौती देनी होगी। भाजपा रूढ़िवादी ध्रुव होगी। भारत को एक लोकतांत्रिक, संघीय और धर्मनिरपेक्ष देश बनाए रखने के लिए राजनीतिक विकल्पों को संरक्षित रखना आवश्यक है। विपक्षी गठबंधन को वर्ष 2024 में आंशिक सफलता मिली, लेकिन वह उस गति को बनाए रखने में विफल रहा। विपक्षी गठबंधन अभी संघर्ष करता और असमंजस की स्थिति में दिखता है, फिर भी भाजपा को चुनौती देने का यही एकमात्र प्रभावी माध्यम है।

चुनाव के बाद ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस) ने इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का वादा किया है। एमके स्टालिन (द्रमुक) ने गठबंधन के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं कहा है। उनके पूर्व बयानों ('भाजपा मेरी वैचारिक शत्रु है') से यह संभव लगता है कि विजय (टीवीके) को विपक्षी गठबंधन में शामिल किया जा सके। यह सच है कि गठबंधन के घटकों के बीच मूलभूत मतभेद हैं, लेकिन इन मतभेदों को ***राज्य स्तर*** तक ही सीमित रखना चाहिए और ***राष्ट्रीय स्तर*** पर एकता स्थापित करनी चाहिए। इसके लिए तत्परता, संवाद और दृढ़ता की आवश्यकता होगी।

# तीसरा विकल्प



## वक्त की नब्ज

**तवलीन सिंह**

**परिवर्तन के कारण ही पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी जैसी अनुभवी मुख्यमंत्री को भाजपा हरा सकी है इस बार। ममता को खुद इतना विश्वास था अपनी जीत पर कि नतीजों को स्वीकार करने के बदले वे कहने लगीं कि चुनाव चोरी किया गया है। इसलिए त्यागपत्र देने के बदले वे सड़कों पर अपनी लड़ाई लेकर जाएंगी। ऐसा अगर वास्तव में करती हैं ममता दी, तो नुकसान उनका अपना तो होगा ही, भारतीय लोकतंत्र का भी होगा।**

कभी-कभी अपने देश की चुनावी सरगर्मियों को दूर से देखने में नए पहलू साफ नजर आते हैं। कुछ ऐसा हुआ मेरे साथ पिछले सप्ताह जिस दिन तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरलम, असम और पुदुचेरी के चुनाव नतीजे आए थे, तब मैं स्विट्जरलैंड में थी एक छोटे, सुंदर से गांव में। यहां आना हुआ इसलिए कि इस गांव में एक खास अस्पताल है जहां सिर्फ पुनर्वास होता है उनका, जो किसी मस्तिष्क आघात या पार्किंसंस जैसी गंभीर बीमारी के बाद पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। चिंता न करें, मैं बात अपने स्वास्थ्य की नहीं कर रही हूं, एक करीबी दोस्त की कर रही हूं, जिनके साथ आई हूं।

स्विट्जरलैंड में इलाज करवाने बहुत पहले से मरीज आते रहे हैं। पुराने जमाने में आते थे तपेदिक के मरीज। पहले पहाड़ों की ठंडी और साफ हवा को तपेदिक का इलाज माना जाता था। अपने देश में तपेदिक के मरीज भी पहाड़ों में जाते थे। मसूरी जैसी जगहों में अस्पताल बने थे इस किस्म के उपचार के लिए। यूरोप के लोग आते थे स्विट्जरलैंड। जिस गांव में मैं हूं, उसकी तकरीबन सारी अर्थव्यवस्था इस अस्पताल पर कायम है।

इसलिए इस गांव में होते हुए मैंने इंटरनेट की मेहरबानी से देखे वे सारे शो जिनमें चुनावों से जुड़े लंबे-चौड़े विश्लेषण किए राजनीतिक पंडितों ने। वे सारे अखबार भी पढ़ने को मिले जो मैं रोज पढ़ती हूं जब भारत में होती हूं। मुझे वह बात बहुत कम सुनने को मिली जो मेरी राय में इन चुनावों में खास है। वह यह है कि शायद पहली बार उस 'जेन-जी' की क्रांति के आसार दिखे हैं जो हमारे पड़ोसी देशों में बहुत पहले दिखे। शुरुआत हुई थी श्रीलंका में, जब आम लोग अपने राजनेताओं से इतना तंग आ चुके थे कि राष्ट्रपति के घर में घुस कर उन्होंने तोड़फोड़ की और कई राजनेताओं के घर तक जलाए गए। राष्ट्रपति को देश छोड़ कर भागना पड़ा। फिर आई बात इस तरह के इंकलाब की बांग्लादेश में और हाल में नेपाल में भी 'जेन-जी' की क्रांति देखने को मिली।

भारत में इस तरह की क्रांति आनी मुश्किल है। शायद इसलिए कि लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं हमारे देश में, लेकिन ऐसा कहने के बाद यह भी कहना होगा कि आम मतदाता उन राजनेताओं और राजनीतिक दलों से तंग आ चुके हैं जिनको बारी-बारी मौका दिया है उन्होंने कुछ ठोस परिवर्तन लाने के लिए, लेकिन विशेष परिवर्तन आया नहीं। सो इस बार तमिलनाडु में अभिनेता विजय को जिता कर मतदाताओं ने साबित किया है कि उनको असली परिवर्तन चाहिए। कौन कह सकता था नतीजे आने से पहले कि इस नई राजनीतिक पार्टी और उसके बिल्कुल नए-नवेले नेता हरा सकेंगे दोनों द्रविड़ दलों को। न राजनीतिक पंडितों को इसका अंदेशा था और न ही चुनाव सर्वेक्षण करने वालों को।

परिवर्तन के कारण ही पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी जैसी अनुभवी मुख्यमंत्री को भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह हरा सकी है इस बार। ममता को खुद इतना विश्वास था अपनी जीत पर कि नतीजों को स्वीकार करने के बदले वे रूठ गईं और कहने लगीं कि चुनाव चोरी किया गया है। इसलिए त्यागपत्र देने के बदले वे सड़कों पर अपनी लड़ाई लेकर जाएंगी। ऐसा अगर वास्तव में करती हैं ममता दी, तो नुकसान उनका अपना तो होगा ही, भारतीय लोकतंत्र का भी होगा।

सवाल यह है कि अपने देश में मतदाता इतने गुस्से में क्यों हैं कि क्रांति करने पर उतर आने की कोशिश कर रहे हैं? यहां याद रखिए कि इस क्रांति की थोड़ी बहुत कोशिश दिखी लोकसभा चुनाव में भी, जब नरेंद्र मोदी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था, बावजूद इसके कि आत्मविश्वास इतना था कि 'चार सौ पार' की बात कर रहे थे। मतदाताओं का गुस्सा मुझे काफी हद तक समझ में आता है। इसलिए कि साल में कई महीने मैं गुजारती हूं महाराष्ट्र के एक समुद्र किनारे गांव में। कोरोना के समय पूर्णबंदी के दौरान पूरा एक साल यहां गुजारा था। इस गांव में काफी तरक्की हुई है पर्यटन की वजह से। मुंबई के अमीर लोगों ने आलीशान कोठियां बनाई हैं। गांव में हर घर छोटे होटल बन गए हैं और पूरी अर्थव्यवस्था अब पर्यटन पर निर्भर है, लेकिन गांव के गरीब लोग अब भी गरीब हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे पहले थे।

कुछ ऐसा हुआ है राष्ट्रीय स्तर पर पूरे भारत में। राजनेता जानते हैं कि गरीब मतदाता उनसे खुश नहीं हैं, तो उनके वोट लेने के लिए हर चुनाव से पहले खैरात बांटी जाती है गरीबों में। लोग ले लेते हैं इस चुनावी घूस को खुशी-खुशी, लेकिन जानते हैं कि इस खैरात से न उनकी बेरोजगारी हटने वाली है और न ही उनके जीवन में वह सुधार आने वाला है जिसका उनको इंतजार है। अभी तक उनके सामने दो ही विकल्प हैं- एक तरफ है भारतीय जनता पार्टी अपने हिंदुत्व का चोला पहने हुए और दूसरी तरफ हैं विपक्षी दल अपने परिवारवाद को धर्मनिरपेक्षता के चोले में छिपाए हुए।

तमिलनाडु में हुए इस चुनाव ने साबित किया है कि तीसरा विकल्प जब भी आएगा, लोग उसको स्वीकार करने को तैयार हैं। यानी वे दिन गए जब मुफ्त की सौगात बांट कर चुनाव जीते जा सकते थे। आम लोगों को चाहिए असली परिवर्तन और जो भी उनको उस असली परिवर्तन की छोटी झलक दिखा सकेगा, मतदाता उसकी तरफ भागने को तैयार हो जाएंगे। अब जब सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर मंदी के बादल दिखने लगे हैं, हमारे राजनेताओं को बचके रहना पड़ेगा, वरना उनकी खैर नहीं है। मेरी अपनी राय यह है कि भारत को सख्त जरूरत है अब उस तीसरे विकल्प की, जैसा हमने तमिलनाडु में इन चुनावों में देखा है।

# पीड़ा के संदर्भ



## समाज

**मोनिका शर्मा**

**बलात्कार की घटनाओं का परिणाम गर्भाधान के रूप में सामने आना पूरी दुनिया में चिंता का विषय बना हुआ है। अलग-अलग देशों में इससे जुड़े कानून अलग हैं। ऐसी घटनाओं से मिली मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना और अनचाही जिम्मेदारी का बोझ झेलने का दर्द सभी जगह एक-सा ही है। समझना आवश्यक है कि बलात्कार की शिकार नाबालिगों को गर्भावस्था के लक्षणों की कोई समझ नहीं होती। अधिकतर बच्चियों को इस बारे में पता चलने या स्वजनों को बताने में देरी हो जाती है।**

लंबे समय से संवेदनाओं के धरातल पर बलात्कार की शिकार बनी नाबालिग बच्चियों के गर्भ को बचाने के सवाल पर बहस जारी है। सवाल यह है कि क्या दुर्व्यवहार का दंश झेलने वाली बच्ची के स्वास्थ्य और भविष्य को जोखिम में डालना उचित है! हाल ही में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता की तीस सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति पर आया निर्णय समग्र समाज के लिए विचारणीय है। इस मामले में न्यायालय ने न केवल समय के साथ कानून में बदलाव लाने की बात कही, बल्कि यह भी स्पष्ट कहा कि जब गर्भधारण बलात्कार के कारण हुआ हो, तो समय सीमा नहीं होनी चाहिए। ऐसे में अगर गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो पीड़िता को जीवनभर मानसिक आघात झेलना पड़ेगा। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात की अनुमति देते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को निर्देश दिया कि वह पीड़िता के माता-पिता को इस मुद्दे पर उचित परामर्श दे। अगर मां को स्थायी शारीरिक हानि नहीं होती है, तो गर्भपात किया जाना चाहिए। इस विषय में अंतिम निर्णय पीड़िता और उसके परिवार का होना चाहिए। अदालत ने केंद्र सरकार से भी कहा कि कानून में संशोधन कर बलात्कार पीड़िताओं को बीस सप्ताह से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए।

देखा जाए तो शोषण और सामाजिक आक्षेपों से उपजी भावनाओं और उलझनों को समझने वाली इस टिप्पणी का एक मजबूत व्यावहारिक धरातल है। गौरतलब है कि एम्स द्वारा उच्चतम न्यायालय की ओर से पंद्रह साल की लड़की को तीस सप्ताह की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दिए जाने के आदेश को रद्द करने के लिए यह याचिका दाखिल की गई थी। मगर पीठ ने कहा कि 'यह एक उपचारात्मक याचिका है। किसी पर अनचाहा गर्भ नहीं थोपा जा सकता। सोचिए कि वह एक बच्ची है, जिसे इस समय पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनाना चाहते हैं। उसने जो पीड़ा और अपमान सहा है, उसकी कल्पना कीजिए।' निश्चित रूप से मातृत्व एक बड़ी जिम्मेदारी और मन से जिया जाने वाला भाव है। समझना कठिन नहीं कि किसी नाबालिग की अवांछित गर्भावस्था को जबरन जारी रखने के मामले इस भाव से कोसों दूर होते हैं। बलात्कार के कारण हुई अनचाही गर्भावस्था जीवन के हर पक्ष पर दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव डालती है। मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं शिक्षा और सामाजिक-पारिवारिक जीवन भी बुरी तरह प्रभावित होता है। इसके बावजूद गर्भावस्था को कायम रखना सीधे-सीधे नागरिक अधिकारों का हनन है। ऐसे में शीर्ष अदालत ने भी कहा कि प्रजनन संबंधी स्वायत्तता, निजता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित मौलिक अधिकार है... ऐसे मामलों में राहत नहीं दी गई, तो अवैध तथा असुरक्षित गर्भपात केंद्रों की ओर रुख करने की समस्या बढ़ सकती है।

बलात्कार जैसे जघन्य आपराधिक घटना की बदौलत हिस्से आए ऐसे हालात नाबालिग लड़कियों के भीतर अवसाद, चिंता और आत्महत्या की मनःस्थिति तक बना देते हैं। बहुत सारी पीड़ित महिलाओं को मनोवैज्ञानिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पढ़ाई छूट जाती है। अपनों के व्यवहार में उनके प्रति सहजता का भाव नहीं रहता। सामाजिक परिवेश में भी उपेक्षा और उलाहने ही मिलते हैं। भविष्य हर मोर्चे पर असुरक्षित प्रतीत होता है। ज्ञात हो कि पिछले साल बंबई हाईकोर्ट ने भी पंद्रह वर्षीया बलात्कार पीड़िता को गर्भ हटाने की अनुमति दी थी। इस मामले में पीड़िता ने कहा था कि वह भावनात्मक, आर्थिक और सामाजिक रूप से बच्चे की देखभाल नहीं कर पाएगी।

असल में बलात्कार की घटनाओं का परिणाम गर्भाधान के रूप में सामने आना पूरी दुनिया में चिंता का विषय बना हुआ है। अलग-अलग देशों में इससे जुड़े कानून अलग-अलग हैं। ऐसी घटनाओं से मिली मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना और अनचाही जिम्मेदारी का बोझ झेलने का दर्द सभी जगह एक-सा ही है। समझना आवश्यक है कि बलात्कार की शिकार नाबालिगों को गर्भावस्था के लक्षणों की कोई समझ नहीं होती। अधिकतर बच्चियों को इस बारे में पता चलने या स्वजनों को बताने में देरी हो जाती है। कुछ समय पहले शिमला में बलात्कार की शिकार एक नाबालिग पीड़िता द्वारा अपनी माता से पेट में दर्द की शिकायत करने पर गर्भवती होने का पता चला। कम उम्र में शारीरिक शोषण करने वालों में पचास फीसद आरोपी बच्चों के परिचित और परिवार के भरोसे वाले लोग होते हैं। नाबालिग बच्चियां डर की वजह से भी इनकी शिकायत नहीं कर पातीं। उत्पीड़न को लेकर अभिभावकों को कुछ नहीं बता पातीं।

ऐसे मामलों में कानून के साथ-साथ समाज की सोच में भी बदलाव आवश्यक है। उत्पीड़न की शिकार नाबालिग के लिए यह स्थिति बिना कोई अपराध किए दंड मिलने जैसी होती है। ऐसे में न केवल परिवार का सहयोग और संबल जरूरी है, बल्कि कानूनी बदलाव भी वक्त का तकाजा है। आमतौर पर पहले से ही शोषण का दुख झेल रहीं बच्चियां बिल्कुल अकेली पड़ जाती हैं। बलात्कार के परिणामस्वरूप जन्म लेने वाले बच्चों के लिए फिलहाल कोई कानून नहीं है। कुछ साल पहले इलाहबाद हाईकोर्ट ने कहा था कि नाबालिग से बलात्कार के बाद जन्मे बच्चे का दोषी पिता की संपत्ति पर अधिकार होगा। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा भी ऐसे बच्चे को मां से अलग मुआवजा देने का आदेश दिया जा चुका है। बंबई हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि पीड़िताओं को मुआवजा देना पर्याप्त नहीं, उनसे जन्मे बच्चों के लिए भी नीति बने। विचारणीय है कि यह स्थिति खुद नाबालिग मां या उसके परिवार के लिए ही सहज नहीं होती। कुछ समय पहले लखनऊ में बलात्कार की शिकार हुई बारह साल की बच्ची के मां बनने पर बच्ची और परिवार ने नवजात को घर ले जाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में हालिया न्यायिक निर्णय बलात्कार का दंश झेल चुकी बच्चियों का भविष्य सहेजने वाला है।

# किसी का प्रवक्ता न बन



## बाखबर

**सुधीश पचौरी**

**हर वक्ता-प्रवक्ता पहले अहिंसा का देवदूत बनकर कहता है कि मैं इस हत्या की निंदा करता हूं, फिर धारणा गढ़ता है कि हम हर प्रकार की हिंसा को निंदनीय मानते हैं। फिर अपनी धारणा की पंतग उड़ाने लगता है कि प्रशासन क्या कर रहा था... चुनाव आयोग और सुरक्षा दल क्या कर रहे थे!**

एक चेतावनी- चार मई के बाद गुंडों को उलटा लटका कर सीधा कर देंगे! फिर एक जवाब- चार मई के बाद देखते हैं दिल्ली का कौन आपको बचाने आता है! चार मई की सुबह- चैनलों में मतदान बाद सर्वेक्षण को लेकर भिड़ंत जारी। भाजपा मतदान बाद जनमत सर्वेक्षण में आठ में से छह में जीतती दिखी। तृणमूल दो मतदान में जीतती दिखी! तनाव जारी! अंत में आए परिणाम और उनके साथ आई 'चार मई' की 'क्रांति'! तृणमूल कांग्रेस साफ और भाजपा को तगड़ा बहुमत! ममता दीदी को बड़ा झटका! वे अपने गढ़ भवानीपुर चुनाव क्षेत्र से हारीं और भाजपा के बड़े नेता शुभेंदु 15000 मत से जीते।

मतगणना के दौरान अपनी आसन्न हार को देख ममता दीदी का मतदान केंद्र में घुसना और देर तक बैठे रहना। फिर सुरक्षा बलों पर धक्का-मुक्की के आरोप लगाना। अंत में भाजपा की प्रचंड जीत और तृणमूल कांग्रेस की करारी हार... और बंगाल में लोगों का जश्न मनाना। दिल्ली में भाजपा के मुख्यालय में शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन कि 'अंग, बंग ओर कलिंग' में भाजपा की जीत... बंगाल में 'भय' की जगह 'भरोसे' की जीत..! कई चैनलों ने कहा कि यह है 'हिंदुत्व की जीत', 'सनातन की जीत', 'हिंदू एकजुटता की जीत'! कुछ कहें ध्रुवीकरण की जीत, तो कुछ कहें 2027 के उत्तर प्रदेश के चुनावों का और 2029 के आम चुनावों में भाजपा की जीत का रास्ता साफ!

बंगाल की जनता के दमित विक्षोभ की अभिव्यक्ति। कोई नाचता, कोई गाता, कोई झालमूड़ी-संदेश बांटता, ढोल-चंग बजाते गुलाल लगाते स्त्री-पुरुष वृद्ध और बालवृंद। कोई कहे पंद्रह साल की तानाशाही खत्म... दमन खत्म.. कुछ बताते कि अब तक हम कुछ बोल भी नहीं सकते थे, जरा भी कुछ कहा तो खैर नहीं... न वोट डालने दिया जाता था... पहली बार चुनाव आयोग और सुरक्षा बलों ने हमको निडर भाव से वोट डालने की आजादी दी।

चार मई की हार के बाद ममता दीदी को दे देना था इस्तीफा, लेकिन नहीं दिया। कहने लगीं कि वे इस्तीफा नहीं देंगी। वे हारी नहीं हैं, हराई गई हैं... भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर सौ सीटें चुराई हैं। हम अदालत जाएंगे... जरूरत पड़ी तो अंतरराष्ट्रीय अदालत में जाएंगे... जनतंत्र बचाएंगे... संविधान बचाएंगे..! 'इंडिया' के एक बड़े नेता ने पहले आरोप लगाया कि बंगाल में भाजपा के प्रवेश के लिए दीदी जिम्मेदार... और जब दीदी हार गईं, तो कहने लगे कि ये तो वोट चोरी है। पहले महाराष्ट्र में चुनाव चोरी की गई... फिर हरियाणा का चुनाव चुराया गया..!

'इंडिया' के एक और नेता दौड़े और दीदी से मिले। आंसू पोंछे और कहे कि चुनाव की चोरी की गई है। पहले उत्तर प्रदेश में की गई, आगे भी हो सकती है।

इसके बाद आया बंगाल का असली हिंसक चेहरा। चुनाव परिणामों के दो दिन बाद की रात, भाजपा के बड़े नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सचिव चंद्रनाथ रथ की उनकी कार में उनके घर के पास हत्या। इसने बंगाल की हिंसा को फिर एजंडे पर ला दिया। कुछ कहे कि यह हार की बौखलाहट है, तो कुछ कहे कि चुनाव के दौरान जैसी धमकियां दी गईं... यह सब उन्हीं का नतीजा है। इसके बाद यह हत्या भी बहसों में उसी तरह से निपटाई गई, जिस तरह से कई हत्याएं निपटाई जाती हैं। हर वक्ता-प्रवक्ता पहले अहिंसा का देवदूत बनकर कहता है कि मैं इस हत्या की निंदा करता हूं, फिर धारणा गढ़ता है कि हम हर प्रकार की हिंसा को निंदनीय मानते हैं। फिर अपनी धारणा की पंतग उड़ाने लगता है कि प्रशासन क्या कर रहा था... चुनाव आयोग और सुरक्षा दल क्या कर रहे थे!

इस बीच राज्यपाल ने बंगाल की पिछली विधानसभा और मंत्रिमंडल को भंग कर ममता बनर्जी के इस्तीफा न देने के 'हठ' को बेकार कर दिया और नई विधानसभा तथा नए मुख्यमंत्री के शपथ समारोह का मार्ग प्रशस्त कर दिया। असम और केरल तथा 'पुदुचेरी' में मिले जनादेशों पर भी कोई विवाद नहीं हुआ, लेकिन तमिलनाडु में मामला अटका। तमिल फिल्मी हीरो जोसेफ विजय का दल टीवीके बहुमत से दस ग्यारह सीट कम रह गया। कांग्रेस के पांच सदस्य उसके साथ आए, तो भी बहुमत न हुआ। जोसेफ विजय जब राज्यपाल के पास गए, तो राज्यपाल ने कह दिया कि पहले बहुमत संख्या को दिखाओ, तब शपथ लो।

इसी बिंदु पर संविधान विशेषज्ञों में बहस छिड़ी रही। एक पक्ष का मानना रहा कि विजय सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं। राज्यपाल को चाहिए था कि वे विजय को विधानसभा में अपना बहुमत सिद्ध करने को कहते, लेकिन राज्यपाल अपनी व्यवस्था पर अडिग रहे। अपना जनतंत्र ऐसा ही 'मनमाना' है कि एक हार कर भी इस्तीफा नहीं देता, तो एक जीतकर भी समय से शपथ नहीं ले पाता।

अंत में तृणमूल कांग्रेस की इस हार के बाद पार्टी के कुछ प्रवक्ता चेहरे अचानक 'दयनीय' और 'उपहास' के पात्र बनते दिखे। तृणमूल कांग्रेस का एक प्रवक्ता एक चैनल पर माफी मांगता और कहता दिखा कि मैं तो दबाव में था... मैं सिर्फ प्रवक्ता था, नेता नहीं। इसीलिए हम उस पुराने फिल्मी गाने की तर्ज पर कहेंगे कि 'छुरी बन कांटा बन ओ माई सन! सब कुछ बन, किसी का प्रवक्ता नहीं बन!'

इंडियन एक्सप्रेस समूह
जनसत्ता सरोकार
साहित्य
तीन
जनसत्ता | 10 मई, 2026

# बिन कहे

कहानी

सुमन बाजपेयी

उनके बहु-विशेषज्ञता अस्पताल को बने पांच साल हो गए थे। इस बीच अस्पताल की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई थी। डा. मीरा जो एक स्त्री-रोग विशेषज्ञ थी, ने अपने व्यवसायी पति नीरज की मदद से इस अस्पताल का निर्माण करवाया था। अच्छा इलाज, हर तरह की सुविधाओं और काबिल डाक्टरों के अलावा वहां का माहौल ऐसा था कि मरीजों के प्रति पूरी संवेदना बरती जाती थी। अस्पताल के पांच वर्ष पूरे होने पर एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सारे कर्मचारियों को डा. मीरा और उनके पति ने सम्मानित किया था। रात के खाने के बाद ही उन दोनों को फुर्सत मिल पाई।

मीरा घर लौट आई और नीरज कुछ काम से बंगलुरु के लिए रवाना हो गया। बिस्तर पर लेटी वह समारोह के बारे में सोचने लगी, फिर अचानक पुरानी बातें उनके मन-मस्तिष्क पर दस्तक देने लगी। इस समय वह नीरज को याद कर रही थी। नीरज ही तो है जिसने उनकी जिंदगी के हर पृष्ठ पर हिम्मत और कामयाबी की इबारत लिखी है। वही तो है जिसकी वजह से वह फिर से जी उठी थीं और आज एक सफल डाक्टर बन पाई है।

उन दिनों वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद इस बात की प्रतीक्षा कर रही थी कि उन्हें किस मेडिकल कालेज में दाखिला मिलेगा। पापा के लिए जो एक स्कूल में अध्यापक थे, मेडिकल की पढ़ाई का खर्चा उठाना संभव नहीं था। घर की आर्थिक स्थिति से अवगत होने के बावजूद उन्होंने पापा को बहुत मनाने की कोशिश की। पर उन्होंने कहा कि वह विज्ञान लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर ले, डाक्टरी पढ़ना जरूरी नहीं है। उस समय वह अपने सपनों को टूटते देख इतनी निराश हो गई कि आत्महत्या करने का निश्चय किया। नदी में कूदने के विचार से वह दोपहर को पुल पर जा पहुंची। उस समय न तो ज्यादा लोग थे और न ही वाहन आ-जा रहे थे। वह पुल की दीवार पर चढ़ कर कूदने ही वाली थी कि किसी ने उन्हें पीछे खींच लिया। वह बुरी तरह से कांप रही थी। एक युवक ने उन्हें थामा हुआ था, कोमलता और दृढ़ता से।

'कोई गारंटी थोड़े ही है कि छलांग लगाओगी और मर ही जाओगी। हो सकता है बच जाओ। लोग तो तुम्हारे मरने के बाद भी बातें बनाएंगे ही, पर बच गई तो खुद को जवाब देना ज्यादा कठिन हो जाएगा। मुझे नहीं पता कि किस वजह से तुम ऐसा कदम उठा रही हो, पर कहलाओगी तो तुम कायर ही।' उस युवक ने कहा था। एक अनजान युवक से डांट खाकर सचमुच तब बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई थी। 'इतना बड़ा कदम उठाने का अवश्य ही कोई बड़ा कारण होगा, लेकिन मैं जानना नहीं चाहता। लेकिन मैं तुम्हें तुम्हारे घर अवश्य पहुंचाने जाऊंगा। इस समय तुम्हारी मानसिक स्थिति ऐसी नहीं कि तुम्हें अकेला छोड़ा जाए। हो सकता है पुल से पांव ही फिसल जाए तुम्हारा। तुम्हें बचाने के लिए इतनी मेहनत की है तो घर सही-सलामत छोड़कर आना मेरा दायित्व बनता है।' इस बार वह मुस्कराते हुए बोला था। वह उस समय वहीं से गुजर रहा था, जब उसने उसे छलांग लगाते देखा था। वह उसे अपनी कार में, जो पुल पर ही खड़ी थी, घर छोड़ आया था।



**वह नीरज से बहुत प्रभावित हुई थी। अच्छा लगा था वह उसे। एकदम सीधा-सादा सा दिखने वाले नीरज की आंखों में एक दृढ़ता थी और चेहरे पर मासूमियत।**

मां और पापा को जब पता चला कि वह क्या करने वाली थी तो वह हतप्रभ रह गए। युवक को उन्होंने बार-बार धन्यवाद कहा। उसका नाम नीरज था और उसके पिता का एक अस्पताल था। 'मैं पढ़ना चाहता था, पर न जाने क्यों मन लगा नहीं पाया। मेरे पापा ने कभी डांटा नहीं इस बात के लिए, हालांकि वे चाहते थे कि मैं आइएएस अफसर बनूं। लेकिन उन्होंने मुझे इस बात से हमेशा बचाकर रखा कि इस वजह से मेरे मन में किसी तरह का पछतावा न आए। तभी तो मेरे मन में कभी आत्महत्या करने का ख्याल नहीं आया। आज मैं उनके साथ ही अस्पताल संभालता हूं। उसने बताया तो वह यह सुन आश्चर्यचकित रह गई थी।

वह नीरज से बहुत प्रभावित हुई थी। अच्छा लगा था वह उसे। एकदम सीधा-सादा सा दिखने वाले नीरज की आंखों में एक दृढ़ता थी और चेहरे पर मासूमियत। ऐसा इंसान किसी को धोखा नहीं दे सकता। वह कहना चाहती थी कि क्या वह उसका दोस्त बनना पसंद करेगा, पर वह तो उस समय बोलने की स्थिति में थी ही नहीं। उस अनजान युवक से आंखें भी नहीं मिला पा रही थी। न जाने क्या सोच रहा होगा कि कैसी कायर लड़की है।

अब नियति मीरा के लिए नए द्वार खोल रही थी। घर जाकर नीरज ने जब यह बात अपने पिता को बताई तो उन्होंने न जाने क्या सोचकर मीरा के पापा से मिलने की इच्छा जाहिर की। 'मैं आपकी बेटी की पूरी मेडिकल शिक्षा के लिए आर्थिक मदद करना चाहता हूं। धन की वजह से किसी की शिक्षा नहीं रुकनी चाहिए, ऐसा मेरा मानना है।' 'आपकी सोच का मैं सम्मान करता हूं। पर ऐसा कैसे हो सकता है? मैं आपसे पैसे नहीं ले सकता। अपनी बेटी को पढ़ाना मेरा दायित्व है।' पापा ने सकुचाते हुए कहा था। 'ठीक है तो मैं इसे अपनी बेटी बना लेता हूं। नीरज की जीवन संगिनी बनना पसंद करोगी बेटा?' उन्होंने उसके सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए पूछा था।

वह पापा को देखने लगी थी। कुछ समझ नहीं आ रहा था कि जिंदगी कैसे खेल, खेल रही है। नीरज से शादी, उसके जैसा साथी पाना कौन नहीं चाहेगा? पर पापा ने कहा, 'यह कैसे संभव है? मानता हूं कि नीरज बहुत अच्छा इंसान है और मैं उम्र भर उसका शुक्रगुजार रहूंगा, लेकिन उसने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी है और मीरा डाक्टर बन जाएगी पांच साल में। ये मेल क्या इन दोनों को खुश रख पाएगा? हो सकता है भविष्य में नीरज के मन में हीन भावना आ जाए और वह मीरा की तरक्की को बर्दाश्त न कर पाए।'

आखिरकार फैसला उन दोनों पर छोड़ दिया गया। वे मिलने लगे। एक-दूसरे का साथ, बातें, यहां तक कि सपने भी एकाकार होने लगे। इन मुलाकातों ने एक-दूसरे को समझने में मदद की। प्यार सहज ही बहुत सारी उलझनों को सुलझा देता है, तब उन्हें एहसास हुआ था। जिंदगी अच्छी लगने लगी थी। वह डाक्टर नहीं बन पाई तो भी अब नीरज के साथ खुशी-खुशी जिंदगी गुजारने का ख्याल उसे सहलाने लगा था। 'तुम दोनों शादी करना चाहते हो तो मुझे कोई आपत्ति नहीं, पर शादी पांच साल बाद होगी। मीरा की पढ़ाई का खर्च मैं स्वयं उठाऊंगा।' पापा की खुद्दारी का उन्होंने मान रखा और नीरज ने कहा वह उनका इंतजार करेगा। नीरज का साथ पाकर फिर कुछ भी मुश्किल नहीं रहा था उनके लिए। उसके बाद दोनों ने इस अस्पताल की नींव रखी। जो पैसे नहीं दे सकते, उनका यहां मुफ्त इलाज किया जाता है।

अचानक बेल बजी। मीरा बीती बातों से चौंक कर वर्तमान में आ गई। नीरज था। 'मन नहीं किया आज तुम्हें छोड़कर जाने का। इसलिए बंगलुरु की अपनी यात्रा स्थगित कर दी।' नीरज ने उनके गालों को चूमते हुए कहा। मीरा मुस्करा दी। बिना कहे ही उसकी हर कामना पूरी जो होती रही है।

समय सूचक

# हिंदी पत्रकारिता : दो सौ साल का सफर

जनसत्ता सरोकार

तीस मई, 2026। मौका होगा हिंदी के पहले अखबार उदंत मार्तंड के दो सौ साल पूरे होने का। उदंत मार्तंड को हिंदी का पहला अखबार कहा जाता है। इसे हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने 30 मई 1826 को इस अखबार को पहली बार प्रकाशित किया था। इसलिए इस दिन हिंदी पत्रकारिता दिवस भी मनाया जाता है।

इस अखबार के नामकरण में भी जुगल किशोर शुक्ल की वृहत्तर सोच थी। उदंत का अर्थ होता है समाचार और मार्तंड का अर्थ होता है सूर्य। इस अखबार ने हिंदी पत्रकारिता के लिए सूर्य का ही काम किया। पंडित जुगल किशोर का जन्म कानपुर में 1798 ईस्वी के आस-पास माना जाता है। वे एक पढ़े-लिखे संभ्रांत परिवार से आते थे। उन्हें संस्कृत, हिंदी और फारसी भाषा में महारत हासिल थी। फारसी भाषा पर पकड़ होने के कारण वे कानून और प्रशासनिक कार्यों से भी जुड़े रहे। बाद में वे कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) चले गए जो उस समय का प्रशासनिक व बौद्धिक केंद्र था। उस समय के औपनिवेशिक भारत में प्रशासनिक काम-काज से लेकर शैक्षणिक जगत में अंग्रेजी और फारसी का प्रभाव था। उस समय अंग्रेजी, बंगाली और फारसी में कई अखबार निकलते थे। हिंदीभाषियों के लिए ऐसा कोई प्रयास नहीं किया गया था। इसी माहौल में पंडित जुगल किशोर ने हिंदी के पहले अखबार को प्रकाशित किया। यह साप्ताहिक अखबार था, जिसका प्रकाशन हर मंगलवार को होता था। फारसी और अंग्रेजी के प्रभुत्व के कारण उस वक्त हिंदी पढ़नेवालों की कमी थी। ब्रितानी हुकूमत ने इस अखबार को डाक शुल्क में छूट नहीं दी। आर्थिक संकट को झेलते हुए चार दिसंबर 1827 को उदंत मार्तंड का प्रकाशन बंद हो गया। लेकिन यह हिंदी पत्रकारिता के लिए राह खोल गया।


उदन्तमार्तण्ड

उदंत मार्तंड

# मां के लिए तोहफा

बाल कथा

सरस्वती रमेश

मातृ दिवस आने वाला है। टीना और रीना काफी उत्साहित हैं। वे दोनों अपनी मम्मी को खुश करना चाहती हैं। योजना भी बना ली है। दोनों मिलकर स्पेशल वाल हैंगिंग बनाएंगी। इसमें बीच में मम्मी की बचपन वाली फोटो होगी। फ्राक वाली! नीचे उनके बचपन की शरारत वाली तस्वीर लगाएंगी। मम्मी को इसकी भनक भी नहीं लगने देंगी।

मातृ दिवस के पहले वाले दिन सुबह-सुबह दोनों पास की दुकान में खरीदारी के लिए चली गईं। पास में थे पाकेट मनी से बचाए पैसे और वाल हैंगिंग के लिए जरूरी सामान की सूची। उन्होंने दुकान वाले अंकल को सूची पकड़ा दी। पैसे देकर सामान ले आईं। अब बस उन्हें इंतजार था शाम का, जब मम्मी सब्जी खरीदने बाहर जाएंगी। फिर वे दोनों वाल हैंगिंग बनाने का काम शुरू कर देंगी। लंच के बाद रीना अपने कमरे में जाने लगी। तभी उसकी नजर मम्मी की प्लेट पर पड़ी। प्लेट देख वह चौंक गई। खाना ज्यों का त्यों प्लेट में पड़ा हुआ था।

'मम्मी आपने खाना क्यों नहीं खाया?' रीना ने पूछा।

'रीना बेटा, खाने का मन नहीं कर रहा। थकान लग रही। थोड़ी देर आराम करके खा लूंगी।' बोलते हुए मम्मी अपने कमरे में चली गईं।

थोड़ी देर बाद अचानक से मम्मी के पुकारने की आवाज रीना के कानों में पड़ी।

रीना भागती हुई मम्मी के पास पहुंची, 'क्या हुआ मम्मी?' 'जरा दवाई वाला डिब्बा अलमारी से निकाल कर इधर तो लाना। एक गिलास पानी भी।' मम्मी की आवाज भारी थी।

'क्या हुआ मम्मी। आपकी तबीयत तो ठीक है न।' कहते हुए रीना ने मम्मी के माथे को छूकर देखा। 'आपको तो तेज बुखार है।' माथा छूते ही उसके मुंह से अनायास निकल पड़ा। इतनी देर में टीना भी वहां आ गई थी। दोनों भाग कर दवाई का डिब्बा और पानी लाईं। मम्मी ने बुखार की एक गोली निगल ली और फिर से लेट गईं।

टीना और रीना को मम्मी की चिंता हुई। उनके पापा दफ्तर की मीटिंग के लिए चंडीगढ़ गए हुए हैं। उनको लौटने में अभी दो-तीन दिन लगेंगे। दादी भी अपनी बहन से मिलने सहारनपुर गई हैं। अब क्या होगा। थोड़ी देर तक इंतजार करने के बाद टीना ने मम्मी का माथा छूकर देखा। माथा अब भी गरम था। वह मम्मी को ठंडे पानी की पट्टी करने लगी। कुछ देर बाद मम्मी का बुखार कुछ कम हुआ। मम्मी को अब भूख लगी। वह उठने लगीं तो टीना ने कहा, 'आपको क्या चाहिए। मैं लेकर आती हूं।' 'मुझे भूख लग रही। चाय बनाने जा रही। चाय के साथ बिस्कुट खा लूंगी।' कहकर मम्मी उठने लगी तो टीना ने उन्हें पकड़ लिया। 'आप आराम करिए। चाय बना कर मैं लाती हूं।' टीना ने कहा।

कुछ देर बाद दोनों बहनें ट्रे में चाय और बिस्कुट रखकर ले आईं। मम्मी ने चाय चख कर देखी। बहुत अच्छी चाय बनी थी। उन्हें आश्चर्य हुआ कि इन दोनों ने चाय बनाना कब सीखा। मम्मी ने चाय बिस्कुट खाया और फिर लेट गईं। शाम को उनका बुखार फिर से तेज हो गया। मम्मी को दोबारा बुखार आया तो रीना को पड़ोस वाले डाक्टर अंकल की याद आई। वे उसके घर से थोड़ी ही दूर रहते हैं। मगर अस्पताल से रात आठ बजे तक लौटते हैं। रीना आठ बजने की प्रतीक्षा करने लगी। टीना मम्मी के माथे पर पट्टियां कर रही थी। आठ बजते ही रीना डाक्टर अंकल को बुलाने उनके घर चल पड़ी। संयोग से वे घर के बाहर ही मिल गए। रीना ने उन्हें सारी बात बताई। वो फौरन रीना की मम्मी को देखने आ गए। जांच कर दवाइयां लिखी। डाक्टर अंकल ने कहा, 'अगर कल तक बुखार नहीं उतरा तो इनकी कुछ जांच करानी होंगी।'

मेडिकल स्टोर दूर था। जब रीना ने उन्हें बताया कि घर में कोई नहीं तो डाक्टर अंकल रीना को साथ ले गए। उन्होंने दवाइयां खरीदकर उसे घर के पास तक छोड़ दिया। रीना ने मम्मी को दवाइयां खिला दीं। टीना थोड़ी-थोड़ी देर में उन्हें पट्टी कर रही थी। मम्मी का बुखार कम तो होता था मगर पूरे तरीके से उतरता नहीं था। मम्मी ने कई बार दोनों को अपने कमरे में जाकर सोने के लिए कहा, लेकिन दोनों मम्मी के पास ही बैठी रहीं। तब मम्मी ने उन्हें अपने पास ही सुला लिया।



**सुबह रीना की नींद खुली तो उसने मम्मी का बुखार थर्मामीटर से मापा। अभी उनका माथा ठंडा था। रीना ने मम्मी के लिए चाय बनाई और ब्रेड सेंकने लगी। अब तक मम्मी की नींद भी खुल गई थी। 'अरे तुम क्यों यह सब कर रही। मैं अब ठीक हूं।' मम्मी ने उन्हें देखते ही टोका। 'नहीं मम्मी आप अभी आराम करिए।' रीना ने कहा।**

सुबह रीना की नींद खुली तो उसने मम्मी का बुखार थर्मामीटर से मापा। अभी उनका माथा ठंडा था। रीना ने मम्मी के लिए चाय बनाई और ब्रेड सेंकने लगी। अब तक मम्मी की नींद भी खुल गई थी। 'अरे तुम क्यों यह सब कर रही। मैं अब ठीक हूं।' मम्मी ने उन्हें देखते ही टोका। 'नहीं मम्मी आप अभी आराम करिए।' रीना ने कहा। तब तक टीना भी उठ गई। उसने मम्मी को गले लगाते हुए कहा, 'हैप्पी मदर्स डे मम्मी।' रीना भी बोल पड़ी, 'हैप्पी मदर्स डे मम्मी।'

'हम आपके लिए तोहफा नहीं बना पाए।' रीना बोली। 'आपके बुखार ने हमें समय ही नहीं दिया।' टीना ने कहा। 'मेरे बच्चों, कल से तुम दोनों ने मेरी इतनी देखभाल की है। यही मातृ दिवस का असली उपहार है। ऐसा उपहार तो किसी-किसी को मिलता है'। कहते हुए मम्मी ने दोनों को गले से लगा लिया। दोनों बहनें थोड़ी दुखी हुईं, लेकिन मम्मी से मिली तारीफ के बाद उन्हें तोहफा नहीं देने का गम नहीं रहा। तभी उन्होंने सोचा, तोहफा क्या सिर्फ दिन देख कर दिया जाता। दोनों फिर इंतजार करने लगीं, मम्मी के बाजार जाने का।

# स्त्री की दोहरी हार

जनसत्ता सरोकार

इन दिनों सोशल मीडिया के गदाधारियों ने एक नई राजनीतिक 'खलनायिका' पैदा की है। चार मई के पहले यही राजनेता एक नायिका के तौर पर देखी जा रही थीं। लेकिन चार मई को बंगाल विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद सयोनी घोष को लेकर आभासी आबादी जिस तरह अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रही है, उससे आभास होता है कि राजनीति में स्त्री तभी तक पूजनीय है, जब वह किसी तरह बड़ी जीत लेकर खुद को कथित तौर पर दुर्गा, काली साबित करे। स्त्री किसी कारणवश साधारण साबित होती है तो राजनीतिक परिदृश्य में उसके लिए कोई जगह नहीं होगी।

याद कीजिए पिछला बिहार विधानसभा चुनाव। चुनाव के पहले राष्ट्रीय जनता दल की प्रवक्ता कंचना यादव और प्रियंका भारती की मीडिया के मंचों पर तूती बोल रही थी। दोनों प्रवक्ता मुखर तरीके से सत्ता-पक्ष का विरोध कर विपक्ष की आवाज बन रही थीं। हर चैनल पर उनकी मांग थी, क्योंकि दर्शक उनके तर्क सुनना पसंद करते थे, फिर चाहे वे सत्ता-विरोधी क्यों न हों। बिहार विधानसभा चुनाव में राजद की हार का ठीकरा



मार्गदर्शन

इन्हीं दोनों पर फोड़ा जाने लगा। ये दोनों प्रवक्ता वही बोल रही थीं जो राजद की विचारधारा थी। लेकिन आभासी आबादी ने कहा, इन वाचाल स्त्रियों के कारण ही चुनाव में राजद की हार हुई। ऐसा ठीकरा किसी पुरुष प्रवक्ता पर नहीं फोड़ा गया। प्रियंका भारती की शक्ल-सूरत पर अभद्र टिप्पणियां होने लगीं।

अंग के बाद बंग की राजनीति में सयोनी घोष के भाषण के अंश आम लोगों के मोबाइल पर आ रहे थे। चाहे संसद में उनका भाषण हो या बंगाल के दूर-दराज के गांवों में उनका चुनाव प्रचार। इंटरनेट का बाजार उन्हें दृश्यता दे रहा था। बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के सारे प्रचारक एक तरफ थे तो सयोनी घोष एक तरफ।

बंगाल के नतीजे आने के बाद इंटरनेट पर सयोनी घोष की दृश्यता तो बरकरार रही, लेकिन अब आभासी आबादी उन्हें लेकर पूरी तरह नकारात्मक है। जब गंभीर जगहों पर बंगाल चुनाव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की भूमिका पर बात हो रही है तो इंटरनेट का समुदाय आरोप लगा रहा है कि तृणमूल इसलिए हारी क्योंकि सयोनी घोष आंखों में काबा और दिल में मदीना वाले गीत गा रही थीं। वैचारिक रूप से तृणमूल धर्मनिरपेक्ष राजनीति का प्रतिनिधित्व करती है तो सयोनी घोष पार्टी की विचारधारा पर ही चलेंगी। अब कृत्रिम मेधा के जरिए पितृसत्ता रचनात्मक तरीके से घोष की गरिमा का हनन कर रही है। एक स्त्री नेता के रूप में सयोनी घोष को दोहरी हार की मार झेलनी पड़ रही है। उनकी पार्टी हार कर सत्ता से बाहर हो गई है और वे निजी तौर पर अभद्रता झेल रही हैं।

ऐसा सिर्फ विपक्ष की स्त्री नेताओं के साथ नहीं हो रहा है। बात चाहे कंगना रनौत की हो या फिर मैथिली ठाकुर की, इन दोनों को भी राजनीतिक विचारधारा के परे स्त्री होने के कारण अभद्र भावों की हिंसा का शिकार होना पड़ता है।

# खंबा और थोइबी की प्रेमकथा

जनसत्ता सरोकार

हिंदुस्तान के नक्शे पर मणिपुर की खास जगह है। प्राकृतिक और सांस्कृतिक रूप से यह अद्वितीय है। यहां की लोककथाएं प्रकृति, प्रेम, वीरता और अध्यात्म से जुड़ी हुई हैं। ऐसी ही एक कथा है खंबा और थोइबी की। इस एक कथा में मणिपुर की अद्भुत संस्कृति का सार मिल जाता है। इस लोकथा का जन्मस्थल प्राचीन मोइरांग राज्य माना जाता है। जानकार दावा करते हैं कि इस कथा का उद्गम बारहवीं सदी के आसपास हुआ होगा।

खंबा एक गरीब लड़का था, जिसके माता-पिता नहीं थे। उसका पालन-पोषण उसकी बड़ी बहन खाम्नु ने किया। खंबा बहादुर और विनम्र था। एक उत्सव के दौरान खंबा की मुलाकात राजकुमारी थोइबी से होती है। पहली ही नजर में दोनों को एक-दूसरे से प्रेम हो जाता है। जब थोइबी के पिता को इसके बारे में पता चला तो वे बहुत नाराज हुए। राजघराने के अन्य लोग भी इस बेमेल रिश्ते के खिलाफ खड़े हो गए। उनके लिए सबसे बड़ी आपत्ति खंबा की गरीबी थी।

वहां का एक दरबारी कोंगयांबा भी थोइबी से विवाह करना चाहता था। वह खंबा को थोइबी की जिंदगी से निकालने की तरकीब लगाने लगा। मोइरांग में एक जंगली बैल ने आतंक फैला रखा था। राजा ने

अमर किरदार



**खंबा एक गरीब लड़का था, जिसके माता-पिता नहीं थे। उसका पालन-पोषण उसकी बड़ी बहन खाम्नु ने किया। खंबा बहादुर और विनम्र था। एक उत्सव के दौरान खंबा की मुलाकात राजकुमारी थोइबी से होती है।**

घोषणा की कि जो जंगली बैल पर काबू पाएगा उसे ही सच्चा वीर माना जाएगा। कोंगयांबा बैल को काबू करने के लिए आगे आया, लेकिन जल्दी ही डर कर पीछे लौट गया। तभी खंबा मैदान में उतरा और बड़ी बहादुरी से जंगली बैल पर काबू कर लिया। खंबा की वीरता के इस प्रसंग को मणिपुर के लोकगीतों में भी स्थान मिला। खंबा अपनी बहादुरी, विनम्रता व ईमानदारी से राजा और राजघराने के अन्य लोगों का दिल जीतने में जुटा रहा। लेकिन वह खुद को थोइबी के योग्य साबित करने में नाकाम ही रहा।

खंबा के साथ विडंबना यह हुई कि एक दिन थोइबी ने भी उसकी वीरता की परीक्षा लेने के बारे में सोच लिया। वह खंबा के सामने चुनौती प्रस्तुत करती है। गलतफहमी में थंबा की मृत्यु हो जाती है। थंबा की मृत्यु के बाद थोइबी को अपनी गलती का अहसास होता है। खंबा की मौत के शोक में थोइबी भी अपने प्राण त्याग देती है।

खंबा और थोइबी की जोड़ी को मणिपुर के रोमियो-जूलियट कहा जाता है। ईर्ष्या, सामाजिक गैरबराबरी, साजिश, अपनी प्रेमिका द्वारा ही परीक्षा लिया जाना, इस दुखांत कहानी को कई रंग देते हैं। दुनिया की कई प्रेम कहानियों की तरह खंबा और थोइबी मरने के बाद अमर हो जाते हैं। ये दोनों किरदार मणिपुरी संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। खंबा थोइबी नृत्य मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य की प्रसिद्ध शैली है। राज्य के स्कूलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इसका मंचन किया जाता है। मणिपुर के मोरांग क्षेत्र में इस कथा से जुड़े पारंपरिक उत्सव उल्लास से मनाए जाते हैं। थंबा और खोइबी के गीत प्रेम की परीक्षा का सार बताते हैं।

# कद्र की गरिमा

**विचार बोध**

**रोहित कुमार**

एक मशहूर उक्ति है- दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए, जैसा हम अपने लिए दूसरों से अपेक्षा करते हैं। इसकी इच्छा सबके भीतर होगी कि कोई व्यक्ति उसके साथ अच्छे से पेश आए, सम्मान के साथ संवाद करे और न्यूनतम इतना कद्र जरूर करे, जिससे आपसी गरिमा कायम रहे। समस्या यह है कि हम अपने लिए तो इस बात की उम्मीद करते हैं कि कोई हमारे साथ अच्छे से पेश आए और हमारी कद्र करे, लेकिन हम अपने व्यवहार और प्रतिक्रिया को लेकर ज्यादा संवेदनशील नहीं हो पाते। ऐसे में आखिरकार क्या होता है?

आमतौर पर संवेदनात्मक आधार पर कायम या उसके मुताबिक आसपास विकसित होने वाले मनोभावों के दायरे में जो भी संबंध विकसित होते हैं, उनमें संबंधों की गरिमा का खयाल रखने के दायित्व का निर्वाह अगर एक ही पक्ष को करना पड़ता है या यह एकतरफा तौर पर चलता रहता है, तो इसमें कोई शक नहीं कि यह लंबा नहीं चल सकता। कई बार होता यह है कि जान-पहचान या सहकर्मी या फिर पड़ोसी आदि के स्तर पर दो पक्ष एक कड़ी से जुड़े होते हैं। यह कभी वास्तविकता की आधारभूमि पर होता है, तो कई बार यह महज औपचारिकता के सांचे में चलता रहता है। एक दूसरे से सामना हुआ, हाल-चाल पूछा, जवाब मिला और आगे बढ़ गए। औपचारिकता के साथ जुड़े संबंधों में आगे बढ़ जाने के बाद या हाल-चाल पूछने और बताए जाने के बाद इस बात से शायद ही कोई मतलब होता है कि कौन दुखी है या कौन किस बात से परेशान है या किसको किस मदद की जरूरत है। सामने पड़ने की मजबूरी है, सो औपचारिकता निभाने के लिए हाल-चाल पूछ लिया। इससे ज्यादा संवेदनशीलता के लिए कोई जगह नहीं।



### औपचारिकता से आगे

समस्या तब खड़ी होती है, जब कोई व्यक्ति औपचारिकता के ढांचे को तोड़ कर अपने कार्यस्थल या पड़ोस में किसी अन्य व्यक्ति को महत्त्व देता है, उसकी गरिमा का खयाल करता है और दूसरी ओर से उसकी विनम्रता को कमजोरी के तौर पर देखा जाता है। एक ओर, एक व्यक्ति औपचारिक ढांचे में भी कामकाज और निर्धारित व्यवहारों के बावजूद दूसरे लोगों को अहमियत देता है और दूसरी ओर दूसरे लोग उसकी विनम्रता की वजह से ही उसे हल्के में लेने लगते हैं। ऐसे मामले अपने आसपास बिखरे मिल जाएंगे, जिनमें विनम्र लोगों को लोग महत्त्व देना जरूरी नहीं समझते और एक औपचारिक कार्य-दायित्व का निर्वाह करने में टालमटोल करते रहते हैं। ऐसे में जिस तरह का वातावरण खड़ा होता है, उसमें सहजता कम होती जाती है। यों भी, अगर कद्र करने वालों को प्रत्युत्तर में कद्र के बजाय उपेक्षा या घात मिले, तो वह अपनी ओर से कितने वक्त तक किसी की कद्र कर सकेगा।

### महत्त्व की निरंतरता

यह एक सामान्य मनोविज्ञान है कि महत्त्व देने की निरंतरता तभी बनी रह सकती है, जब इसके एवज में भी महत्त्व मिले। यहां भी आम व्यवहार का वही सिद्धांत लागू होता है कि एकतरफा तौर पर कोई व्यक्ति अनंत काल तक किसी को अपनी ओर से महत्त्व देता नहीं रह सकता। यों भी, यह एक जरूरी पहलू है कि जरूरी न होने के बावजूद अगर एक व्यक्ति किसी को महत्त्व दे रहा है, तो इसका सीधा मतलब उस शख्स का संवेदनशील होना है। संवेदनशीलता का एक अनिवार्य स्वरूप यह है कि इस सांचे में ढला व्यक्ति दूसरे से भी इतना ही संवेदनशील होने की अपेक्षा करता है। अपेक्षा के उलट अगर उसे किसी मोर्चे पर घात मिलता है, तो यह न केवल एक संवेदनशील मन को चोट पहुंचाता है, बल्कि मानवीय व्यवहारों पर भी विपरीत असर पड़ता है। क्या ऐसा भी होता है कि विनम्र व्यवहार और सामने वाले की कद्र करने के बदले मिलने वाला घात किसी व्यक्ति को संवेदनशीलता के प्रति उदासीन बना सकता है?

> **अगर** एक व्यक्ति किसी को महत्त्व दे रहा है, तो इसका सीधा मतलब उसका संवेदनशील होना है। संवेदनशीलता का एक अनिवार्य स्वरूप यह है कि इस सांचे में ढला व्यक्ति दूसरे से भी इतना ही संवेदनशील होने की अपेक्षा करता है। अपेक्षा के उलट अगर उसे किसी मोर्चे पर घात मिलता है, तो यह एक संवेदनशील मन को चोट पहुंचाता है।

### घात की बात

इसका जवाब भी इसी में छिपा है कि एकतरफा कुछ भी लंबा नहीं चलता। हैरानी की बात यह है कि कई लोग अपने अहं और कुंठित मनोभाव की वजह से वैसे लोगों की कद्र करना भी जरूरी नहीं समझते, जो उनकी कद्र करता हो। उल्टे ऐसे लोगों को कमजोर समझ या मान कर उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए तरह-तरह की व्यूह रचना करते हैं और कुत्सित मंशा के साथ उसके बारे में नकारात्मक धारणाएं फैलाते हैं। इस तरह की घात से छल-कपट से दूर रहने वाले व्यक्ति को नुकसान तो हो जाता है, लेकिन उसका फायदा कितना और किसे हो पाता है, यह प्रश्न विचार करने योग्य है। नाहक या सिर्फ निजी कुंठा की वजह से किसी को नुकसान पहुंचाने का हासिल क्या हो पाता है? कई बार तो ऐसा लगता है कि इस तरह की कुंठा के शिकार लोगों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन किया जाना चाहिए कि वे ऐसा करने के लिए ऊर्जा कहां से लाते हैं, नैतिकता को ताक पर कैसे रख पाते हैं, संवेदनहीन कैसे हो पाते हैं और अपने आईने में खुद को कैसे देख पाते हैं।

एक सामान्य और मानवीय संवेदनाओं से लैस व्यक्ति भले ही निजी अहं के दुश्चक्र में उलझे लोगों के निशाने पर आ जाता है, लेकिन यह भी याद रखने की जरूरत है कि इस संसार को अहं, कुंठा या इनके दुश्चक्र से नहीं, मनुष्यता के मूल्यों और संवेदनाओं से जीवित रहना है। खुद घात करने वाले लोग भी अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए अन्य लोगों से संवेदनशील व्यवहार की ही उम्मीद करते हैं। यह अलग बात है कि अपनी आदत से लाचार ऐसे लोग विनम्र लोगों को हल्के में लेते हैं और अपने साथ-साथ समाज को भी व्यापक नुकसान पहुंचाते हैं।

# बाहर से कठोर बेल अंदर मीठे गुण

**नुस्खे**

बेल बेमिसाल फल है। यह प्रकृति का ऐसा उपहार है जो हर किसी को उपलब्ध है। गर्मी में हम कई फल खाते हैं, लेकिन बेल की तरफ हम कम ही ध्यान देते हैं। यह गांवों और शहरों में जितना लोकप्रिय है, उतना बड़े-शहरों और महानगरों में नहीं। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में बेल का विशेष स्थान है। सबसे बड़ी बात यह कि बेल के पेड़ के हर हिस्से यानी पत्तियां, छाल, तना और जड़ इन सभी में औषधीय गुण पाया जाता है। इसका मीठा गूदा सभी को भाता है। जबकि कई रोगों के उपचार में यह देसी नुस्खे का काम करता है।

### पौष्टिक फल

यह एक ऐसा फल है जो बाहर से तो बेहद कठोर है, लेकिन अंदर से उतना ही मुलायम और गूदेदार है। यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर कर देता है। बेल में मौजूद पैक्टीन और टैनिन उल्टी-दस्त और पेचिश को काबू में करते हैं। इसमें लौह तत्त्व, फाइबर, विटामिन-सी और कैल्शियम प्रचुर मात्रा में होता है। बेल का नियमित सेवन करें, तो शरीर को जरूरी पोषक तत्त्व मिल जाते हैं। इसी के साथ व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

### पेट रखे दुरुस्त

आज हर दूसरा या तीसरा आदमी पेट संबंधी समस्याओं से परेशान हैं। पाचन तंत्र खराब होने से दूसरी कई बीमारियां घेर लेती हैं। अगर बेल को नुस्खे के रूप में आजमाया जाए, तो काफी राहत मिलती है। किसी का पेट पूरी तरह साफ नहीं होता या बार-बार शौच जाने की समस्या से वह परेशान है, तो उसे बेल का सेवन जरूर करना चाहिए। यह विरेचक का काम करता है। इससे आंतों की सफाई हो जाती है। इसका एक आसान नुस्खा है। दो बड़े चम्मच बेल के गूदे को आधा गिलास पानी में अच्छी तरह मिला कर शर्बत बनाएं और इसे सुबह तथा दोपहर में लें। बार-बार दस्त होने की शिकायत हो, तो बेल को आजमाना चाहिए। आधा चम्मच बेल के चूर्ण को पानी में लेने से आराम मिलता है।

### बचाए लू से

इन दिनों गर्मी बढ़ गई है। बेल के सेवन का यह सही समय है। गर्मी में बच्चों से लेकर बड़े तक लू की चपेट में आ जाते हैं। अगर लू से बचना है, तो बेल का शर्बत सबसे अच्छा नुस्खा है। बेल शरीर को ठंडक तो देता ही है, रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। इसके अलावा शरीर को ताकत भी मिलती है। जब तीखी धूप हो, तो घर से निकलने से पहले बेल का शर्बत पी लें। इसे बनाना आसान है। बेल को तोड़ कर इसके गूदे को बाहर निकालें। इस गूदे से रेशे को अलग करें। फिर दो बड़े चम्मच गूदे को आधा गिलास पानी में अच्छी तरह घोल लें। यह शर्बत पानी की कमी को दूर करता है। यह लू से लड़ने की शक्ति तो देता ही है, गुर्दे की कार्यक्षमता भी बढ़ा देता है।



### यकृत रखे स्वस्थ

बेल में बीटा कैरोटीन पाया जाता है। यह शरीर से विषैले तत्त्वों को बाहर निकाल कर यकृत के संक्रमण को दूर कर देता है। यकृत को स्वस्थ रखना है, तो इसका आसान-सा नुस्खा है। इसके लिए ताजे बेल के गूदे को रात भर पानी में भिगो कर रखें। इसे सुबह खाएं। इससे यकृत से जुड़े कई रोग ठीक हो जाते हैं। अच्छी बात यह है कि बेल के सेवन से शरीर में विटामिन सी की कमी भी पूरी हो जाती है।

# दवा में कोताही सेहत से खिलवाड़

**सेहत**

दर्दनिवारक दवाओं का प्रचलन इन दिनों काफी बढ़ गया है। बदन दर्द, सिर दर्द या पेट में दर्द होने पर अक्सर लोग चिकित्सक की सलाह लिए बिना दर्दनिवारक दवा खरीद कर खा लेते हैं। मगर चिकित्सक से राय लिए बिना इस तरह की दवाइयां लेना न केवल सेहत से खिलवाड़ है, बल्कि यह जानलेवा भी साबित हो सकती हैं।

### दवा की जरूरत

कुछ दर्द तो थोड़े समय बाद स्वतः ही कम हो जाते हैं। सामान्य सिर दर्द और बदन दर्द में दवा लेने से बचना चाहिए। ध्यान रखने की बात है कि कई दर्दनिवारक इतने प्रभावी होते हैं कि वे हमारे तंत्रिका तंत्र में तंत्रिका के माध्यम से भेजे जाने वाले संकेत में हस्तक्षेप करते हैं। यह तंत्रिका संकेत ही है, जिससे हमें दर्द का पता चलता है। ज्यादातर दर्दनिवारक मस्तिष्क के कुछ खास हिस्से को प्रभावित करते हैं। इसलिए मामूली दर्द में इन दवाओं को न लेना ही अच्छा है, क्योंकि दर्द की असल वजह क्या है, इसका अनुमान मरीज खुद नहीं लगा सकता।



### परहेज की जरूरत

पिछले कुछ वर्षों में 'पैरासिटामोल' दवा का इस्तेमाल बढ़ गया है। इसका प्रतिकूल असर कम ही होता है। यह आसानी से मिल भी जाती है। मगर अब इसका अधिक इस्तेमाल चिंता का विषय है। इसी तरह गैर 'स्टेरायड-एंफ्लेमेटरी' दवाइयां भी खूब बिक रही हैं। इसे सिरदर्द, दांतों का दर्द, गठिया दर्द और मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द में भी लिया जाने लगा है। हालांकि इसकी अच्छी बात यह है कि यह सूजन को रोकती है और इसमें स्टेरायड नहीं होता। इबुप्रोफेन और एस्प्रिन ऐसी ही दवाएं हैं, जिन्हें लोग सहजता से खरीद लेते हैं। इसके अलावा कुछ मिश्रित दवाएं भी आ गई हैं, जिनमें एक से अधिक दवाओं का मिश्रण होता है। मगर ऐसी दवाओं से अपच, कब्ज और तंद्रा जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। इसलिए इनसे बचना चाहिए।

### दर्दनिवारक का प्रभाव

शरीर के किसी हिस्से में होने वाले दर्द को कम करने के लिए कई प्रकार की दवाइयां मिलने लगी हैं। मगर मर्ज को जाने बिना लगातार दर्दनिवारक दवाइयां लेना जोखिम भरा भी हो सकता है। सामान्य रूप से इन दवाओं का यकृत और गुर्दे पर प्रतिकूल असर पड़ता है। पेट संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। इसका असर हृदय तक होता है। वैसे तो इन दवाओं का नकारात्मक असर जल्दी नहीं दिखता, पर कभी न कभी प्रभाव जरूर होता है। कैप्सूल-टैबलेट और सीरप के रूप में ली जा रहीं ये दवाइयां आगे चल कर क्या असर डालेंगी, किसी को पता नहीं होता। कुछ लोगों को पेशाब करते समय कोई समस्या हो सकती है। सीने में दर्द और सांस लेने में भी परेशानी हो सकती है। ऐसे में दर्दनिवारक दवा लेने से बचना चाहिए या फिर कम से कम लेना ही बेहतर।

### सतर्कता जरूरी

कोई भी दर्दनिवारक दवा लेने से पहले सतर्क रहें। खासकर उनको सजग रहना चाहिए, जिन्हें गुर्दे और यकृत में कोई दिक्कत है। न केवल गर्भवती, बल्कि स्तनपान करा रहीं महिलाओं को भी दर्दनिवारक दवा लेने से बचना चाहिए। जिन्हें दिल का दौरा पड़ा हो, उनको भी इससे परहेज करना चाहिए। हृदय और रक्त संचार की समस्या होने पर चिकित्सक की सलाह के बिना दर्दनिवारक लेना जोखिम भरा हो सकता है। इसी तरह चिकित्सक से राय लिए बिना बच्चों को दर्द निवारक नहीं देना चाहिए। अगर किसी की पहले से दवाएं चल रही हों, तो दर्दनिवारक दवाइयां नुकसान पहुंचा सकती हैं।

***(यह लेख सिर्फ सामान्य जानकारी और जागरूकता के लिए है। उपचार या स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए विशेषज्ञ की मदद लें।)***

# संबंधों में धुंधली पड़ती आत्मीयता

**जीवन शैली**

आज के तकनीकी दौर में रिश्तों में आत्मीयता का दायरा लगातार सिमटता जा रहा है। इसके लिए भाग-दौड़ भरी जिंदगी, व्यक्तिवाद, सूचनाओं की भरमार और बदलते सामाजिक मूल्य भी जिम्मेदार हैं। यह एक ऐसी समस्या है, जो लोगों को न केवल शारीरिक, बल्कि भावनात्मक रूप से भी दूर कर रही है। अत्यधिक महत्त्वाकांक्षा और काम की व्यस्तता के कारण लोग अक्सर एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। आभासी दुनिया में सक्रियता ने वास्तविक बातचीत को कम कर दिया है, जिससे रिश्तों में औपचारिकता आ गई है। संबंधों में गहराई की जगह अब जरूरत, स्वार्थ और दिखावे ने ले ली है। अगर किसी रिश्तेदार या दोस्त से निजी हित हल होते दिख रहा हो, तो उसके साथ निकटता का दिखावा किया जाता है और जिनसे कोई काम नहीं होता, उन्हें हाशिये पर डाल दिया जाता है।

### स्वार्थ की अपेक्षाएं

जब रिश्तों में त्याग की भावना कम और स्वार्थ या अपेक्षाएं बढ़ जाती हैं, तो आत्मीयता कम होने लगती है। रिश्तों का आत्मिक होना कोई स्वायत्त प्रणाली नहीं है, इसके लिए एक-दूसरे से स्नेह, भावनाओं का सम्मान, आपसी समझ, सुख-दुख में साथ देना और परस्पर भरोसे की नींव तैयार करनी पड़ती है। समय के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आता रहता है, लेकिन छोटी-छोटी समस्याओं को सुलझाने के बजाय उन्हें वाद-विवाद से इतना बड़ा कर दिया जाता है कि रिश्तों में दरार पैदा हो जाती है। स्वार्थपन रिश्तों पर हावी होता नजर आ रहा है, जब जरूरत हो, तो संबंधों पर जमी धूल को झाड़-पोंछ कर उसे नया रूप देने की कोशिश की जाती है और जब काम निकल गया तो उसे बेकार की वस्तु मानकर किसी कोने में फेंक दिया जाता है।

### संवादहीनता का सिलसिला

एक समय था जब किसी परिवार में विवाह, पूजा-पाठ या कोई अन्य समारोह होता था, तो सभी रिश्तेदारों को घर-घर जाकर न्योता दिया जाता था। इससे संबंधों में आत्मीयता झलकती थी। मगर आज के तकनीकी दौर में फोन या ई-मेल पर या फिर सोशल मीडिया के जरिए इस तरह के न्योते दिए जाते थे, जिनमें अपनापन कम और औपचारिकता ज्यादा दिखती है। यानी संवाद की जगह अब डिजिटल स्क्रीन ने ले ली है, जिससे संबंधों में भावनात्मक दूरियां पैदा हो रही हैं। काम की व्यस्तता और अपनों की उपेक्षा की बढ़ती प्रवृत्ति से हम रिश्तों के मायने एवं महत्त्व को भूलते जा रहे हैं।



> ***किसी** भी रिश्ते में सम्मान और भावनाओं का प्रभावी संचार बेहद जरूरी होता है, जब इसे सचेतन रूप से किया जाए तो इसका महत्त्व और भी बढ़ जाता है।*

### प्रभावी संचार

किसी भी रिश्ते में सम्मान और भावनाओं का प्रभावी संचार बेहद जरूरी होता है, जब इसे सचेतन रूप से किया जाए, तो इसका महत्त्व और भी बढ़ जाता है। सचेतन संचार का अर्थ है कि दूसरों की बात सुनने और खुद की अभिव्यक्ति के दौरान मानसिक रूप से पूरी तरह से उपस्थित रहना। अच्छे कार्यों की सराहना करना और गलत होने पर उपयोगी नसीहत देना जरूरी है। अपनी भावनाओं, जरूरतों और चिंताओं को खुले तौर पर साझा किया जाना चाहिए। इसके लिए बिना किसी पूर्वाग्रह के नियमित संवाद और व्यवहार में ईमानदारी की जरूरत होती है। इससे परस्पर विश्वास और समझ का निर्माण होता है, जो रिश्तों को आत्मिक बनाने में मदद करता है।

# नए अंदाज में मजेदार जायका

**रसोई**

## खोया पनीर

पनीर तो कई तरह से बनाया जाता है, लेकिन खोया पनीर की बात ही कुछ अलग है। खोया और विभिन्न मसालों के संयोजन से इसका स्वाद बहुत ही मजेदार होता है। इसे बनाना आसान है और इसमें ज्यादा वक्त भी नहीं लगता। खासकर बच्चों को यह बहुत पसंद आता है और स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।



### सामग्री

पनीरः 250 ग्राम, देसी घीः दो चम्मच, खोयाः तीन-चार चम्मच, जीराः एक चम्मच, तेज पत्ताः एक, लौंगः तीन, कसूरी मेथीः एक चम्मच, प्याजः एक, टमाटरः दो-तीन, अदरक और लहसुन का पेस्टः दो चम्मच, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडरः एक चम्मच, नमकः स्वादानुसार।

### विधि

पनीर को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर अदरक और लहसुन का पेस्ट तैयार करें। इसके बाद एक कड़ाही में देसी घी गरम करें और उसमें पनीर के टुकड़ों को सुनहरा रंग आने तक भूनें। अब कड़ाही में थोड़ा और घी गरम करके उसमें जीरा, दालचीनी, इलायची, लौंग और कसूरी मेथी डालकर सुगंधित होने तक भूनें। फिर अदरक-लहसुन का पेस्ट उसमें डाल दें। सभी मसालों को चम्मच से अच्छी तरह मिलाने के बाद उसमें कटे हुए टमाटर और थोड़ा सा पानी डालें। इसे धीमी आंच पर तब तक पकाएं, जब तक टमाटर की गाढ़ी तरी न बन जाए। अब इसमें हल्दी, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला और नमक मिलाएं तथा करीब एक मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। फिर इसमें खोया डालें और तब तक पकाएं, जब तक वह किनारों से तेल छोड़ना शुरू न कर दे। फिर थोड़ा सा पानी डालें और भुना हुआ पनीर उसमें डाल दें। इसके बाद इसे ढक्कन लगाकर आठ-दस मिनट तक पकाएं। अंत में इसमें बारीक कटा हुआ हरा धनिया डालें और गरमागरम रोटी, नान या चावल के साथ परोसें।

## आलू राजमा मसाला

अधिकतर लोग आलू और राजमा के संयोजन से बने व्यंजन को पसंद करते हैं। मगर इसे थोड़ा अलग तरीके से बनाया जाए, तो इसका जायका और भी बेहतरीन हो जाता है। यानी आलू को राजमा के साथ सामान्य तरीके से पकाने के बजाय पहले इसे तेल में अच्छी तरह तल लिया जाए, तो इसका स्वाद मन को मोह लेता है।



### सामग्री

राजमाः 200 ग्राम, आलूः चार-पांच, प्याजः एक, अदरकः एक इंच, लहसुनः पांच-छह कलियां, मिर्च पाउडरः एक चम्मच, टमाटरः दो, धनिया पाउडरः डेढ़ चम्मच, जीराः एक चम्मच, तेज पत्ताः एक, गरम मसाला पाउडरः एक चम्मच, नमकः स्वादानुसार।

### विधि

राजमा को या तो चार-पांच घंटे तक भिगोने के लिए डाल दें या फिर कुकर में उबाल लें। इस बीच, आलू को धोकर उसे काट लें और फिर करीब बीस मिनट तक ढक कर रख दें। इसके बाद एक कड़ाही में तेल गरम करें और उसमें आलू के टुकड़े डालकर सुनहरा रंग आने तक भूनें। फिर इन्हें निकालकर एक थाली में रख दें। अब उसी कड़ाही में देसी घी गरम करें और उसमें धनिया बीज, जीरा और मेथी दाना भून लें। फिर इसमें बारीक कटा हुआ लहसुन और अदरक के साथ तेज पत्ता डालें। इसे हल्का भूनने के बाद इसमें कटे हुए टमाटर डाल दें और इन्हें तब तक पकाएं, जब वे पूरी तरह घुल जाएं। फिर इसमें उबले हुए राजमा डाल दें, साथ ही धनिया पाउडर, गरम मसाला, हल्दी और मिर्च पाउडर भी मिला दें। इसे ढक्कन लगाकर आठ-दस मिनट तक पकाएं। इसके बाद इसमें तेल हुए आलू के टुकड़े डाल दें और नमक के साथ जरूरत के मुताबिक पानी डाल दें। अब इसे ढक्कन लगाकर धीमी आंच पर दस-बारह मिनट तक पकाएं। इसे बीच-बीच में चम्मच से चलाते रहें। अंत में इसमें कसूरी मेथी और बारीक कटा हुआ हरा धनिया डालें और गरमागरम रोटी या चावल के साथ परोसें।